वर्ष-31, अंक- 276, पृष्ठ-12 | श्रावण कृष्ण पक्ष 13, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
23 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### कड़िया मुंडा की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती



**खूंटी।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र से आठ बार सांसद रहे और पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें मंगलवार को रांची के भगवान महावीर मणिपाल (पूर्व में मेडिका) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम को कड़िया मुंडा की तबीयत अचानक खराब हो गई। इसके बाद उन्हें नियमित जांच के लिए अस्पताल लाया गया, लेकिन चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। कड़िया मुंडा का इलाज वरिष्ठ चिकित्सक डॉ विजय मिश्रा की देखरेख में चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, दिल्ली एम्स में डॉ माधव की देखरेख में जो उपचार की प्रक्रिया अपनाई गई थी, उसी आधार पर उनका इलाज फिलहाल मणिपाल अस्पताल में किया जा रहा है। डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि फिलहाल उनकी हालत स्थिर है, लेकिन दो दिनों तक अस्पताल में रखकर सभी आवश्यक जांच की जा रही है। चिकित्सकों का कहना है कि कड़िया मुंडा को फिलहाल विशेष देखरेख की जरूरत है।

### न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान पहुंचे रांची

# आज लेंगे झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पद की शपथ

- हिमाचल प्रदेश से झारखंड में हुआ है स्थानांतरण

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान मंगलवार को रांची पहुंचे। उनके साथ उनके पारिवार के सदस्य भी आए हैं। राज्य के वरीय अधिकारियों, हाईकोर्ट के जजों और एडवोकेट एसोसिएशन के अधिकारियों ने जस्टिस चौहान का रांची एयरपोर्ट पर स्वागत किया। जस्टिस तरलोक सिंह चौहान बुधवार को राजभवन में झारखंड के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। इसके लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है। जस्टिस चौहान का ट्रांसफर हिमाचल प्रदेश से झारखंड में किया गया है।

# स्काउट्स एंड गाइड्स रेंजर अदिति कुंडू को मिला राष्ट्रपति पुरस्कार

- पश्चिमी सिंहभूम और झारखंड का नाम किया रोशन

नवीन मेल डेस्क



चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)/नई दिल्ली। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स चक्रधरपुर मंडल के लिए मंगलवार का दिन गौरव और सम्मान का दिन रहा। चक्रधरपुर की समर्पित रेंजर अदिति कुंडू को भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रपति पुरस्कार प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिया।

अदिति कुंडू की इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने न केवल चक्रधरपुर मंडल, बल्कि पश्चिमी सिंहभूम और झारखंड का भी नाम रोशन किया है। वे पूरे स्काउटिंग समुदाय के लिए एक प्रेरणा का स्रोत भी बनी हैं। उनके समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन और कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। चक्रधरपुर मंडल के अधिकारियों, प्रशिक्षकों और साथी रेंजर्स ने अदिति की सफलता पर हर्ष व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उनका यह सम्मान चक्रधरपुर के युवाओं को नई ऊर्जा और दिशा देगा।

# राष्ट्रपति के झारखंड प्रवास के पहले व्यवस्था चाक-चौबंद करें : मुख्य सचिव

### दो दिवसीय दौरे पर 31 जुलाई को राष्ट्रपति पहुंचेंगी झारखंड

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 31 जुलाई से एक अगस्त तक दो दिवसीय दौरे पर देवघर, रांची और धनबाद पहुंच रही हैं। इस दौरान वह देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी जबकि धनबाद में आइआइटी (आइएसएम) के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी।

राष्ट्रपति मुर्मु के आगमन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में यहां के प्रोजेक्ट भवन में समीक्षा की गयी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राष्ट्रपति के दौरे को लेकर हर छोटी-बड़ी व्यवस्था को समय रहते चाक-चौबंद कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि सावन माह में देवघर में श्रद्धालुओं के कांवड़िया पथ को बिना बाधित किये राष्ट्रपति को एयरपोर्ट से एम्स तक ले जाने के लिए अलग मार्ग तय किया गया है।

मुख्य सचिव ने राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक की व्यवस्था तय करते हुए उसकी जवाबदेही संबंधित विभागों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं अन्य व्यवस्था की निगरानी बतौर नोडल पदाधिकारी वाणिज्य कर विभाग के सचिव अमिताभ कौशल और आईजी अखिलेश कुमार झा करेंगे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम की जवाबदेही सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की होगी। देवघर, धनबाद और रांची के उपायुक्तों ने समीक्षा के दौरान राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक के कार्यक्रमों को पूरे प्रोटोकॉल के साथ संपन्न कराने का ब्लू प्रिंट साझा किया।

इसी तरह समीक्षा के दौरान मंच व्यवस्था के प्रारूप, राष्ट्रपति के प्रत्येक कार्यक्रम के लिए नोडल पदाधिकारी को नामित करना, देवघर, धनबाद और रांची में आगवानी और विदाई के दौरान उपस्थित रहनेवाले महानुभावों की सूची, एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट और बुके की व्यवस्था, राष्ट्रीय गान की व्यवस्था, कारकेड की व्यवस्था, आउट राइडर्स की व्यवस्था, फोटोग्राफरों के लिए खुली जीप की व्यवस्था, बैगेज वैन एवं बैगेज कर्मी तथा छाता की व्यवस्था, देवघर एयरपोर्ट से एम्स तक पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था और मंच से संबोधित करनेवाले महानुभावों की सूची पर विस्तृत चर्चा के बाद जवाबदेही तय की गयी। इसके अतिरिक्त समीक्षा के दौरान राष्ट्रपति के आगमन और प्रस्थान के दौरान उनके साथ आये लोगों के आवासन और भोजन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सीय व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था सहित अन्य पर भी फोकस किया गया।

### सोनारी एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

# लैंडिंग के दौरान फिसला विमान 2 पायलट सहित 9 की बची जान

- एक यात्री को आई हल्की चोट, प्राथमिक इलाज के बाद दी गई छुट्टी

नवीन मेल डेस्क




**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)।** जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट पर मंगलवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। भुवनेश्वर से आने वाला इंडिया वन एयर का 19 सीटर विमान लैंडिंग के दौरान अचानक फिसल गया। विमान रनवे से उत्तर दिशा की ओर घास पर जा रुका। इस विमान में दो पायलट सहित कुल 9 यात्री सवार थे। हालांकि, एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से अभी इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भुवनेश्वर से आने वाले इंडिया वन एयर विमान के सोनारी एयरपोर्ट पर मंगलवार की सुबह लैंडिंग के समय आए झटके से यात्रियों में अफरातफरी मच गई और कई यात्री डर के मारे चीखने-रोने लगे। हालांकि, पायलट की सूझबूझ और तत्परता से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। केवल एक यात्री को हल्की चोट आई, जिसे प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट पर फायर ब्रिगेड की टीम सक्रिय हो गई और तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। यात्रियों को धीरे-धीरे विमान से बाहर निकाला गया। हालांकि विमान को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन इस घटना ने एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था और रनवे की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि लगातार बारिश के कारण रनवे गीला था, जिसकी वजह से विमान का संतुलन बिगड़ गया और यह हादसा होते-होते टल गया। घटना के बाद भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की टीम ने एयरपोर्ट पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है, जब सोनारी एयरपोर्ट पर लैंडिंग को लेकर परेशानी सामने आई हो। पूर्व में भी यात्रियों ने रनवे की स्थिति और एयरपोर्ट सुविधाओं को लेकर शिकायतें की हैं। हादसे के बाद कई यात्रियों ने कहा कि अचानक आए झटके से उन्हें अपनी जान जाने का डर सताने लगा था।

## ईडी इजहार और अख्तर हुसैन से आज जेल में करेगी पूछताछ

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बोकारो जिले के तेतुलिया मौजा स्थित 100 एकड़ से ज्यादा वन भूमि का फर्जी दस्तावेज बनाकर खरीद-बिक्री किए जाने के मामले की जांच शुरू कर दी है। ईडी ने इस मामले में ईसीआईआर 6/2025 दर्ज कर लिया है। ईडी इस केस के सीआईडी के हाथों गिरफ्तार किंगपिन इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन से जेल में बुधवार (23 जुलाई 2025) को पूछताछ करेगी। ईडी ने इसके लिए पीएमएलए कोर्ट से अनुमति मांगी थी। सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों से पूछताछ के लिए ईडी को अनुमति प्रदान की है। सीआईडी ने बोकारो के सेक्टर-12 थाने में दर्ज कांड संख्या 32/2024 को टेकओवर कर जांच शुरू की है। ईडी ने भी इसी मूल एफआईआर को टेकओवर किया है। गत 12 जुलाई को सीआईडी ने इस भूमि की खरीद-बिक्री में शामिल इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन को गिरफ्तार किया था।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




# उत्पाद विभाग की छापेमारी में पोल्ट्री फार्म से 598 बोतल शराब जब्त

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** वशिष्ठ नगर थाना पुलिस की छापेमारी में कटैया गांव स्थित एक पोल्ट्री फार्म की आड़ में संचालित अवैध विदेशी शराब निर्माण की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ मंगलवार को किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में बड़ी मात्रा में नकली शराब, स्पिरिट, नकली लेबल और होलोग्राम समेत शराब बनाने एवं पैकिंग के उपकरण बरामद किया गया। इस फैक्ट्री का संचालन मुन्ना साव, छोटू साव और अशोक साव कर रहे थे। ये लोग स्पिरिट में कृत्रिम कैरेमल और एसेंस मिलाकर नकली शराब तैयार कर रहे थे। तैयार शराब को ब्रांडेड बोतलों में भरकर बाजार में सप्लाई की तैयारी थी। छापामारी में देशी शराब की बोतलें : 598 (करीब 291.015 लीटर), तैयार नकली शराब : 20 लीटर, स्पिरिट : 90 लीटर और नकली लेबल, होलोग्राम, शराब निर्माण और पैकिंग के उपकरण बरामद किए गए हैं। छापेमारी के दौरान आरोपी जंगल की ओर भाग निकले। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। अधीक्षक उत्पाद चतरा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ झारखंड उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

### झारखंड में विशेषज्ञ चिकित्सकों की अब तक की सबसे बड़ी बहाली

# अब हर जिला बनेगा इलाज का सशक्त केंद्र : डॉ इरफान अंसारी

- सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की क्रांतिकारी पहल

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र में मंगलवार को एक नए युग की शुरुआत हुई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत 126 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने स्वयं आईपीएच सभागार, नामकुम में आयोजित समारोह के दौरान नियुक्ति पत्र सौंपे। यह अब तक की सबसे बड़ी विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की यह क्रांतिकारी पहल मानी जा रही है। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा, हमारा सपना है कि झारखंड को मेडिकोज सिटी बनाएं। हर व्यक्ति को उसके जिले में बेहतर इलाज मिले, इसी सोच के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। नवनियुक्त डॉक्टरों को न केवल सम्मान, बल्कि जिम्मेदारी भी दी जा रही है। अब हर डॉक्टर अपने अस्पताल का 'स्वास्थ्य मंत्री' है। अब हर जिला इलाज का सशक्त केंद्र बनेगा। डॉ अंसारी ने बताया कि सरकार पहली बार विशेषज्ञ डॉक्टरों को बीड आधारित सैलरी और पसंद की पोस्टिंग दे रही है। इससे डॉक्टरों का मनोबल बढ़ेगा और सेवा की गुणवत्ता में सुधार आएगा। कार्यक्रम में डॉक्टरों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पहली बार ऐसा हुआ कि सरकार डॉक्टरों को सम्मान और सुविधा के साथ जिम्मेदारी भी दे रही है।

## इंडिया

# पुलिस सिर्फ सजा दिलानेवाली नहीं परिवर्तन लाने वाली संस्था है



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

रांची के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अरविंद पांडे ने एक बार ब्रिटिश हुकूमत की धमक वाले पुलिसकर्मियों की नई परिभाषा पुरुषार्थी, लिप्सारहित सहयोगी देकर एक नई शुरुआत की थी जिससे लोग पुलिस को दमनकारी नहीं बल्कि अपना रक्षक समझें । भारतीय पुलिस को लेकर आम जनमानस में जो धारणा है वह थोड़ी बदली तो है पर पूरी तरह नहीं जबकि अराजक और दबंग लोगों से भरा समाज रांची तक में पुलिस पर हमला कर चुका है । वैसे जब कोई संकट आता है घर से लेकर बाहर तक कोई धमकी दे, परेशान करे, दंगा हो, सड़क दुर्घटना, चोरी या प्राकृतिक आपदा हो, तो सबसे पहले जो संस्था हमारी शिकायत पर पहुंचती है, वह पुलिस होती है। तमाम विपरीत परिस्थिति में सामान्यतः 24 घंटे ड्यूटी करने वाले कार्य की सीमाओं और दबावों के बीच पुलिस ने इस देश में आंतरिक व्यवस्था को संभाले रखा है। अनेकों बार उनके रहने तक की व्यवस्था सुविधाजनक नहीं होती फिर भी वह हर परिस्थिति में हमारे आसपास के मुहल्ले या गांव में तैयार खड़ी रहती है और वह भी सप्ताह के सातों दिन साल के 365 दिन। पूर्व की दमनकारी कार्य संस्कृति उन्हें विरासत में मिली थी पर अब प्रशिक्षण और निगरानी से उन्हें एक अनुशासित, परिणामोन्मुख सोच और स्थितियों से जूझने के अभ्यास के अनुरूप बनाया गया है जिसकी झलक सडकों पर ट्रैफिक पुलिस में मिलती है जिनका व्यवहार शिष्ट और शालीन होता है पर समाज का सवाल यह है कि क्या यही पर्याप्त है? क्या पुलिस केवल संकट से निपटने के लिए बनी है? क्या उसे केवल घटना के बाद कार्रवाई करने वाली व्यवस्था बने रहना चाहिए? वैश्विक सन्दर्भ में देखें तो देश बदल रहा है, अपराध के प्रकार बदल रहे हैं और पढ़े लिखे सफ़ेद पोश साइबर अपराधियों की बढती संख्या से नागरिकों की अपेक्षाएं और अधिकार-चेतना भी कहीं अधिक स्पष्ट और मुखर हो गई है। अब सिर्फ विधि व्यवस्था बनाए रखना काफी नहीं है। अब पुलिस को सुरक्षा की भावना जगाकर नागरिकों के भीतर विश्वास जगाना होगा जो तभी होगा जब पुलिस अपनी भूमिका को केवल बल प्रयोग करने वाली संस्था के बजाय समाज के साथ संवाद और सहयोग करने वाली संस्था के रूप में पुनर्परिभाषित करेगी।आज भी अधिकतर



नागरिक विशेषकर महिलाएं पुलिस से बचना पसंद करती हैं। यह दूरी किसी कानून की वजह से नहीं, बल्कि अनुभव और पूर्वाग्रह की वजह से है। अगर लोगों को लगे कि पुलिस उनकी बात सुनती है, मदद करती है और बिना भय के उनसे संवाद किया जा सकता है, तो यह रिश्ता बदलेगा। इसके लिए बाल मित्र थानों की शुरुआत तो हुई पर महिला से लेकर आम आदमी के बीच बदलाव की झलक पेश करनी होगी। थाने सिर्फ एफआईआर लिखने या गिरफ्तारी करने के स्थान नहीं होने चाहिए। उन्हें मोहल्ले का समस्या समाधान केंद्र बनना चाहिए । एक ऐसा स्थान, जहां कोई भी नागरिक बेहिचक जाकर मदद मांग सके इसके लिए जनसंपर्क आवश्यक है । एक और बुनियादी बदलाव अपराध और अपराधियों को समझने के नजरिए में होना चाहिए । हर अपराधी एक जैसा नहीं होता बहुत से लोग परिस्थितियों से मजबूर होकर अपराध की ओर धकेले जाते हैं। कोई गरीबी में, कोई अशिक्षा में, तो कोई गलत संगति में। ऐसे मामलों में सुधार और पुनर्वास की नीति अपनाई जानी चाहिए, न कि जेल की। जो अपराधी सचमुच समाज के लिए खतरा हैं, उनके साथ कठोरता उचित है, लेकिन बाकी के लिए सुधार की संभावना को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।यह भी समझना होगा कि आज का अपराधी पुरानी सोच वाला नहीं बल्कि तकनीक से लैस है, कानून से बचने के तरीके जानता है और डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल करता है। आज साइबर क्राइम, वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के जरिये उकसावों जैसी घटनाएं आम होती जा रही हैं। इनसे निपटने के लिए पुलिस को भी भविष्य की सोच और तकनीकी दक्षता से लैस होना होगा। हर जिले में अपराध विश्लेषण, डाटा आधारित फैसले और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य की जानी चाहिए। अक्सर पुलिस अपने काम की जानकारी जनता तक पहुंचाने में पीछे रह जाती है। जहां अफवाहें तेजी से फैलती हैं, वहां चुप्पी नुकसान करती है। पुलिस को अब अपने पक्ष को स्पष्ट, संवेदनशील और समय पर जनता तक पहुंचाना आना चाहिए। इसके लिए हर जिले में प्रशिक्षित जनसंपर्क अधिकारी होने चाहिए, जो न केवल मीडिया से संवाद करें, बल्कि सोशल मीडिया और जन मंचों पर भी पुलिस की बात रख सकें।सबसे जरूरी यह समझना है कि पुलिस सुधार की मांग इसलिए नहीं हो रही है कि पुलिस सजा नहीं दिला पा रही है, बल्कि बदलते समय के साथ और भी प्रभावी बनाया जा सकता है। सुधार की प्रक्रिया साहसिक सोच और दूरदृष्टि से शुरू होती है। जब कोई संस्था दबाव महसूस करने लगे तो आत्ममंथन कर रणनीति के साथ चलना चाहिए । थानों के कलस्टर में कानूनी शक्ति संपन्न लोगों की बहाली होनी चाहिए जो अनुसंधान को विदेशों की तरह कानूनी मान्यता दिला सकें जिससे कोर्ट में ट्रायल में दुबारा समय बर्बाद नहीं होगा।

# पुलिस ने 50 किलो डोडा के साथ दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** पुलिस ने मंगलवार को साइको थाना क्षेत्र के पीड़ीहातू रोड पर छापेमारी कर लगभग 50 किलोग्राम डोडा के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र के बेल टोली निवासी सुरेंद्र कुमार साहू और चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के बाटम निवासी रवि कुमार साहू शामिल हैं। इनके पास से एक स्विफ्ट कार, दो मोबाइल फोन और 5000 रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामद डोडा का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 75.0000 रुपये है। इस संबंध में पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि साइको थाना क्षेत्र के पीड़ीहातू सायको मार्ग से अवैध डोडा का परिवहन एक स्विफ्ट कर में किया जाने वाला है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूंटी वरुण रजक के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त रोड पर चेकिंग लगाकर अवैध डोडा , स्विफ्ट कार को जब्त किया। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

## हंटरगंज में सरकारी नमक खुले में फेंका गया

चतरा। हंटरगंज प्रखंड कार्यालय के समीप पैक्स गोदाम पास गंदे जगह में लगभग एक ट्रैक्टर सरकारी नमक पैकेट पड़ा मिला। लोगों का कहना है कि नमक गरीबों को ना देकर खराब होने के लिए छोड़ दिया गया है। पैकेट में नमक का उत्पादन तिथि 2014 अंकित है जो एक्सपायर कर चुका था। इसकी सूचना सीओ, बीडीओ, एमओ को दी गई। प्रखंड कर्मी नमक को दूसरे जगह ले गए।

## एक नजर

### दिव्यांग बच्चों के लिए जांच व उपकरण का वितरण

**भंडरिया।** प्रखंड संसाधन केंद्र भंडरिया में समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए जांच एवं उपकरण वितरण का कार्य किया गया। भंडरिया गढ़वा कार्यक्रम का शुभारंभ आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के डॉक्टर अमित कुमार, बीआरपी शमशेर आलम, सीआरपी सत्यनारायण यादव, शिक्षक नीतीश कुमार वर्मा, फरदीनन्द टोप्पो एवं दिव्यांग बच्चों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में प्रखंड के सभी कोटि के विद्यालयों के पोषक क्षेत्र के तीन से अठारह आयु वर्ष के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें दिव्यांग बच्चों हेतु सहायक उपकरण की खरीद में सर्व शिक्षा अभियान स्कीम के तहत एलआईएमसीओ भुनेश्वर की विशेषज्ञ टीम के द्वारा जांच कर 15 बच्चों को उपकरण वितरण किया गया।

### 349 विद्यार्थी के बीच विद्यालय किट का वितरण

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सरकोनी पंचायत के युवा मुखिया सुबोध कुमार वर्मा के द्वारा राजकीय माध्यमिक बुनियादी विद्यालय सेमौरा में गुणवत्तापूर्ण किट का वितरण किया गया। बताते चलें कि मंगलवार को पंचायत मुखिया सुबोध कुमार वर्मा और स्कूल के प्रधानाध्यक पुरूषोतम कुमार द्विवेदी के द्वारा स्कूल में अध्ययनरत वर्ग 1 से 2 के 61 विद्यार्थी एवं 3 से कक्षा 5 तक के 86 विद्यार्थी और कक्षा 6 से 8 तक के 349 विद्यार्थी के बीच विद्यालय किट का वितरण नियमानुकूल किया गया। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को स-समय बच्चों के बीच वितरित करना हमारी जिम्मेदारी है। वहीं पंचायत के युवा मुखिया मुखिया सुबोध कुमार वर्मा ने कहा कि पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी के द्वारा विद्यालय हित में जो भी कार्य किए जाते हैं वे सराहनीय हैं। मौके पर सरकोनी पंचायत मुखिया सुबोध कुमार वर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अरविंद कुमार रवि, एसएमसी सदस्य रिंकू देवी, शिक्षक सदस्य संजय कुमार पांडे, एवं गांव गांव के रोहित कुमार ठाकुर, विद्यालय परिवार के सभी शिक्ष,क राजनंदन प्रसाद गुप्ता, सुनील कुमार, रविकांत दास, अंजय कुमार रवि, अवध बिहारी यादव, प्रतिभा कुमारी, मुनेश्वर राम, आईसीटी इंस्ट्रक्टर प्रफुल्ल कुमार पांडे, इत्यादि लोग उपस्थिति थे।

### जिम्मेदार नागरिक विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित

**खरौंधी।** विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को खरौंधी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आदि में मॉड्यूल 4ः मूल्य एवं जिम्मेदार नागरिक विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, नागरिक कर्तव्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना था। इस दौरान कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को ईमानदारी, करुणा, समानता, सहयोग और देशभक्ति जैसे मूल्यों पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए न केवल अपने अधिकारों को जानना, बल्कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना भी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के संचालन से पहले शिक्षकों ने पिछले सप्ताह आयोजित मॉड्यूल 3ः पारस्परिक संबंधह्व की पुनरावृत्ति कर छात्रों की समझ को और सुदृढ़ किया। सत्र में संवादात्मक गतिविधियों, समूह चर्चा और नैतिक कहानियों के माध्यम से बच्चों को विषय से जोड़ा गया। इस अवसर पर डीआरजी अरविंद कुमार गुप्ता ने माझिगावां विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ प्रेरक संवाद किया और उन्हें एक सच्चे व जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। जिला प्रतिनिधि आकाश कुमार ने सभी आरोग्य दूतों से आग्रह किया कि प्रत्येक मंगलवार को विद्यालयों में नियमित रूप से जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएं तथा उनकी रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल पर समय पर अपलोड की जाए।

## हुसैनाबाद पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# देसी कट्टा व कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो युवक को देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक बिहार के औरंगाबाद जिला के माली थाना क्षेत्र के मिजापुर गांव निवासी सुमेर कुमार और रविकांत कुमार के रूप में हुई है। हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि जपला हैदरनगर मुख्य सड़क के नहर के समीप नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, इसी क्रम में जपला की ओर से तेज रफ्तार से आ रही बाइक जिसका नंबर बीआर 26 एक्स - 5797 पर सवार दो युवक आ रहे थे। पुलिस को देखते ही वह भागने लगे, लेकिन पुलिस के जवानों ने उसे दौड़ाकर धर दबोचा। दोनों की तलाशी के क्रम में सुमेर कुमार के पास से एक देसी कट्टा और रविकांत के पॉकेट से एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताक्ष के क्रम में दोनों ने बताया कि वह अपनी प्रेमिका से मिलने जा रहे थे, वह पिस्टल से मोबाइल पर कट्टा के साथ रील बनाते है, पुलिस ने दोनों युवक के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया है। इस चेकिंग अभियान में हुसैनाबाद थाना के एएसआई कलिका राम, आरक्षी विकास राम,रमेश कुमार नट, सहायक आरक्षी में उदय कुमार, अमरेश कुमार पासवान, रविंद्र सिंह व आरक्षी चालक सुरेन्द्र पाल आदि शामिल थे।



जानकारी देते थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी।

## सीएस ने विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल श्रीवास्तव ने मंगलवार को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में हॉस्पिटल परिसर के साफ सफाई बेहतर मिला। सीएस ने दवा केंद्र का भी जायजा लिया। सभी तरह की दवा सलीके से रखा हुआ मिला। किसी भी दवा का एक्सपायरी होने का प्रमाण नहीं मिला। एक्स-रे रूम में मशीन भी सही से कार्य कर रहा था। इसके अलावा सीएस अनिल श्रीवास्तव ने उपस्थिति पंजी सहित कई अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

## वज्रपात से दो महिलाओं की मौत, तीन जख्मी

नवीन मेल संवाददता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि दो महिला सहित तीन जख्मी हो गए। जख्मी को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। मृतक दोनों महिलाएं अपने-अपने खेत में धान रोपने में लगी थी।



जानकारी के अनुसार पाटन के सहदेवा गांव में आशा देवी (45), पति दिलीप महतो अपने खेत में धान रोप रही थी। इसी क्रम में अचानक बारिश होने लगी और आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से आशा देवी की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही आकाशीय बिजली गिरने से हेमंती देवी एवं सुवचना देवी जख्मी हो गए।

दूसरी घटना बसडीह गांव में हुई। यहां मानती देवी (40), पति दयाल महतो भी खेत में धान रोप रही थी। अचानक मौसम का मिजाज बदला और बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से मानती देवी इसकी चपेट में आ गई। मानती की भी मौत मौके पर हुई। तीसरी घटना चेतमा किशुनपुर गांव में हुई। यहां वज्रपात से महमूद अंसारी जख्मी हो गए। महमूद भी खेत में ही काम कर रहे थे।

## हैदरनगर पश्चिमी के विवादित आंगनबाड़ी केंद्र स्थल का बीडीओ ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर (पश्चिमी) पंचायत में तालाब में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन बनाये जाने के मामले में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने स्थालीय निरीक्षण किया। उन्होंने मुखिया शहनाज परवीन, पंचायत समिति सदस्य गुलशन आरा व फरहाना खातून सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों की शिकायत पर इस पंचायत के चार स्थानों पर बंगलाटोला, उत्तर कोयल नहर से सटे खेत के अलावे हरिजन मुहल्ला और कनौदा गांव में नये आंगनबाड़ी केन्द्र स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वाधिक विवादित बंगला टोला स्थित नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र स्थल पर बच्चों की सुरक्षात्मक और स्वच्छता के दृष्टिकोण से चारदिवारी और गेट बनाने की जरुरत बताया है। जबकि उत्तर कोयल नहर से सटे खेत में पोषक क्षेत्र से बाहर निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्र को अनुपयोगी बताया है। इस केंद्र तक कोई पहुंच पथ ही नहीं तो बच्चों और सेविका आदि का आवागमन कैसे हो पायेगा।




बंगला टोला स्थित नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र स्थल का निरीक्षण करते बीडीओ।

मौके पर उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि सज्जू खान, पंसस प्रतिनिधि अशरफ हसन, राजू खान, वरीय पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय को बताया कि इस पंचायत के सभी आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की वस्तुस्थिति से उच्चाधिकारी को अवगत कराया जायेगा। साथ ही सेविका को बिना प्राकलन दिखाये बंगला टोला के भवन को हैंड ओवर किये जाने के मामले को भी गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने इससे संबधित संवेदक को प्राकलन के साथ दो दिनों के भीतर प्रखंड कार्यालय में तलब किया गया है।

## जनप्रतिनिधियों ने दिया धरना बीडीओ को सौंपा मांग पत्र




नवीन मेल संवाददाता

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य पश्चिमी आशा देवी ने कहा कि सरकार की मंसा है कि हर सरकारी योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, लेकिन राशि के अभाव में यह संभव नहीं हो पा रहा है। जिस प्रकार से पंचायतीराज में पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान ने कहा कि विकास मद की राशि के कमी के चलते क्षेत्र में विकास अधूरा पड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो सड़के एवं गली नाली जर्जर स्थिति में है। उन्होंने कहा केंद्र सरकार पंचायतजन प्रतिनिधियों की लगातार उपेक्षा करती रही तो उसे जनता और जनप्रतिनिधियों के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। धरना के बाद जनप्रतिनिधियों द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशनी केरकेट्टा को सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ने की, जबकि संचालन मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार ने किया।

## ग्राम सभा में वनाधिकार समिति का हुआ पुनर्गठन

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में वनाधिकार समिति को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सीओ पंकज कुमार ने बताया कि डीसी पलामू के ज्ञापांक 1699 के द्वारा वनाधिकार अधिनियम के अंतर्गत वनपट्टा देने हेतु प्रस्तावित अबुआ वीर दिशोम अभियान के तहत वनाधिकार समिति का गठन किया गया था। उक्त आदेश के आलोक में एवं विगत 12 जुलाई को एसडीएमसी के बैठक में दिए गए आदेश के आलोक में वन क्षेत्र वाले राजस्व ग्रामों में महुदंड पंचायत अंतर्गत फटिया महुदंड, चोरपहरा, कुरदाग, लपसेरा, केमो, प्रतापपुर आदि गांवों में ग्राम सभा का आयोजन कर वनाधिकार समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सभी गांव के महिलाएं- पुरुष जिनका 31/12/2005 से पूर्व वन क्षेत्र में निवास के रहे है और जिनकी तीन पीढ़ी से जोत-कोड़ कर रहे हो या शांतिपूर्ण दखल कब्जा में हो, उनका आवेदन स्वीकार करते हुए वन पट्टा दिया जाना है। ग्राम सभा में प्रत्येक ग्राम में वनाधिकार समिति के अंतर्गत सदस्यों के रूप में 10 पुरुष और 5 महिला की संख्या में चयन किया गया और अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव का भी चयन किया गया। इस मौके पर सीओ पंकज कुमार, पंचायत की मुखिया मीणा देवी, शिवशंकर यादव, कर्मचारी के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## हैदरनगर प्रखंड में पेयजल व स्वच्छता विभाग की बैठक आयोजित

# शौचालय योजना में वंचितों को जोड़ने जोर

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की विशेष बैठक प्रखंड सभागार हैदरनगर में मंगलवार को प्रखंड समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि की अध्यक्षता में की गई। जिसमें जल एवं स्वच्छता मिशन की प्रगति की समीक्षा के बाद आगामी कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने सभी जलसहिया को अपने क्षेत्रों में अब तक शौचालय योजना के लाभ से वंचित परिवारों को चिन्हित कर उन्हें ऑनलाइन आवेदन कराने को प्रेरित किया है। बैठक में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि गांवों में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिये कचरा संग्रहण व निस्तारण की स्थानीय व्यवस्था को कारगर बनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही सभी जलसहिया को जल स्रोतों की नियमित जांच कर लोगों को शुद्ध पेयजल की गारंटी देने की दिशा में त्वरित कार्रवाई की जाये। इस बैठक में उपस्थित जलसहियों में उत्साह इस बात को लेकर देखा गया कि उनके विगत नौ माह से लंबित मानदेय के भुगतान कराने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य पर आधारित इन अभियानों की सफलता केवल तभी संभव है।



जलसहिया के साथ बैठक करते प्रखंड वॉश समन्वयक।

## समस्या | शटल सवारी ट्रेन की रोज-रोज की लेटलतीफी से यात्रियों को रही परेशानी

# शिकायत पर डीआरएम ने दिया सुधार का आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** डेहरी ऑन-सोन-बरवाडीह अप-डाउन सामान्य सवारी ट्रेन संख्या-53349/50 के निर्धारित समय से विलंबित परिचालन से त्रस्त यात्रियों ने मंगलवार की डीआरएम को पहले इसकी टेलिफोनिक शिकायत की। एक यात्री प्रिंस सिंह ने कहा कि डीआरएम ने इसे गंभीरतापूर्वक लेते हुए इसकी शिकायत रेल मदद पोर्टल पर दर्ज कराने की बात कही। इस पर उन्होंने रेल मदद पोर्टल पर भी इस शिकायत को दर्ज करा दी है। यात्रियों का कहना है कि कई महीनों से इस सवारी ट्रेन खासकर, अप शटल की लेटलतीफी उनकी त्रासदी बन गई है। जिसका अंत होता नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय स्तर पर तो इसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक लिया ही नहीं जाता है। स्टेशन प्रबंधक इस मामले में किंकर्तव्यविमूढ़ नजर आते हैं। जबकि यह ट्रेन इस रेलखंड के लिए जीवन रेखा के समान है। जो पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर तक कलेक्ट्रियट, न्यायालय, अस्पताल और बड़े बाजार को लेकर आवागमन का उचित माध्यम और दिनभर में उक्त संबंधित काम निपटाकर देर रात होने से पहले घर वापसी का एकमात्र साधन है। लेकिन इन दिनों इसकी लेटलतीफी के कारण गंतव्य तक कब पहुंचा जा सकता, यह सुनिश्चित नहीं हो पाती है। अब रेल मदद पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा दी गई है, तो इस पर क्या और कब तक कार्रवाई सुनिश्चित होती है, देखने वाली बात होगी।



ट्रेन महिलाएं खड़ी होकर सफर करतीं।

### पहले भी मिला था आश्वासन पर स्थिति यथावत

करीब एक माह पहले भी खासकर, अप शटल सवारी गाड़ी के लगातार घंटों लेट चलने को लेकर झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी अंकु सिंह राणा ने धनबाद रेल मंडल के डिविजनल ऑपरेटिंग मैनेजर पंकज कुमार से फोन पर बात की थी। इस पर उन्हें भी इस ट्रेन की स्थिति में सुधार का आश्वासन दिया गया था। इसके अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से भी उन्होंने इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बावजूद अबतक कोई फलाफल नहीं निकला है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भारतीय रेलवे 'स्मार्ट ट्रेनिंग, बेहतर सुविधा' की बात करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इससे भिन्न है। इस संदर्भ में उनका कहना है कि उनकी शिकायत पर डिविजनल ऑपरेटिंग मैनेजर ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए जल्द ही सुधार देखने को मिलने के प्रति आश्वस्त किया था। उन्होंने कहा था कि इस सवारी गाड़ी के परिचालन में समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। समयबद्धता सुनिश्चित नहीं होने के साथ ही बोगियों की संख्या में कमी भी इस ट्रेन में यात्रियों की बड़ी समस्या है। इसे तस्वीर को देखकर समझा जा सकता है। जिसमें महिलाएं भी खड़ी होकर सफर करती नजर आ रही हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### सेवानिवृत शिक्षक के निधन पर श्रद्धांजलि



**मोहम्मदगंज।** पंसा पंचायत के पंचपोखरी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक राम ब्यास सिंह (83) के रांची के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन की खबर मिलने पर राजकीयकृत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय वीरधवर में शोक सभा व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के शैक्षणिक और अनुशासनिक विकास में उनके योगदान को प्रेरणादायक बताया गया। बताया जाता है कि दिवंगत शिक्षक ने लंबे समय तक इस विद्यालय में सेवी दी थी। वे दो पुत्र, दो पुत्री, पत्नी और भरा पूरा परिवार छोड़कर इस दुनिया से विदा हुए हैं। वर्तमान में वे मेदिनीनगर के हमीदगंज पुलिस लाइन रोड में रहते थे। वे जीवनपर्यंत सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेते रहे थे। उनके निधन से गांव-जवार में शोक का माहौल बन गया है।

### जपला-पथरा सड़क पर चलती बाइक में लगी आग



**हुसैनाबाद।** पलामू के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला पथरा मुख्य सड़क के मानखप मोड़ के समीप मंगलवार को दोपहर करीब दो बजे उस समय अफरा तफरी मच गयी, जब चलती बाइक में अचानक आग लग गयी। बाइक सवार युवक ने अपनी सुझबुझ का परिचय देते हुए समय रहते बाइक से छलांग लगा दी। जिससे यह युवक बाल -बाल बच गया। वहीं इस घटना को लेकर लोगों ने बताया कि उक्त बाइक चालक पथरा की तरफ से आ रहा था, इसी क्रम में मानखाप मोड़ के समीप पहुंचते ही उसके बाइक से धुआं निकलने लगा और कुछ ही सेकेंडों में आग की लपट उठने लगी। युवक ने बाइक से छलांग लगा कर अपनी जान बचाने में कामयाब रहा। परंतु बाइक पूरी तरह से जलकर राख हो गया। आस पास के लोगों का कहना है की उक्त बाइक आपाची है, जो थाना क्षेत्र के बेनी गांव का बताया जाता है।

### लूटपाट की योजना बनाते तीन अपराधी गिरफ्तार



**नावाबाजार।** नावाबाजार थाना क्षेत्र के कोरटा चमरदोहरी जंगल स्थित विश्रामपुर रोड में सड़क लुटेरों के बोल्डर रख सड़क जाम कर लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपी को नवाबाजार थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में मनातू थाना क्षेत्र के टंडवा निवासी रविन्द्र सिंह, नवाबाजार थाना क्षेत्र के रजदीरया निवासी उमेश सिंह व राधे सिंह का नाम शामिल है। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात गुप्त सूचना मिली कि नवाबाजार थाना क्षेत्र के कोरटा चमरदोहरी जंगल में विश्रामपुर रोड में अज्ञात अपराधी पक्की सड़क को पत्थर से जाम कर लुटपाट की घटना को अंजाम देने की तैयारी में है। सूचना के आलोक पुलिस दलबल के साथ सिविल गाड़ी से कोरटा चमरदोहरी जंगल पहुंची। वहां देखा कि ईटको से विश्रामपुर जाने वाली पक्की सड़क को बोल्डर से पूरी तरह जाम है। गाड़ी रूकने के बाद तीन आरोपी गाड़ी के पास पहुंचे। जहां पुलिस को देखकर लुटेरे भागने लगे। जिसका पीछा कर घेराबंदी करते हुए पकड़ा गया।

### दावा आपत्ति के बाद महुअरी पैक्स का चुनाव स्थगित



**हुसैनाबाद।** मंगलवार को हुसैनाबाद प्रखंड के शबानो- महुअरी पैक्स चुनाव को लेकर महुअरी पंचायत के ग्राम झरहा पैक्स भवन में पूर्व में किए गए। मतदाता सूची के प्रकाशन किया गया था, जिसका आपत्ति का मंगलवार को अंतिम दिन था। जिसमें पैक्स के सदस्यों ने निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार के समक्ष अपना अपना मंतव्य एवं आपत्ति दर्ज कराई। आपत्ति दर्ज करते हुए सदस्य लवकुश सिंह ने कहा कि मृत सदस्यों की सूची से जो नाम हटाया गया है, उस पर विचार करते हुए मृत्यु परिवारों के सदस्यों को उत्तराधिकारी बनाते हुए सूची में नाम दर्ज किया जाए। मौके पर सत्यनारायण सिंह ने भी आपत्ति दर्ज कराई। उनका कहना है कि पूर्व में बने 89 सदस्य गलत है। उस पर विचार करते हुए मतदाता सूची को फिर से पूर्ण निरीक्षण करते हुए एवं सुधार करते हुए चुनाव को अभी तत्काल स्थगित किया जाए। पैक्स अध्यक्ष विमलेश पासवान ने अपनी प्रस्ताव एवं सुझाव में कहा कि किसान अभी खेत में है, चुनाव का घोषणा करने से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए चुनाव का समय अक्टूबर-नवंबर में निकाला जाए। निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जब तक मतदाता सूची में सुधार नहीं होगा, तब तक के लिए चुनाव को स्थगित कर दिया गया है। मौके पर सदस्य जमुना सिंह, सुदर्शन सिंह, विनय कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, संजय पासवान, कन्हाई पासवान, सकलदीप पासवान, प्रमोद पासवान, सुरेंद्र सिंह, राजेश कुमार सिंह, अमरेंद्र सिंह, दीपक कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह, धीरेंद्र सिंह, संजय सिंह, रामाशीष सिंह समेत कई अन्य किसान उपस्थित थे।

### आयुष पद्धति से 163 वृद्धजनों की निःशुल्क जांच

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को आयुष चिकित्सा पद्धति के तहत 163 वृद्धजनों की चिकित्सकीय जांचकर जरुरी दवाई दी गई। दो दिवसीय जांच शिविर का आयोजन जिला आयुष समिति के तत्वावधान में किया गया है। इसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता कामेश्वर कुशवाहा भी मौजूद थे। उन्होंने शिविर को जटिल बीमारियों और विकारों से ग्रसित वृद्धजनों के स्वास्थ्य रक्षा की दिशा में सकारात्मक कदम बताया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सभी का आयुर्वेद और होम्योपैथिक पद्धति से इलाज किया। उन्होंने बुजुर्गों के जोड़ों और कमर दर्द व घुटनों में सूजन सहित उम्र को लेकर होने वाली अन्य कई शारीरिक कष्ट का इलाज कर उचित परामर्श दिए। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.अशोक प्रजापति, डॉ. राकेश रौशन सिंह, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. शक्ति सिंह और डॉ. अविनाश कुमार मौजूद थे। शिविर में स्थानीय स्वास्थ्यकर्मी अमरकांत और सुरेखा कुमारी, एएनएम सहित स्वास्थ्य सहिया व अन्य लोग मौजूद थे।

## कारगिल विजय दिवस पर आयोजित होगा श्रद्धांजलि समारोह

**मेदिनीनगर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 26 जुलाई को पलामू जिले में श्रद्धांजलि कार्यक्रम और भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, पलामू के जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह की शुरुआत शनिवार को सुबह 10:00 बजे शहीद चौक (कचहरी चौक) में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर एवं माल्यार्पण के साथ की जाएगी। इसके बाद मुख्य कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन में आयोजित होगा, जिसकी औपचारिक शुरुआत पूर्वाह्न 11:00 बजे उपायुक्त महोदया द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिले के प्रशासनिक अधिकारी, पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता तथा आम नागरिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुति और कारगिल युद्ध के वीर सपूतों को याद करते हुए वक्तव्य भी रखे जाएंगे। दामोदर मिश्र ने सभी नागरिकों से अपील की है कि समय का पालन करते हुए कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करें।

# वात्सल्य धाम में दिव्यांगों के लिए लगाया गया मेडिकल कैंप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश और पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय के मार्गदर्शन में सोमवार को वात्सल्य धाम में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर वात्सल्य धाम में रह रहे दिव्यांग बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। कैंप में मौसमी बीमारियों से बचाव, साफ-सफाई और पोषण संबंधी जानकारी दी गई। मेडिकल टीम द्वारा बच्चों का खून जांच, बुखार, त्वचा रोग सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के उपरांत बच्चों के बीच दवाएं, ओआरएस घोल और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सामग्री का वितरण किया गया।



चिकित्सकों ने बच्चों और देखरेख करने वालों को सलाह दी कि वे प्रदूषित पानी का सेवन न करें और निवास स्थान के आसपास स्वच्छता बनाए रखें, ताकि वे मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रह सकें।

इस कार्यक्रम में अधिकार मित्र विनय प्रसाद, मेडिकल टीम के सदस्य और अन्य सहयोगी मौजूद थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के सचिव राकेश रंजन ने जानकारी दी कि झालसा के दिशा-निर्देशों के तहत दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत डालसा द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में कार्यरत पीएलबी (पैरा लीगल वॉलंटियर्स) के माध्यम से दिव्यांगों की पहचान की गई है। जिन दिव्यांगों को अब तक दिव्यांग प्रमाण पत्र या सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका है, उन्हें प्रमाणन एवं लाभ दिलाने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की पहल पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# नगर निगम की लापरवाही से चैनपुर-शाहपुर में जलजमाव

- पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने नालों की सफाई की मांग को लेकर नगर आयुक्त को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने मंगलवार को मेदिनीनगर नगर निगम प्रशासन की कार्यशैली पर नाराज़गी जताते हुए सहायक नगर आयुक्त को पत्र लिखकर चैनपुर, शाहपुर सहित अन्य शहरी क्षेत्रों की नालियों की अविलंब सफाई कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि उनके कार्यकाल (2018–2023) में गर्मी खत्म होते ही हर वर्ष नगर निगम द्वारा बड़े नालों की योजना बद्ध सफाई कराई जाती थी, जिससे बारिश में जलजमाव की समस्या नहीं होती थी।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि इस बार नगर निगम द्वारा किसी तरह की सफाई नहीं कराई गई, जिससे हाल की बारिश में कई मोहल्लों में गंभीर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। नालियों की समय पर सफाई नहीं होने और कुछ जगहों पर नाला छोड़कर अवैध निर्माण होने के कारण गंदा पानी लोगों के घरों में घुस गया। अरुणा शंकर ने विशेष तौर पर चैनपुर, शाहपुर, शांतिपुरी, बाजार क्षेत्र, रेडमा, बायपास रोड तथा पहाड़ी क्षेत्र—जहाँ पूरे शहर का जल निकास होता है—में त्वरित सफाई अभियान चलाने की मांग की है।

उन्होंने आशंका जताई कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आगामी दिनों में संभावित भारी वर्षा के कारण स्थिति और भयावह हो सकती है। उन्होंने मांग की कि नगर निगम सफाई कर्मियों की अलग-अलग टीम गठित कर तत्काल प्रभाव से सफाई कार्य प्रारंभ करे।

## शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर वाहन चेकिंग, 10 बाइकें जब्त

**मेदिनीनगर।** शहर के छह महत्वपूर्ण स्थलों पर मंगलवार को ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट और बिना वैध लाइसेंस के वाहन चलाते पाए गए। जांच के क्रम में 10 दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया है। सभी जब्त वाहन जिला परिवहन कार्यालय, पलामू को चालान एवं फाइन प्रक्रिया के लिए भेजे गए। जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 8 मोटरसाइकिलों पर कुल 10,150 का जुर्माना (चालान राशि) लगाया गया है। ट्रैफिक विभाग द्वारा यह अभियान शहर में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया।

# दो लोगों की हत्या के मामले में चार दोषियों को उम्रकैद की सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के बहुचर्चित दोहरे हत्या मामले में सोमवार को पलामू व्यवहार न्यायालय के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-08 की अदालत ने चार अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। यह मामला एसटी नं-31/2019 एवं विश्रामपुर थाना कांड संख्या 47/2018 से संबंधित है। मामले में दोषी करार दिए गए अभियुक्तों में ललन यादव, गोविन्द यादव, नारद यादव तथा अमृत यादव शामिल हैं। चारों अभियुक्त कुंभी खुर्द, थाना- नावाबाजार, जिला- पलामू के निवासी हैं। अदालत ने सभी अभियुक्तों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 20-20 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसके साथ ही धारा 307 के तहत सभी को 7 वर्ष सश्रम कारावास एवं 5-5 हजार रुपये जुर्माना की सजा भी दी गई है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

**क्या था मामला:** वर्ष 2018 में वादी फुलचंद यादव, ग्राम- बड़की कौड़िया, थाना- विश्रामपुर, जिला- पलामू की ओर से दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर यह मामला दर्ज किया गया था। घटना 9 जुलाई 2018 की है, जब खेत जोतने को लेकर हुए विवाद में अभियुक्तों ने खेत में ही ददई यादव और रघुराई यादव की हत्या कर दी थी। मामले की जांच विश्रामपुर थाना के पु०अ०नि० चन्द्रशेखर कुमार द्वारा की गई थी। अभियोजन पक्ष की ओर से साक्ष्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसके आधार पर अदालत ने यह फैसला सुनाया।

# अदबी संसार का 46वां तरही मनक़बतिया मुशायरा संपन्न

- "एक शाम मौलाना लुक़मान अहमद रूमी के नाम" का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अदबी संसार द्वारा 46वां तरही मनकब्तिया मुशायरा "एक शाम मौलाना लुक़मान अहमद रूमी के नाम" आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम गौसिया मुहल्ला पहाड़ी स्थित हाजी अबरार अहमद खां के आवास पर संपन्न हुआ। मुशायरे की अध्यक्षता मौलाना रूमी ने की, जबकि संचालन हाजी शमीम रजवी और स्वागत अदबी संसार के संस्थापक एम.जे. अजहर ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत तिलावत-ए-कुरआन से हुई।




मौके पर मौलाना रूमी, हाजी खलील अहमद अंसारी और हाजी अबरार अहमद खां को अंगवस्त्र और फूलों से सम्मानित किया गया। मुशायरे में प्रसिद्ध शायरों ने कर्बला की शहादत, इमाम हुसैन की कुर्बानी और इस्लामी हक़ीक़तों को बेहतरीन अंदाज़ में पेश किया। प्रमुख शायरों में मौ. महताब आलम जियाई, हाजी शमीम रजवी, डॉ. मकबूल मंजर, एम.जे. अजहर, हाफिज निगार आलम अता, इमरान शाद सहित अन्य शायर शामिल थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी मौजूद थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन हाजी अबरार अहमद खां ने किया।

## वज्रपात से मवेशी की मौत, व्यक्ति झुलसा

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत केकतुआ गांव में मंगलवार को हुए दो अलग-अलग वज्रपात की घटनाओं ने ग्रामीणों में दहशत फैला दी। पहली घटना दिन के करीब 11:45 बजे की है, जब खुले आसमान में तेज गर्जना के साथ वज्रपात हुआ। इस दौरान घर के बाहर बैठे एक व्यक्ति को बिजली का हल्का झटका लगा और वह आंशिक रूप से झुलस गया। हालांकि, आधे घंटे बाद व्यक्ति की स्थिति सामान्य हो गई। इसके बाद दोपहर लगभग 12:30 बजे दूसरा वज्रपात हुआ, जो न्यू प्राथमिक विद्यालय केकतुआ के समीप एक सागवान के पेड़ पर गिरा। उस समय विद्यालय में रसोईया के रूप में कार्यरत शकुंतला कुंवर अपने घर के पास ही मौजूद थीं। वज्रपात के समय पेड़ के नीचे तीन मवेशी बंधे हुए थे, जिनमें एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य मवेशी रस्सी तोड़कर भाग निकले। घटना के बाद शकुंतला कुंवर का रो-रोकर बुरा हाल है, क्योंकि मृत गाय उनके परिवार की रोजी-रोटी का साधन थी। यह घटना विद्यालय परिसर से कुछ ही दूरी पर घटी, जिसके बाद विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विनीत कुमार दुबे ने विद्यालय में तड़ित चालक (लाइटनिंग अरेस्टर) लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस हादसे पर संज्ञान लेकर पीड़िता को मुआवजा देने की मांग की है।

## ट्रैफिक पुलिस व जरूरतमंदों के बीच लायंस क्लब ने बांटे छाते



**मेदिनीनगर।** मंगलवार को लायंस क्लब ऑफ डाल्टनगंज की ओर से शहर के चौक-चौराहों पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को सम्मानित करते हुए 45 छाते वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य उन पुलिसकर्मियों की हौसला अफजाई करना था, जो धूप, बारिश या सर्दी—हर मौसम में अपनी ड्यूटी निभाते हैं। इसके अलावा, क्लब द्वारा 100 छाते जरूरतमंदों के बीच भी वितरित किए गए। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश कुमार, सचिव प्रभात कुमार अग्रवाल, सहसचिव राकेश पांडेय सहित लायन समीर खन्ना, लायन नवीन गुप्ता, लायन आलोक माथुर, लायन रितेश कुमार, लायन ध्रुव अग्रवाल, लायन डॉ. विनीत सिंह, लायन संजय पाठक और लायन अमित आनंद उपस्थित थे।

# मनरेगा में लापरवाही पर लोकपाल की सख्ती एक करोड़ से अधिक जुर्माना अब तक बकाया

- पलामू के 21 प्रखंडों में 2022 से लंबित जुर्माने की वसूली पर लोकपाल ने जताई चिंता, पाटन प्रखंड में सबसे ज्यादा मामले

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के क्रियान्वयन में लापरवाही को लेकर मनरेगा लोकपाल शंकर कुमार ने सख्ती दिखाई है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक एक करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया जा चुका है, लेकिन 2022 से यह राशि वसूली के लिए लंबित पड़ी है। यह जुर्माना जिले के 21 प्रखंडों में मनरेगा योजनाओं में अनियमितताओं और कार्य में लापरवाही के मामलों में लगाया गया है। लोकपाल के अनुसार, जांच में पाए गए मामलों में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), बीपीओ (ब्लॉक कार्यक्रम पदाधिकारी), कनीय अभियंता, मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों पर जुर्माना तय किया गया है। यह जुर्माना मनरेगा अधिनियम के तहत नियमों के उल्लंघन पर लगाया गया है, जिसकी न्यूनतम राशि 1000 रुपये निर्धारित है। सबसे गंभीर स्थिति पाटन प्रखंड में सामने आई है, जहां लगभग 200 मामलों में जुर्माना लगाया गया है। इन मामलों को देखते हुए 7 जुलाई 2025 को पलामू के उप विकास आयुक्त द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पत्र भेजकर निर्देश दिया गया है कि वर्ष 2022-23 से लंबित जुर्माना वसूली कार्य में तेजी लाएं। इस पत्र में स्पष्ट किया गया है कि जुर्माना वसूली प्रखंड स्तर से ही की जानी है। लोकपाल शंकर कुमार ने बताया कि वसूली योग्य राशि डीसी के पास भेजी जाती है और इसके आधार पर कार्रवाई की जाती है। उनका कहना है कि मनरेगा में गड़बड़ी पकड़ में आने पर कार्यान्वयन समिति पर नियमित कार्रवाई होती रही है, लेकिन जुर्माने की वसूली में प्रशासनिक उदासीनता सामने आ रही है। यह स्थिति जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और सरकारी कर्मियों की जवाबदेही पर सवाल खड़े करती है।

# भारतीय खेल पुरस्कार चयन समिति के उपाध्यक्ष बने डॉ. बोध नारायण यादव

- राजा मेदनीराय तीरंदाज एकेडमी ने दी बधाई, जैकी श्रॉफ के साथ चलानी किला प्रतियोगिता में होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय खेल पुरस्कार चयन समिति में झारखंड के गौरव, मार्शल आर्ट्स के दिग्गज और योगाचार्य डॉ. बोध नारायण यादव को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह चयन 19 जुलाई 2025 (शनिवार) को हुआ। उनके चयन पर पलामू जिले के खेलप्रेमियों और योग समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई है।

डॉ. बोध नारायण यादव "महागुरु" उपाधि से सम्मानित हैं, साथ ही उन्हें "महर्षि पतंजलि योग रत्न" और "प्राकृतिक चिकित्सा शिरोमणि जैसे प्रतिष्ठित सम्मान भी मिल चुके हैं। वह प्रसिद्ध योग गुरु बाबा रामदेव



के भतीजे हैं और फिल्म स्टार जैकी श्रॉफ के कोरियोग्राफर भी हैं।

उन्होंने इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ. सुषिल कुमार (पर्यवेक्षक, खेल और युवा मामले मंत्रालय, भारत सरकार), पी.टी. ऊषा (अध्यक्ष, इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन), सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायधीशों, हाईकोर्ट के न्यायाधीशों, प्रशासनिक अधिकारियों और समिति के अन्य सदस्यों को आभार प्रकट किया।

उन्होंने संकल्प लिया कि आगामी दिनों में भारत के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने और देश को खेलों के क्षेत्र में विश्वगुरु बनाने का कार्य करेंगे।

समिति के अध्यक्ष डॉ. सुषिल कुमार ने चयन पत्र, परिचय पत्र और उपहार प्रदान कर डॉ. यादव को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि डॉ. यादव की खेलों के प्रति प्रतिबद्धता और योग-मार्शल आर्ट्स में उनका योगदान सराहनीय है। अगस्त महीने में बाल दिवस के अवसर पर भारतीय खेल पुरस्कार चयन समिति देशभर के प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर एक नई सौगात देने जा रही है।

अंतरराष्ट्रीय योगाचार्य और अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के उपाध्यक्ष के रूप में भी डॉ. बोध नारायण यादव की सक्रिय भूमिका रही है। उनके इस नई जिम्मेदारी को लेकर झारखंड की ओर से राजा मेदनीराय तीरंदाज एकेडमी के संरक्षक सीहान संतोष कुमार और सतीश कुमार ने उन्हें बधाई दी।

उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में चलानी किला, शाहपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में फिल्म स्टार जैकी श्रॉफ और डॉ. बोध नारायण यादव दोनों मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 11 लाभुकों को बांटी गईं 55 बकरियां

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत जिले के 11 चयनित लाभुकों के बीच मंगलवार को जिला पशुपालन कार्यालय परिसर में बकरियों का वितरण किया गया। प्रत्येक लाभुक को चार बकरियां और एक बकरा प्रदान किया गया। इस प्रकार कुल 55 बकरियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी प्रभाकर सिन्हा ने खुद बकरियां सौंपते हुए लाभुकों को योजना की उपयोगिता और देखभाल के प्रति जागरूक किया। पशुपालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस योजना के तहत प्रति लाभुक 24,800 की लागत निर्धारित है। इसमें अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लाभुकों को 90 प्रतिशत तथा अन्य वर्ग के लाभुकों को 75 प्रतिशत तक अनुदान की सुविधा दी जाती है। कार्यक्रम के दौरान जिला पशुपालन पदाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की आय को बढ़ाना है। उन्होंने सभी लाभुकों से आग्रह किया कि वे अपने पशुधन की उचित देखभाल करें और समय-समय पर टीकाकरण कराते रहें, जिससे उन्हें बेहतर आर्थिक लाभ मिल सके।

**उद्घाटन** — शिवाजी मैदान में डिज़नीलैंड मेले का भव्य आगाज़

# झूले, रोशनी और रंग-बिरंगी सजावट से सजा मैदान; बच्चों से लेकर बड़ों तक में उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के शिवाजी मैदान में सोमवार को डिज़नीलैंड मेले का रंगारंग उद्घाटन किया गया। उद्घाटन जेएमएम के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, समाजसेवी दुर्गा जौहरी, व्यापारी नेता नवीन गुप्ता 'लालबाबू', ट्विंकल गुप्ता एवं सन्नु सिद्दीकी समेत अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

डिज़नीलैंड थीम पर आधारित इस मेले में बच्चों के लिए आकर्षक झूले, ट्रम्पोलिन, ट्रेन राइड, ड्रैगन झूला, ब्रेक डांस, बोटिंग समेत कई



### मेला समिति की सक्रिय भूमिका

मेला समिति के पवन गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल, कल्लू कुमार और सूरज अग्रवाल समेत अन्य कार्यकर्ताओं की मेहनत और प्रबंधन की भी प्रशंसा की गई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा, साफ-सफाई और भीड़ नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक इंतज़ाम किए गए हैं।

मनोरंजन साधनों की व्यवस्था की गई है। वहीं, फूड स्टॉल्स पर चाट, आइसक्रीम, फ्रेंकी, पॉपकॉर्न, मोमोज, और स्थानीय व्यंजनों की खुशबू से पूरा माहौल जीवंत हो उठा।

मेला आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन शहरवासियों को मनोरंजन और मेल-मिलाप का अवसर देने के उद्देश्य से किया गया है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए विभिन्न गतिविधियों और शॉपिंग स्टॉल्स की व्यवस्था की गई है।

उद्घाटन समारोह के दौरान जेएमएम जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि ऐसे मेले सिर्फ मनोरंजन नहीं होते, बल्कि सामाजिक एकता, स्थानीय कारोबार को बढ़ावा और सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने का माध्यम भी होते हैं।

उन्होंने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेदिनीनगर जैसे शांत शहर में इस तरह के मेले युवाओं और बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बनते हैं।

# राजनीति में धर्म की भूमिका पर ऑक्सफोर्ड स्कूल में गरमा-गरम बहस, छात्रों ने रखे पक्ष-विपक्ष के सशक्त तर्क

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, मेदिनीनगर में कक्षा एकादश (कला संकाय) के विद्यार्थियों द्वारा एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था – "राजनीति में धार्मिक मान्यताओं को शामिल करना लोकतंत्र के लिए खतरा है।" कार्यक्रम विद्यालय सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने विषय के पक्ष और विपक्ष में सशक्त तर्क प्रस्तुत किए।

पक्ष में दिए गए तर्कों में छात्रों ने कहा कि धर्म और राजनीति का मिश्रण लोकतंत्र की नींव को कमजोर करता है। धर्म को वरीयता देने से समाज रुढ़िवादी परंपराओं की ओर लौट सकता है। धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र अधिक विकसित होते हैं और मानवाधिकारों की बेहतर सुरक्षा करते हैं। लोकतंत्र का आधार विवेक, न्याय और सार्वभौमिकता है, न कि धार्मिक



मान्यताएं। विपक्ष में छात्रों ने तर्क दिया कि धार्मिक आस्था जीवन का अभिन्न हिस्सा है। लोगों के दैनिक व्यवहार और सोच में धर्म की भूमिका महत्वपूर्ण है। धार्मिकता लोकतंत्र को नैतिक आधार देती है और इससे लोगों में कर्तव्यबोध और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित होती है। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में शिक्षक गौरव कुमार और सचिन संथालिया उपस्थित थे। परिणाम में अभिलाषा कुमारी को प्रथम स्थान, क्रीति कुमारी को द्वितीय और अंशिका कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि, "वाद-विवाद प्रतियोगिता से छात्रों की तर्कशक्ति और आत्मचिंतन की क्षमता विकसित होती है। धर्म और राजनीति का संबंध संतुलित हो, तभी लोकतंत्र मजबूत हो सकता है।" उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन द्वादश की छात्रा प्रतीक्षा प्रभात ने किया जबकि संपूर्ण कार्यक्रम का निर्देशन शिक्षिका तनुश्री के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकवृंद और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता का समापन किया गया।

# दो साल की आदिम जनजाति बच्ची के साथ दुष्कर्म, रिम्स रेफर

## पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददता

**गढ़वा।** गढ़वा क्षेत्र में दो साल की आदिम जनजाति बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला मंगलवार को सामने आया है। बच्ची की हालत जब खराब हो गई तो उसे बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच मेदिनी नगर में मंगलवार सुबह भर्ती कराया गया। बच्ची का इलाज किया जा रहा है। परिजन एवं अन्य मौके पर मौजूद हैं।




परिजनों के अनुसार गांव का ही युवक बच्ची को घूमाने के बहाने साथ ले गया था। वापस जब घर लेकर पहुंचा तो बच्ची के गुप्तांग से खून निकल रहा था। परिजनों को शुरूआत में दुष्कर्म की जानकारी नहीं हुई, लेकिन बाद में स्थानीय डॉक्टर के पास दिखाने पर मामला स्पष्ट हुआ। तत्काल बच्ची को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद जब स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच रेफर कर दिया गया। बच्ची के पिता ने घटना की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गांव के ही युवक ने उसकी बेटी के साथ घिनौना कार्य किया। घुमाने के बाद घर लाकर पहुंचाया और कहा कि बच्ची के गुप्तांग से अचानक खून निकलने लगा था। शुरूआत में लगा कि लकड़ी के नुकीला भाग लगने से जख्म बन गया होगा, लेकिन बाद में लोकल डॉक्टर को दिखाने पर दुष्कर्म की जानकारी हुई। पिता ने आरोपित युवक पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

डॉक्टर नीलम होरो और डॉ प्रियंका ने बच्ची का इलाज किया। सुबह 10 बजे बताया कि की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रांची रिम्स रेफर करने का निर्णय लिया गया है। डॉक्टर का कहना है कि बच्ची घटना से काफी डर गई है और उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं लग रहा है।

# डीसी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्या, समाधान का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**गढवा।** उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। उन्होंने आज के जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडो से आये लोगों की समस्याओं से अवगत हुए तथा उसके निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारीयों को निर्देशित किया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, मंईयां सम्मान योजना, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त द्वारा समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दरबार के दौरान सर्वप्रथम कांडी प्रखंड के ग्राम उगर निवासी पूजा देवी ने वर्ष 2017 से अब तक राशन नहीं मिलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत वे ग्रीन कार्ड के लाभुक हैं। उन्होंने कहा कि संभवतः ग्रीन कार्ड होने की वजह से उन्हें राशन अभी तक नहीं मिल पा रहा है। रमना प्रखंड के मझिगांवां निवासी प्रमोद पाल, सतीश पासवान एवं संयुक्ता कुमारी ने सामूहिक रूप से आवेदन समर्पित करते हुए मनरेगा के तहत कृत कार्य के विरुद्ध राशि का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत की। इसी तरह जनता दरबार में 60 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए जिनके समाधान हेतु उपायुक्त श्री यादव द्वारा संबंधित पदाधिकारीयों व विभागों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

# न्यूज बॉक्स

## 349 छात्रों के बीच विद्यालय किट का वितरण

**कांडी।** प्रखंड छेत्र अंतर्गत सरकोनी पंचायत के युवा मुखिया सुबोध कुमार वर्मा के द्वारा राजकीय माध्यमिक बुनियादी विद्यालय सेमौरा में गुणवत्तापूर्ण किट का वितरण किया गया। बताते चले की मंगलवार को पंचायत मुखिया सुबोध कुमार वर्मा और स्कूल के प्रधानाध्यक पुरूषोतम कुमार द्विवेदी के द्वारा स्कूल में अध्ययनरत
वर्ग 1 से 2 के 61 विद्यार्थी एवं 3 से कक्षा 5 तक के 86 विद्यार्थी तथा कक्षा 6 से 8 तक के 349 विद्यार्थी के बीच विद्यालय किट का वितरण नियमानुकूल किया गया इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी ने बताया की सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को स समय बच्चों के बीच वितरित करना हमारा महत्वपूर्ण कार्य है वही पंचायत के युवा मुखिया मुखिया सुबोध कुमार वर्मा ने कहा की पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी के द्वारा विद्यालय हित में जो भी कार्य किए जाते हैं वे सराहनीय हैं। मौके पर सरकोनी पंचायत मुखिया सुबोध कुमार वर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अरविंद कुमार रवि, एसएमसी सदस्य रिंकू देवी, शिक्षक सदस्य संजय कुमार पांडे, एवं गांव गांव के रोहित कुमार ठाकुर, विद्यालय परिवार के सभी शिक्ष,क राजनंदन प्रसाद गुप्ता, सुनील कुमार, रविकांत दास, अंजय कुमार रवि, अवध बिहारी यादव, प्रतिभा कुमारी, मुनेश्वर राम, आईसीटी इंस्ट्रक्टर प्रफुल्ल कुमार पांडे इत्यादि लोग उपस्थिति थे।

## दो बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के ताली गांव के समीप दो बाईकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें दो घायलों को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर किया गया। जहां एक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। एक घायल हुरका गांव निवासी हरिनंदन राम, पिता गुलाबी राम को मुकुन्दपुर मुखिया मूंगा साह के द्वारा अपने निजी वाहन से भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां डॉ दिनेश सिंह और डॉ सूर्यकांत के द्वारा प्राथमिकी उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए 108 एंबुलेंस के अभाव में विधायक मद से दिए एंबुलेंस से रेफर किया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि हरिनंदन राम केतार बाजार से अपने बाइक से घर वापस हुरका वापस जा रहा था कि ताली गांव के समीप विपरीत दिशा से एक बाईक पर सवार दो लोग तेज गति से आकर बाईक में टक्कर मार दिया ।दूसरे बाईक पर सवार भी दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है जिसमें केतार के पाल नगर निवासी नंदू पासवान और कुंदन पासवान के नाम शामिल है।

## थाना परिसर में दिया गया फर्स्ट ऐड का प्रशिक्षण

**भंडरिया।** थाना में सीएचसी भंडरिया के डॉक्टर के द्वारा थाना में उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारी एवं चौकीदारों को थाना परिसर में ही फर्स्ट ऐड का प्रशिक्षण दिया गया। उल्लेखनीय है कि पुलिस अक्सर आपातकालीन स्थितियों में घटनास्थल पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति होते हैं। पुलिस अधीक्षक महोदय, गढ़वा के द्वारा जिले के सभी थाना के पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों एवं चौकीदारों को फर्स्ट ऐड का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से लेने का निर्देश दिया गया है, ताकि फर्स्ट ऐड ट्रेनिंग पाकर गढ़वा पुलिस प्रभावी ढंग से आपातकाल के दौरान प्रतिक्रिया करने, लोगों का जीवन बचाने और मृत्यु के जोखिम को कम करने के लिए आवश्यक कौशल का प्रदर्शन कर लोगों के लिए हर समय, हर जगह मददगार साबित हो सके।

## नेट की परीक्षा में उर्तीण हुई अंजली

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के चिनियां प्रखंड़ के रणपुरा गांव निवासी अशोक सिंह की पुत्री अंजली सिंह ने नेट की परीक्षा में उर्तिण हुई है। अंजली की इस सफलता मिलने पर परिवार में खुशी का महौल है। अंजली ने बताया की इसका श्रेय मेरे माता पिता का है। अंजली शुरू से मेघावी छात्रा रही है। अंजली मैट्रिक की परीक्षा में 89.2 अंक लाकर उर्तिण हुई थी। उसके बाद 12वीं में 93 अंक लाकर पास हुई थी। अंजली बीकॉम संतजेबीयर रांची से की है। बीकॉम में अंजली को 8.7 सीजीपीए अंक से पास हुई थी। एमकॉम क्रिस्चि यूनिवर्सिटी बैगुलोर से की है। अंजली ने बताया में मुझे प्रोफेसर बनने का सपना है। विद्यालयों में मूल्य एवं जिम्मेदार नागरिक विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित

## जिम्मेदार नागरिक विषय पर जागरूकता सत्र

**खरौंधी (गढ़वा)।** विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को खरौंधी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों-उत्क्रमित मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आदि में मॉड्यूल 4: मूल्य एवं जिम्मेदार नागरिक विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, नागरिक कर्तव्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना था। इस दौरान कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को ईमानदारी, करुणा, समानता, सहयोग और देशभक्ति जैसे मूल्यों पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए न केवल अपने अधिकारों को जानना, बल्कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना भी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के संचालन से पहले शिक्षकों ने पिछले सप्ताह आयोजित मॉड्यूल 3: पारस्परिक संबंधह्व की पुनरावृत्ति कर छात्रों की समझ को और सुदृढ़ किया। सत्र में संवादात्मक गतिविधियों, समूह चर्चा और नैतिक कहानियों के माध्यम से बच्चों को विषय से जोड़ा गया।इस अवसर पर डीआरजी अरविंद कुमार गुप्ता ने माझिगावां विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ प्रेरक संवाद किया और उन्हें एक सच्चे व जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। जिला प्रतिनिधि आकाश कुमार ने सभी आरोग्य दूतों से आग्रह किया कि प्रत्येक मंगलवार को विद्यालयों में नियमित रूप से जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएं तथा उनकी रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल पर समय पर अपलोड की जाए।

## जायंट्स ग्रुप ने गढ़वा में किया गया पौधरोपण

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के द्वारा अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय जी के फरठिया स्थित फार्म हाउस में पर्यावरण की शुद्धता के लिये वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर पचास फलदार, इमारती तथा औषधीय पौधे लगाए गये। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियो ने कहा कि ग्लोबल वार्मिग के चलते कहीं बाढ़ तो कही अल्प बृष्टि के कारण सूखा का सामना करना पड़ रहा है। गढ़वा रेनसेडो जोन में आता है, यहाँ बड़े पैमाने पर वृक्षारोपन की जरूरत है। अतः वृक्ष लगाना हर मनुष्य का कर्तव्य है। वृक्ष से धरती हरी भरी होने से पर्यावरण शुद्ध और संतुलित रहता है। साथ ही, मनुष्य का स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। वक्ताओं ने आम लोगो से अपील किया कि सभी व्यक्ति एक पेड़ अपनी मां के नाम अवश्य लगायें जिससे धरती को प्रदूषण से बचाय जा सके।

## भीलमा-पंडी नदी किनारे से मिला शव

**कांडी।** कांडी थाना क्षेत्र के ग्राम भीलमा पंडी नदी के पश्चिम किनारा स्थित एक तालाब नुमा गढ़े की पानी में मंगलवार की सुबह राहगीरों ने एक अज्ञात शव को तैरते हुए देखा। जिसकी सूचना आसपास के इलाकों में आग की तरफ फैल गई सैकड़ों लोग शव को देखने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्रामीणों द्वारा अज्ञात शव के बारे में कांडी पुलिस को सूचित किया गया। सूचना पाकर कांडी थाना के ए एस आई मनोज राम दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उसके बाद शव को पानी से बाहर निकलवाया गया। उक्त शव की पहचान भीलमा गाँव के पखनाहा टोला निवासी विश्वनाथ पाल के लगभग 35 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार पाल के रूप में की गई। मृतक के परिजनों के अनुसार रोहित पाल मंगलवार की सुबह 5:00 बजे अपने घर से शौच के लिए नदी की ओर निकाला था, परंतु आश्चर्य की बात तो तब हुई जब उसका मृत्यु लगभग घुटने भर पानी में गिरने से हो गई। वहीं लोगों में चर्चा का भी विषय बना हुआ है कि हत्या तो नहीं हुई है। आखिर इतने कम पानी में इसकी मौत कैसे हुई। मृतक तीन दिन पूर्व दुसरे प्रदेश से मजदूरी कर अपने घर वापस आया था।

# 287 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

## राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का दिखा असर, अधिकारी हुए रेस

नवीन मेल संवाददता



केतार। राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में 18 जुलाई के अंक में प्रकाशित खबर प्रखंड कार्यालय में जंग खा रही है साइकिलें,छात्र परेशान के आलोक में मंगलवार को कल्याण विभाग के द्वारा प्रखंड के 287 छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कराया गया। साईकिल वितरण विधायक अनंत प्रताप देव एवं झामुमो नेता ताहिर अंसारी, प्रमुख चंद्रावती देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस कार्यक्रम में उन्नति के पहिया योजना के तहत विभिन्न विद्यालयों के 287 छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। इस मौके पर सम्बोधित करते हुए विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार कि शिकायतें मिल रही है, प्रखंड व अंचल कर्मी आमजनों से काम के एवज में पैसे की उगाही कर रहे हैं। विधायक ने चेतावनी देते हुए कहा की प्रखंड एवं अंचल कर्मी अपने आचरण में सुधार लायें, विकास में बाधक नहीं बनें। सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सरकार की मदद करें। उन्होंने तख्त तेवर में कहा कि प्रखंड कार्यालय में जो भी बिचौलिया व दलाल मिले झामुमो कार्यकर्ता उसका हाथ पैर तोड़ दें। विधायक ने बीडीओ प्रशांत कुमार को पंचायतवार कैंप लगाकर भूमि सम्बंधित कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार गरीबों के हित के लिए कई कार्यक्रम चला रही है, जिसका लाभ आमजनों को मिलना चाहिए। ज्ञात हो कि प्रखंड कार्यालय केतार में पिछले दो महिने से छात्राओं को मिलने वाला साईकिल वितरक के द्वारा रखा गया था। राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में छपने के बाद आनन-फानन में वितरक के द्वारा साइकिल वितरण किया गया। दस लाभुकों को पेंशन स्वीकृति पत्र सौंपा गया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, उप प्रमुख शम्भू सिंह, लालेश्वर राम, इम्तियाज अंसारी , संजय वर्मा, दीपक वर्मा,मदन पटेल, दिन दयाल गुप्ता, सुरेश प्रसाद , उदय प्रसाद, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार
राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन निदेशालय) या , समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **मौजा-अम्बेरा, थाना-भण्डरा, थाना न0-204, अंचल-भण्डरा जिला-लोहरदगा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना "लोहरदगा जिला अन्तर्गत लोहरदगा नदिया मोड़ से ईरगाँव भाया अरकोसा-रामपुर पथ (लं0-10.59 कि0मी0) एवं ईरगाँव से भण्डरा पथ (लं0-8.66 कि0मी0) कुल लं0 19.25 कि0मी0 चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य" हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी प्रशासन के रूप में नियुक्ति किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **मौजा-अम्बेरा थाना-भण्डरा, थाना न0-204, अंचल-भण्डरा जिला-लोहरदगा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.826** एकड़ यानि .................... हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है...........

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 82 | 293 | रैयती | टाड़ दो | 0.015 | विसु उरांव पिता डिवा उरांव वो कवि उरांव पिता डिवा उरांव वगैरह | रास्ता | 294 | रास्ता | अंश 293 |
| 2 | 121 | 321 | रैयती | दोन दो | 0.029 | राजेन्द्र साहु पिता बुका साहु वो महेन्द्र साहु पिता बुका साहु वगैरह | 296 | 322 | रास्ता | अंश 321 |
| 3 | 29 | 322 | रैयती | दोन दो | 0.009 | मोसमात कैरी पति माणू उरांव, वो लोटोयां पति मोला उरांव | 321 | 324 | रास्ता | अंश 321 |
| 4 | 117 | 351 | रैयती | दोन दो | 0.025 | शेख युसुफ पिता शेख सुमान | अंश 351 | रास्ता | रास्ता | अंश 351 |
| 5 | 46 | 360 | रैयती | टाड़ दो | 0.012 | डहरू उरांव पिता एतवा उरांव वो चोरंगु उरांव पिता विसु उरांव | 358 | रास्ता | रास्ता | अंश 360 |
| 6 | 34 | 753 | रैयती | टाड़ दो | 0.081 | गोपाल उरांव पिता विजु उरांव | रास्ता | 754 | रास्ता | अंश 753 |
| 7 | 197 | 754 | रैयती | दोन दो | 0.298 | वकास्त भुइहरी पहनई | 753 | 1056 | हाटी | अंश 754 |
| 8 | 191 | 1056 | रैयती | दोन दो | 0.058 | रामदयाल भगत पिता फकीर महतो वो चनर भगत पिता भैरो भगत वगैरह | 754 | 1061 | हाटी | अंश 1056 |
| 9 | 45 | 1061 | रैयती | दोन दो | 0.027 | जीतराम उरांव पिता लोचवा उरांव | 1056 | 1062 | हाटी | अंश 1061 |
| 10 | 126 | 1062 | रैयती | दोन दो | 0.014 | रमजान पिता रहीम वो पिर वक्स पिता रहीम वगैरह | 1061 | 1070 | हाटी | अंश 1062 |
| 11 | 143 | 1070 | रैयती | दोन दो | 0.008 | शेख समतली पिता विलख | 1062 | 1071 | हाटी | अंश 1070 |
| 12 | 34 | 1071 | रैयती | दोन दो | 0.027 | गोपाल उरांव पिता विजु उरांव | 1070 | 1124 | हाटी | 1070 |
| 13 | 121 | 1124 | रैयती | टाड़ दो | 0.022 | राजेन्द्र साहु पिता बुका साहु वो महेन्द्र साहु पिता बुका साहु वगैरह | 1071 | 1125 | रास्ता | अंश 1124 |
| 14 | 12 | 1125 | रैयती | टाड़ दो | 0.014 | शेख अली वकस पिता विरवल | 1124 | 1126 | रास्ता | अंश 1124 |
| 15 | 12 | 1126 | रैयती | टाड़ दो | 0.015 | शेख अली वकस पिता विरवल | 1125 | 1127 | रास्ता | अंश 1126 |
| 16 | 126 | 1127 | रैयती | टाड़ दो | 0.008 | रमजान पिता रहीम वो पिर वक्स पिता रहीम वगैरह | 1126 | 1130 | रास्ता | अंश 1127 |
| 17 | 45 | 1130 | रैयती | टाड़ दो | 0.016 | जीतराम उरांव पिता लोचवा उरांव | 1127 | 1131 | रास्ता | अंश 1130 |
| 18 | 34 | 1131 | रैयती | टाड़ दो | 0.006 | गोपाल उरांव पिता विजु उरांव | 1130 | 1139 | रास्ता | अंश 1131 |
| 19 | 34 | 1139 | रैयती | टाड़ दो | 0.011 | गोपाल उरांव पिता विजु उरांव | 1131 | 1140 | रास्ता | 1138 |
| 20 | 132 | 1140 | रैयती | टाड़ दो | 0.020 | राम सेवक महतो पिता गणेश महतो वो धिराज महतो पिता पनु अहीर वगैरह | 1139 | 1141 | रास्ता | अंश 1140 |
| 21 | 45 | 1141 | रैयती | टाड़ दो | 0.018 | जीतराम उरांव पिता लोचवा उरांव | 1140 | 1142 | रास्ता | अंश 1141 |
| 22 | 32 | 1142 | रैयती | टाड़ दो | 0.044 | गजराज महतो पिता लुरका महतो | 1141 | 1148 | रास्ता | अंश 1141 |
| 23 | 34 | 1148 | रैयती | टाड़ दो | 0.024 | गोपाल उरांव पिता विजु उरांव | 1142 | 1167 | रास्ता | अंश 1148 |
| 24 | 132 | 1169 | रैयती | मकान किता | 0.017 | राम सेवक महतो पिता गणेश महतो वो धिराज महतो पिता पनु अहीर वगैरह | 1168 | 1170 | हाटी | अंश 1169 |
| 25 | 32 | 1170 | रैयती | टाड़ दो | 0.008 | गजराज महतो पिता लुरका महतो | 1169 | 1171 | हाटी | अंश 1170 |
| कुल रकबा :- | | | | | 0.826 | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यवधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 357890 Lohardaga(25-26)#D

उपायुक्त, लोहरदगा

झारखण्ड सरकार राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन निदेशालय) या
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा-हाटी, थाना-भण्डरा, थाना न0-234, अंचल-भण्डरा जिला-लोहरदगा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना "लोहरदगा जिला अन्तर्गत लोहरदगा नदिया मोड़ से ईरगाँव भाया अरकोसा-रामपुर पथ (लं0-10.59 कि0मी0) एवं ईरगाँव से भण्डरा पथ (लं0-8.66 कि0मी0) कुल लं0 19.25 कि0मी0 चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण T" हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी प्रशासन के रूप में नियुक्ति किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा-हाटी, 0.689179 ..... ............... हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है.........................

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 48 | 2 | रैयती | दोन दो | 0.149 | वीवी बालकी पति शेख अकबर | रास्ता | 173 | अंश 2 | अम्बेरा |
| 2 | 65 | 173 | रैयती | दोन 1 | 0.113 | अब्दुल मजिद पिता शेख अलिबक्स | 2 | 174 | अंश 173 | अम्बेरा |
| 3 | 48 | 174 | रैयती | दोन | 0.048 | वीवी बालकी पति शेख अकबर | 173 | 175 | अंश 174 | अम्बेरा |
| 4 | 65 | 175 | रैयती | दोन 1 | 0.119 | अब्दुल मजिद पिता शेख अलिबक्स | 174 | 177 | 174 | अम्बेरा |
| 5 | 52 | 177 | रैयती | दोन दो | 0.120 | लाल बिरेन्दर नाथ सहदेव पिता लाल युवराजनाथ सहदेव | 175 | 178 | अंश 177 | अम्बेरा |
| 6 | 83 | 178 | रैयती | टाड़ दो | 0.037 | रामबृक्ष सिंह पिता धनी सिंह | 177 | 184 | अंश 178 | रास्ता |
| 7 | 82 | 184 | रैयती | टाड़ एक | 0.015 | खैरून पिता शेख रहिम व बिबि अमिरन पति शेख रहिम वगैरह | 178 | 185 | अंश 184 | रास्ता |
| 8 | 82 | 185 | रैयती | टाड़ दो | 0.023 | खैरून पिता शेख रहिम व बिबि अमिरन पति शेख रहिम वगैरह | 184 | 186 | अंश 185 | रास्ता |
| 9 | 82 | 186 | रैयती | दोन 1 | 0.018 | खैरून पिता शेख रहिम व बिबि अमिरन पति शेख रहिम वगैरह | 185 | 187 | अंश 186 | रास्ता |
| 10 | 82 | 187 | रैयती | टाड़ दो | 0.019 | खैरून पिता शेख रहिम व बिबि अमिरन पति शेख रहिम वगैरह | 186 | 188 | अंश 187 | रास्ता |
| 11 | 82 | 188 | रैयती | टाड़ दो | 0.016 | खैरून पिता शेख रहिम व बिबि अमिरन पति शेख रहिम वगैरह | 187 | 235 | अंश 188 | रास्ता |
| 12 | 48 | 235 | रैयती | टाड़ दो | 0.055 | वीवी बालकी पति शेख अकबर | 188 | 236 | अंश 235 | रास्ता |
| 13 | 82 | 236 | रैयती | टाड़ दो | 0.054 | खैरून पिता शेख रहिम व बिबि अमिरन पति शेख रहिम वगैरह | 235 | रास्ता | अंश 236 | रास्ता |
| 14 | 34 | 238 | रैयती | सहन | 0.038 | लाल नागेन्दरनाथ सहदेव पिता लाल युवराज नाथ सहदेव वगैरह | रास्ता | 239 | अंश 238 | रास्ता |
| 15 | 34 | 239 | रैयती | मकान किता | 0.015 | लाल नागेन्दरनाथ सहदेव पिता लाल युवराज नाथ सहदेव वगैरह | 238 | 240 | अंश 239 | रास्ता |
| 16 | 83 | 241 | रैयती | मकान मय सहन मिट्टी खपरैल | 0.035 | रामबृक्ष सिंह पिता धनी सिंह | रास्ता | 242 | 240 | रास्ता |
| 17 | 33 | 242 | रैयती | टाड़ एक | 0.004 | लाल नागेन्दरनाथ सहदेव पिता लाल युवराज नाथ सहदेव वगैरह | 241 | रास्ता | अंश 242 | रास्ता |
| 18 | 45 | 264 | रैयती | मकान मय सहन मिट्टी खपरैल | 0.034 | अनुप वो जानकि पिता अगहन कुम्हार व गुलुवा वो भुलु कुम्हार पिता नारायण कुम्हार वगैरह | 265 | रास्ता | अंश 264 | रास्ता |
| 19 | 1 | 267 | रैयती | मकान मय सहन मिट्टी खपरैल | 0.007 | अनुप कुम्हार पिता अगहनु कुम्हार वो जानकी कुम्हार पिता अगहनु कुम्हार | 264 | 268 | अंश 267 | रास्ता |
| 20 | 1 | 268 | रैयती | टाड़ दो | 0.027 | अनुप कुम्हार पिता अगहनु कुम्हार वो जानकी कुम्हार पिता अगहनु कुम्हार | 267 | 272 | अंश 268 | रास्ता |
| 21 | 36 | 272 | रैयती | टाड़ एक | 0.041 | शेख फजल अलि पिता शेख साहुवुदिन | 268 | 273 | अंश 272 | रास्ता |
| 22 | 17 | 273 | रैयती | दोन 1 | 0.036 | अलाउदीन पिता शेख जमरलि व शेख जमादार पिता शेख हरी वगैरह | 272 | रास्ता | 273 | रास्ता |
| 23 | 30 | 283 | रैयती | दोन 1 | 0.041 | लाल दुबराजनाथ सहदेव पिता लाल धरतीनाथ सहदेव | अंश 283 | रास्ता | 284 | 273 |
| 24 | 30 | 284 | रैयती | दोन 1 | 0.005 | लाल दुबराजनाथ सहदेव पिता लाल धरतीनाथ सहदेव | अंश 284 | रास्ता | 469 | 283 |
| 25 | 45 | 469 | रैयती | दोन 1 | 0.038 | अनुप वो जानकि पिता अगहन कुम्हार व गुलुवा वो भुलु कुम्हार पिता नारायण कुम्हार वगैरह | 284 | रास्ता | 470 | 284 |
| 26 | 45 | 470 | रैयती | दोन 1 | 0.006 | अनुप वो जानकि पिता अगहन कुम्हार व गुलुवा वो भुलु कुम्हार पिता नारायण कुम्हार वगैरह | अंश 470 | रास्ता | 471 | 469 |
| 27 | 38 | 460 | रैयती | टाड़ दो | 0.009 | फुलदेव उरांव पिता जितुवा उरांव व मंगरू उरांव पिता जितुवा उरांव वगैरह | अंश 460 | रास्ता | 456 | रास्ता |
| 28 | 40 | 456 | रैयती | टाड़ दो | 0.050 | अगनु महतो पिता फते महतो व गन्दोरा महतो पिता फते महतो वगैरह | अंश 456 | रास्ता | 454 | 459 |
| 29 | 46 | 454 | रैयती | टाड़ दो | 0.037 | डहु वो जौरू वो सोमरा उरांव पिता चेलो उरांव व तितरी उराईन पिता डगहा उरांव वगैरह | अंश 454 | रास्ता | अंश 454 | 456 |
| 30 | 139 | 513 | रैयती | टाड़ दो | 0.110 | वकास्त भुईहरी | 516 | रास्ता | अंश 513 | रास्ता |
| 31 | 8 | 516 | रैयती | टाड़ दो | 0.018 | एतवा उरांव पिता धिरू बहिरा उरांव व गोला उरांव पिता विरसा उरांव वगैरह | 513 | कसपुर | अंश 516 | रास्ता |
| 32 | 17 | 260 | रैयती | मकान मय सहन मिट्टी खपरैल | 0.020 | अलाउदीन पिता शेख जमरलि व शेख जमादार पिता शेख हरी वगैरह | रास्ता | अंश 260 | रास्ता | 259 |
| 33 | 17 | 261 | रैयती | मकान मय सहन मिट्टी खपरैल | 0.046 | अलाउदीन पिता शेख जमरलि व शेख जमादार पिता शेख हरी वगैरह | 260 | 262 | रास्ता | अंश 261 |
| 34 | 17 | 262 | रैयती | टाड़ दो | 0.099 | अलाउदीन पिता शेख जमरलि व शेख जमादार पिता शेख हरी वगैरह | 261 | रास्ता | रास्ता | अंश 261 |
| 35 | 30 | 476 | रैयती | दोन 1 | 0.054 | लाल दुबराजनाथ सहदेव पिता लाल धरतीनाथ सहदेव | रास्ता | अंश 476 | 490 | 475 |
| 36 | 108 | 490 | रैयती | दोन 1 | 0.007 | लाल सुरेन्दरनाथ सहदेव पिता लाल युवराजनाथ सहदेव | रास्ता | अंश 490 | 491 | 476 |
| 37 | 17 | 491 | रैयती | दोन 1 | 0.005 | अलाउदीन पिता शेख जमरलि व शेख जमादार पिता शेख हरी वगैरह | रास्ता | अंश 491 | 492 | 490 |
| 38 | 8 | 493 | रैयती | दोन 1 | 0.014 | एतवा उरांव पिता धिरू बहिरा उरांव व गोला उरांव पिता विरसा उरांव वगैरह | रास्ता | अंश 493 | 505 | अंश 493 |
| 39 | 79 | 505 | रैयती | दोन 1 | 0.006 | दीनेश वो राजेश पिता शिवबरत साह व रमेश कुमार साह पिता शिवबरत साह वगैरह | रास्ता | अंश 505 | रास्ता | 493 |
| 40 | 11 | 506 | रैयती | दोन दो | 0.023 | चमरू उरांव पिता जिगुवा उरांव व पुना उरांव पिता जिगुवा उरांव | रास्ता | अंश 506 | 508 | 505 |
| 41 | 139 | 511 | रैयती | टाड़ दो | 0.069 | वकास्त भुईहरी | रास्ता | 510 | रास्ता | अंश 511 |
| 42 | 60 | 510 | रैयती | टाड़ दो | 0.023 | एतवा उरांव पिता लुथरू उरांव व भकु उरांव पिता लुथरू उरांव | 511 | कसपुर | रास्ता | अंश 510 |
| कुल रकबा :- | | | | | 1.703 | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यवधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 357899 Lohardaga(25-26)D

उपायुक्त, लोहरदगा।

# श्रम विभाग व नियोजनालय की योजनाओं की उपायुक्त ने की गहन समीक्षा

● बाल श्रम के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और ई-श्रम पंजीकरण में तेजी के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में श्रम विभाग एवं जिला नियोजनालय द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित अद्यतन कार्यों की जानकारी दी।
बैठक में उपायुक्त ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर शीघ्र पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, जिससे उन्हें सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ सुलभ हो सके। पंजीकृत श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई।
बाल श्रम के मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने श्रम अधीक्षक को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में बच्चों से श्रम नहीं कराया जाए। चिन्हित मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और बाल श्रमिकों के बैंक खाते अनिवार्य रूप से खोले जाएं। उन्होंने कहा कि गरीब और वंचित परिवारों को योजनाओं से जोड़ना आवश्यक है ताकि बच्चे शिक्षा से जुड़ सकें।
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के प्रशिक्षण अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेकर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अगस्त माह तक सभी रिक्त सीटों को भरने की प्रक्रिया पूरी की जाए, जिससे अगले सत्र में अधिक से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन संभव हो। जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने रोजगार मेले, कैरियर काउंसलिंग व भर्ती कैंप की जानकारी दी। उपायुक्त ने सभी बिंदुओं की अद्यतन रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया और कहा कि युवाओं के कौशल विकास व प्लेसमेंट को लेकर पारदर्शिता के साथ कार्य हो। उन्होंने कंपनियों से समन्वय कर प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने पर भी बल दिया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज़ अहमद, श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, सभी आईटीआई के प्रभारी प्राचार्य व अधिकारीगण मौजूद रहे।

## रामपुर में पीवीयूएनएल के बैनर तले स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा (लातेहार)।** बनहरदी कोयला खनन परियोजना के अंतर्गत रामपुर गांव में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रामपुर, एते, बारी, बनहरदी समेत आस-पास के गांवों से 167 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराई और निःशुल्क दवाएं प्राप्त कीं। पैथोलॉजिकल जांच भी निःशुल्क की गई। कार्यक्रम में एम. चंद्रशेखर (अपर महाप्रबंधक), आर. बी. सिंह, भालेंदु दबे, डॉ. चंदन सिंह, डॉ. मनीष देवदत्त एक्का सहित पीवीयूएनएल के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### करकरा नाला के चेक डैम पुनर्निर्माण की जगी उम्मीद

**मयूरहंड (चतरा)।** चतरा उपायुक्त कीर्ति श्री के प्रखंड दौरे के दौरान किसानों द्वारा करकरा नाला में वर्षों से टूटे चेक डैम के जीर्णोद्धार की मांग को गंभीरता से लिया गया है। किसानों ने बताया कि करकरा, चोरहा, बनहा, पंदनी, एकतारा और शालेय समेत दर्जनों गांवों के किसान चेक डैम पर निर्भर थे। वर्ष 2011-12 में भारी बारिश से चेक डैम क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे हजारों हेक्टेयर भूमि की सिंचाई प्रभावित हो रही है। इस पर उपायुक्त के निर्देश पर चतरा अनुमंडल पदाधिकारी और संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण कर समस्याओं का जायजा लिया। इससे किसानों में समस्या समाधान की नई उम्मीद जगी है।

### 24 को निकलेगी भव्य अंतर प्रखंड स्तरीय कांवर जल यात्रा

**महुआडांड़ (लातेहार)।** 24 जुलाई को महुआडांड़ हिन्दू महासभा, बजरंग दल और मानस मणि दीप सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में अंतर प्रखंड स्तरीय कांवर जल यात्रा आयोजित की जाएगी। महुआडांड़ से प्रारंभ होकर यह यात्रा 51 किलोमीटर की पदयात्रा के बाद गारू प्रखंड के नागेश्वर धाम सरना धाम पहुंचेगी, जहां कांवरिये शिवलिंग पर जलार्पण करेंगे। हजारों श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है। यात्रा को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। प्रशासन से सुरक्षा, चिकित्सा आदि व्यवस्था सुनिश्चित कराने का आग्रह किया गया है। यात्रा मार्ग में स्थानीय लोग व सामाजिक संगठन स्वागत, विश्राम व जलपान की व्यवस्था कर रहे हैं। आयोजकों ने अनुशासित और पर्यावरण अनुकूल यात्रा की अपील की है।

### एकलव्य विद्यालय का विधायक ने किया उद्घाटन

**बेतला (लातेहार)।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार और झारखंड सरकार के अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का उद्घाटन शनिवार को बरवाडीह प्रखंड के मंगरा ग्राम में किया गया। उद्घाटन विधायक रामचंद्र सिंह ने नारियल फोड़कर किया। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि यह विद्यालय जंगल व दूरदराज़ क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक वरदान साबित होगा, जहां वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, नसिम अंसारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### आयुष मेले में 180 लोगों की हुई जांच

**चंदवा।** स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की पहल पर मंगलवार को अलौदिया पंचायत भवन परिसर में आयुष मेला का आयोजन किया गया। इसमें 180 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉ. अमित राज मिश्रा, डॉ. सुनीता कुमारी, डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. अकबर और डॉ. शशिकांत द्विवेदी की टीम ने आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं योग पद्धति से विभिन्न रोगों की जांच की और मुफ्त दवाएं वितरित कीं। कैंप में 25 अतिपिछड़ी जनजातीय महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए।

### जय हिंद पुस्तकालय के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**चंदवा।** प्रखंड उपप्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा ने मंगलवार को उपविकास आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए चंदवा प्रखंड स्थित जय हिंद पुस्तकालय के जीर्णोद्धार की मांग की। उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय 1946 में स्थापित हुआ था और पठन-पाठन का ऐतिहासिक केंद्र रहा है, जो अब बदहाल स्थिति में है साथ ही उन्होंने सीएचसी में सौर ऊर्जा से चलने वाले उपकरणों के बंद रहने और डीएमएफटी से स्वीकृत 30 केवीए जेनरेटर अब तक न मिलने की शिकायत भी की। उन्होंने इन दोनों सुविधाओं के शीघ्र बहाल करने की मांग की है।

### "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत लगाए गए 250 पौधे

**चंदवा।** "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत हिंडाल्को द्वारा उपलब्ध कराए गए 250 पौधे विद्यालयों में लगाए गए। संकुल साधनसेवी विकास कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को मध्य विद्यालय काली परिसर में वृक्षारोपण किया गया। मुखिया सुनीता खलखो ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा ही जीवन की सुरक्षा है। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के मापदंडों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में संकुल के सभी प्रधानाध्यापक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चंदवा में फिर जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात, तुपी टोला में चार घर क्षतिग्रस्त

● खेतों को भी पहुंचा नुकसान, ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा (लातेहार)।** चंदवा प्रखंड अंतर्गत जमीरा पंचायत के तुपी टोला में सोमवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने जबरदस्त उत्पात मचाया। हाथियों ने चार घरों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया, जबकि दो किसानों की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों के अनुसार, जंगली हाथियों का एक झुंड बीते रविवार को लोहसीहना गांव में पहुंचा था, जहां उसने उपद्रव मचाया। इसके अगले ही दिन सोमवार देर रात, हाथियों का यही झुंड तुपी टोला में घुस आया। यहां हाथियों ने सविता देवी (पति लुरका भुइंया), परदेशिया भुइंया (पिता छठु भुइंया), विनीता देवी (पति बिनोद भुइंया), और गुदा देवी (पति गुड्डू भुइंया) के घरों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं, किसान किशोर गंझू और किशोर भुइंया की खेतों में लगी फसलों को हाथियों ने रौंद दिया, जिससे उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है। लगातार हो रहे इस हमले से ग्रामीण भयभीत हैं और पूरी रात पहरेदारी कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही जमीरा की मुखिया दुर्गावती देवी तुपी टोला पहुंचीं और पीड़ित परिवारों से मिलकर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जंगली हाथियों के हमलों से ग्रामीणों को जान-माल की गंभीर क्षति हो रही है। उन्होंने वन विभाग से हाथियों को आबादी क्षेत्र से जल्द हटाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की। मुखिया ने आगे बताया कि वे लातेहार उपायुक्त से प्रभावित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने की मांग भी करेंगी। घटना की गंभीरता को देखते हुए वनपाल आलोक तिग्गा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास शुरू कर दिया है। साथ ही गांव में गश्त तेज कर दी गई है ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके। इस मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा, झामुमो युवा नेता ब्रह्मदेव प्रजापति समेत कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने फसल बीमा जागरूकता रथ को दिखायी हरी झंडी

● 31 जुलाई तक किसान एक रुपये टोकन मनी में करा सकते हैं पंजीकरण

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** जिले में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार-प्रसार हेतु मंगलवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के सभी प्रखंडों और पंचायतों में भ्रमण कर किसानों को बीमा योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा।
किसान केवल एक रुपये टोकन मनी देकर फसल बीमा का लाभ ले सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है, जिसे प्रज्ञा केंद्र या स्वयं ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है। खरीफ मौसम 2025 में अधिसूचित फसलें मक्का और धान हैं। मक्का के लिए 59,934.10 व धान के लिए 75,631.13 प्रति हेक्टेयर क्षतिपूर्ति राशि निर्धारित है।
पंजीकरण के लिए जरूरी दस्तावेज में आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, भूमि स्वामित्व प्रमाण, बुआई प्रमाण पत्र व मोबाइल नंबर जरूरी है।
योजना की अधिक जानकारी के लिए किसान प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, या हेल्पलाइन नंबर 14447 पर संपर्क कर सकते हैं।
कार्यक्रम के दौरान अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा, कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड, नाबार्ड, सीएससी के जिला प्रबंधक और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### खेत में काम कर रहे किसान की वज्रपात से मौत

**बालूमाथ।** मंगलवार को बालूमाथ थाना क्षेत्र के शेरेगड़ा गांव में वज्रपात की चपेट में आने से 24 वर्षीय किसान उपेंद्र उरांव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त वह खेत में काम कर रहा था। बेहोशी की अवस्था में उसे अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अंचलाधिकारी विजय कुमार ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मृतक के परिजन को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही लोगों को वज्रपात से बचाव हेतु सतर्क रहने की सलाह भी दी।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय इटके में स्टूडेंट्स किट का वितरण

**बारियातू।** टोंटी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय इटके में मंगलवार को शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के बीच स्टूडेंट्स किट का वितरण किया गया। मुखिया शांति देवी, एसएमसी अध्यक्ष मो. ओजैर, प्रधानाध्यापिका लीली सुशिला कुजुर और शिक्षक राजदेव उरांव ने संयुक्त रूप से वितरण किया। स्थानीय अभिभावकों और शिक्षकों ने विभाग की इस पहल की सराहना की।

### झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन ने बीडीओ को सौंपा मांग पत्र

**चंदवा।** झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को बीडीओ को ज्ञापन सौंपकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड, 30 केवीए जनरेटर और मरीजों के परिजनों के लिए शेड निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था न होने से मरीजों को बाहर जाना पड़ता है। वर्तमान में 7 केवीए का जनरेटर कार्योन्मुख नहीं है, जिससे बिजली की समस्या बनी हुई है।

## 9 अगस्त तक नहीं मिला वन पट्टा तो होगा जन आंदोलन : कन्हाई सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार (बरवाडीह)।** वन अधिकार कानून 2006 के तहत लंबित सामुदायिक और व्यक्तिगत दावों को लेकर लातेहार के कल्याण विभाग परिसर में मंगलवार को एक जन सुनवाई आयोजित की गई। आयोजन संयुक्त ग्राम सभा मंच और ग्राम स्वशासन अभियान के संयुक्त तत्वावधान में हुआ, जिसमें लातेहार और गढ़वा जिलों के हजारों आदिवासी व ग्रामीण शामिल हुए।
कार्यक्रम में जेम्स हेरेंज ने रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि बरवाडीह प्रखंड के 22 गांवों से 16,050.5 एकड़ भूमि के दावे किए गए थे, परंतु मात्र 2.7 एकड़ भूमि ही स्वीकृत हुई है—यानी 99.99% दावों को खारिज कर दिया गया। गुआ और ततहा गांवों में भी व्यक्तिगत दावों पर 79.9% और 39.9% की कटौती की गई है।
पूर्व राज्य सलाहकार बलराम ने कहा कि वन विभाग हमेशा से जंगल और समुदाय की दुश्मन रही है। वनाधिकार कानून का खुला उल्लंघन हो रहा है और स्वीकृत भूमि में भारी कटौती हो रही है।
जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 9 अगस्त, विश्व आदिवासी दिवस तक लंबित दावों का वितरण नहीं हुआ, तो जन आंदोलन किया जाएगा।
अनुमंडल पदाधिकारी अजय राजक ने कहा कि अब तक 200 से 250 व्यक्तिगत और सामुदायिक दावे आए हैं, जिन्हें अनुमंडल स्तर से जिला को भेजा गया है। 9 अगस्त को आदिवासी दिवस के अवसर पर पात्र लोगों को पट्टे वितरित किए जाएंगे।

कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा
पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा, पिन–835302
ई–मेल– lohardaga.rmsa@gmail.com

आवश्यक सूचना

सरकारी माध्यमिक विद्यालय नियुक्ति एवं सेवा शर्त नियमावली, 2015 में निहित प्रावधान एवं वित्त विभाग बिहार सरकार के संकल्प संख्या 6022 दिनांक 18.12.1989, विभागीय अधिसूचना संख्या 434 दिनांक 01.03.2016 एवं निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, झारखण्ड राँची के पत्रांक 1802 दिनांक 24.09.2021, पत्रांक 1726 दिनांक 21.06.2022 एवं पत्रांक 1110 दिनांक 17.04.2023 के आलोक में माध्यमिक विद्यालयों (राजकीयकृत एवं परियोजना) के स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, जिन्होने वरीय वेतनमान में 12 वर्ष एवं 24 वर्ष की अटूट सेवा पूर्ण कर ली है, को प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति दिये जाने के निमित्त विद्यालय स्तर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर तैयार सूची को जिले के बेवसाईट https://lohardaga.nic.in/ पर प्रकाशित कराया गया हैं उक्त सूची पर सम्बन्धित स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों एवं उनके आश्रितों (मृत शिक्षक की स्थिति में) से आपत्ति आमंत्रित की जाती है।

जिला अन्तर्गत सभी राजकीयकृत एवं परियोजना उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक, सम्बन्धित अहर्ताधारी शिक्षकों एवं उनके आश्रितों (मृत शिक्षक की स्थिति में) से अनुरोध है कि जिले के बेवसाईट पर प्रकाशित सूची का अवलोकन करते हुए यदि कोई आपत्ति हो तो साक्ष्य सहित प्रतिवेदन दिनांक 25.07.2025 तक अनिवार्य रुप से जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय लोहरदगा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 357929 (Lohardaga)25-26*D

## न्यूज बॉक्स

### हरियाली तीज 27 को, महिलाएं करेंगी अखंड सौभाग्य की कामना

**लातेहार।** इस वर्ष हरियाली तीज का व्रत शुभ रवि योग में 27 जुलाई को रखा जाएगा। मनोकामना सिद्ध मंदिर के पुजारी त्रिभुवन पांडेय के अनुसार, यह व्रत भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक है। इस दिन महिलाएं हरे वस्त्र, चूड़ियां और सोलह श्रृंगार के साथ शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। उन्होंने बताया कि इस दिन मघा नक्षत्र और रवि योग का विशेष संयोग है, जिससे व्रत का पुण्यफल कई गुना बढ़ जाता है। व्रत करने से अखंड सौभाग्य, संतान सुख और परिवार की उन्नति होती है। व्रति महिलाएं शिव को बेलपत्र चढ़ाकर दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।

### धान रोपाई के दौरान वज्रपात से महिला की मौत

**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे जोरदार बारिश के बीच किसुनपुर गांव में वज्रपात की चपेट में आने से सियानी उर्फ मधवापुर की 45 वर्षीय बिलासो देवी पति महादेव महतो की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, महिला अपने खेत में धान की रोपाई कर रही थी, तभी अचानक वज्रपात होने से वह झुलस गई। प्रत्यक्षदर्शी योगेन्द्र मिश्रा ने बताया कि वज्रपात उनकी आंखों के सामने खेत से कुछ दूरी पर हुआ, जिससे वे खुद भी गिर पड़े। आसपास के लोगों ने तत्काल महिला को गंभीर हालत में खेत से उठाकर अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। महिला के गले पर गहरा काला निशान दिखाई दिया है। इस घटना से गांव में मातम का माहौल है। मृतका के परिजनों के करुण क्रंदन से हर आंख नम हो गई है। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है। शव का पोस्टमार्टम कराने की तैयारी चल रही है।

### कांवरियों का जत्था बाबा नगरी के लिए रवाना



**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड से बोलबम के जयकारों के बीच कांवरियों का एक जत्था बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हुआ। जत्था दुर्गा मंदिर और शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर बोधगया, राजगीर और सुल्तानगंज होते हुए पैदल देवघर पहुंचेगा। इसके बाद बासुकीनाथ और तपोवन पहाड़ के भी दर्शन करेंगे। जत्थे में डीलर संघ अध्यक्ष रोहित कुमार मंगल, दीपक, सुमंत, शौभिक सहित अन्य कांवरिये शामिल हैं।

### कुख्यात अपराधी के घर बारियातू पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**बारियातू।** थाना कांड संख्या 71/24 में फरार चल रहे कुख्यात अपराधी आदेश गंझू के विरुद्ध बारियातू पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी इश्तेहार की तामिला की। एसआई जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आरोपी के घर और सार्वजनिक स्थानों पर इश्तेहार चस्पा किया गया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित कई धाराओं में मामला दर्ज है। पुलिस ने परिजनों को आरोपी को एक माह के भीतर कोर्ट में आत्मसमर्पण कराने का निर्देश दिया है।

झारखण्ड सरकार
राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–भण्डरा, थाना–भण्डरा, थाना न0–237, अंचल–भण्डरा जिला–लोहरदगा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना "लोहरदगा जिला अन्तर्गत लोहरदगा नदिया मोड़ से ईरगाँव भाया अरकोसा–रामपुर पथ (लं0–10.59 कि0मी0) एवं ईरगाँव से भण्डरा पथ (लं0–8.66 कि0मी0) कुल लं0 19.25 कि0मी0 चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य" हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी प्रशासन के रूप में नियुक्ति किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–भण्डरा, थाना–भण्डरा, थाना न0–237, अंचल–भण्डरा जिला–लोहरदगा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.652 एकड़ यानि 0.263855......... हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है..........................

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 212 | 471 | रैयती | टाड़ दो | 0.146 | अयुब पिता शेख महमुद्दीन वो मुस्मात सनीवन वीवी पति शेख मौला वगैरह | रास्ता | 470 | अंश 471 | रास्ता |
| 2 | 227 | 470 | रैयती | दोन दो | 0.047 | बन्दे उरांव पिता सुकरा उरांव वो मंगरा उरांव पिता दुर्गा उरांव वगैरह | 471 | 464 | अंश 470 | रास्ता |
| 3 | 184 | 464 | रैयती | दोन दो | 0.025 | राधा किशुन अग्रवाल पिता मुंगराज अग्रवाल वो किसन लाल अग्रवाल वगैरह | 470 | 468 | अंश 464 | रास्ता |
| 4 | 70 | 468 | रैयती | दोन दो | 0.110 | चरवा उरांव पिता लखवा उरांव वो दुखिया उरांव पिता पेरवा उरांव | 464 | 85 | 467 | रास्ता |
| 5 | 65 | 453 | रैयती | दोन दो | 0.004 | चमरा अहीर पिता हरखु अहीर वो कृष्णामणि अहीर वगैरह | 1853 | 454 | अंश 453 | रास्ता |
| 6 | 65 | 454 | रैयती | दोन दो | 0.087 | चमरा अहीर पिता हरखु अहीर वो कृष्णामणि अहीर वगैरह | 453 | 518 | अंश 545 | रास्ता |
| 7 | 185 | 518 | रैयती | दोन दो | 0.018 | राधा मोहन शर्मा पिता जगनिवास शर्मा वो ईश्वरी मोहन शर्मा पिता जगनिवास शर्मा वगैरह | अंश 518 | 427 | अंश 518 | रास्ता |
| 8 | 204 | 559 | रैयती | टाड़ दो | 0.005 | लेदा उरांव पिता वड़का शनिया उरांव वो मडवा उरांव पिता रचु उरांव वगैरह | 538 | 560 | अंश 559 | रास्ता |
| 9 | 38 | 566 | रैयती | मकान मय सहन मिट्टी खपरैल | 0.002 | कंचन उरांव पिता मंगरा उरांव वो बोलो उरांव पिता विजुआ उरांव | 568 | 570 | अंश 566 | रास्ता |
| 10 | 203 | 602 | रैयती | टाड़ दो | 0.016 | लुन्दरू उरांव पिता विरसा उरांव वो सुकरा उरांव पिता सोमरा उरांव | 601 | रास्ता | अंश 602 | रास्ता |
| 11 | 119 | 69 | रैयती | टाड़ एक | 0.038 | अजुआ निशा पिता शेख नबी वो ऐरून निशा पिता शेख नबी वगैरह | कसपुर | 70 | रास्ता | अंश 69 |
| 12 | 140 | 70 | रैयती | टाड़ दो | 0.010 | बुधना उरांव पिता विरसा उरांव | 69 | 71 | रास्ता | अंश 70 |
| 13 | 131 | 71 | रैयती | दोन दो | 0.003 | विरसा उरांव पिता चौधरी उरांव | 70 | 80 | रास्ता | अंश 71 |
| 14 | 244 | 81 | रैयती | दोन दो | 0.004 | वीवी गन्धारी पति शेख भिखारी व वीवी तेतरी पति शेख रमजान वगैरह | 80 | 82 | रास्ता | अंश 81 |
| 15 | 17 | 83 | रैयती | दोन दो | 0.004 | शेख पीर महम्मद पिता शेख आलम वगैरह | 82 | 84 | रास्ता | अंश 83 |
| 16 | 219 | 86 | रैयती | दोन दो | 0.023 | शुकरा उरांव पिता वुरंगा उरांव | 85 | 85 | रास्ता | अंश 86 |
| 17 | 58 | 451 | रैयती | दोन दो | 0.048 | घमडु उरांव पिता पलटु उरांव वो करमा उरांव पिता विरसा उरांव वगैरह | 85 | 428 | रास्ता | अंश 451 |
| 18 | 58 | 428 | रैयती | दोन दो | 0.040 | घमडु उरांव पिता पलटु उरांव वो करमा उरांव पिता विरसा उरांव वगैरह | 451 | अंश 428 | रास्ता | अंश 428 |
| 19 | 114 | 426 | रैयती | टाड़ दो | 0.008 | बन्दे उरांव पिता चुड़िया उरांव | 427 | 427 | 427 | अंश 426 |
| 20 | 10 | 373 | रैयती | मकान मय सहन | 0.004 | शेख अलीम पिता शेख रमजान | 534 | 372 | रास्ता | अंश 373 |
| 21 | 232 | 372 | रैयती | टाड़ दो | 0.003 | सोहराई उरांव पिता सोमरा उरांव | 373 | 371 | रास्ता | अंश 372 |
| 22 | 128 | 370 | रैयती | टाड़ दो | 0.003 | विरसा उरांव पिता गन्दुर उरांव | 371 | 360 | रास्ता | अंश 370 |
| 23 | 194 | 360 | रैयती | टाड़ दो | 0.004 | रामसेवक साह पिता वुटई साह | 370 | रास्ता | रास्ता | अंश 360 |
| कुल रकबा :– | | | | | 0.652 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यवधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 357900 Lohardaga (25-26)_D

# पुल निर्माण के गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं, लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि : उपायुक्त

- उपायुक्त ने नंदिनी नदी पर निर्माणाधीन दो पुलों का किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कैरो प्रखण्ड अंतर्गत नंदिनी नदी पर निर्माणाधीन दो उच्च स्तरीय पुलों का निरीक्षण किया और संबंधित विभाग के अभियंता व संवेदक को सख्त दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त द्वारा कैरो प्रखंड के उतका और बण्डा गांव को जोड़ने के लिए नंदिनी नदी पर उच्च स्तरीय पुल और कैरो गांव में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय तक जानेवाली पथ पर नंदिनी नदी के उपर बन रहे पुल का स्थल निरीक्षण किया गया। इसमें उपायुक्त ने किसी भी परिस्थिति में पुल की गुणवत्ता से समझौता नहीं करने का सख्त निर्देश संबंधित विभाग के अभियंताओं व संवेदक को दिया। उपायुक्त ने कहा कि आमजनों की सुरक्षा सर्वोपरि है। नंदिनी नदी पर पुल का निर्माण जल्द करें ताकि बारिश में तेज बहाव के कारण किसी प्रकार की अनहोनी की आशंका नहीं हो। निरीक्षण में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य, अंचल अधिकारी शीला कुमारी, ग्रामीण कार्य विभाग और ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल के संबंधित अभियंता समेत अन्य शामिल थे।

## कैरो में बिजली चोरी के खिलाफ चला अभियान

**कैरो / लोहरदगा।** विधुत विभाग के मैनेजिंग डायरेक्टर रांची के पत्रांक 229/ए पी टी के अनुपालन के तहत मंगलवार को विधुत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुडू के सहायक विधुत अभियंता मो जीशान अहमद के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर कैरो थाना क्षेत्र के गुड़ी पंचायत के नगड़ा गांव में अवैध बिजली चोरी को लेकर सघन छापामारी की गई। इस दौरान नगड़ा निवासी पंकज कुमार यादव पिता मणि यादव, इंद्रनाथ भगत पिता बुद्धि भगत, मुरारी सिंह पिता भुनेश्वर सिंह व राजेन्द्र सिंह पिता रामेश्वर सिंह को अवैध रूप से बिजली ऊर्जा का उपयोग करने का दोषी ठहराते हुए जुर्माना की राशि तय करते हुए कैरो थान में चारो के बिरुद्ध मामला दर्ज कराने की बात कही गई। इस मौके पर कुशल किण्डो, तकनिकी सहायक दिनेश कुमार, मानव दिवस कर्मी मजुल अंसारी, बैकुंठ शुक्ला, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा कुडू एवं सशस्त्र बल कैरो थाना शामिल थे।

### भूमि साक्षरता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# भूमि विवाद औसतन चार आपराधिक मामलों को देती है जन्म : डालसा सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं ग्राम नियोजन केंद्र, लोहरदगा के संयुक्त तत्वाधान में भूमि साक्षरता विषय पर मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित डालसा सभा कक्ष में की गई। जिसमें उपस्थित पीएलवी से जिले में प्रतिदिन भूमि एवं उससे संबंधित उत्पन्न विवाद के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई। वहीं डालसा सचिव श्री राजेश कुमार ने इस बात को रेखांकित किया कि भूमि विवाद औसतन 4 आपराधिक मामले को जन्म देती है। अतः भूमि साक्षरता के अंतर्गत पीएलवी इस बात की जानकारी अवश्य रखें कि भूमि हस्तांतरण विधिक तरीके से कैसे की जाती है, खरीद बिक्री के क्या पैमाने है, अंचल कार्यालय का नामांतरण में क्या भूमिका होती है आदि। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन लैन्डेसा कि शिप्रा देव और डालसा सचिव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं ग्राम नियोजन केंद्र के इस्तियाक अहमद ने लिखित प्रश्नावली देकर प्रतिभागियों से जमीन से संबंधित उनकी समझ को लेकर जानकारी हासिल की। जिसके बाद भूमि से संबंधित किन विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाना है इस बात को जाना। वहीं लैन्डेसा की शिप्रा देव ने इस बात को बतलाया कि झारखंड में भूमि विवाद के कारण अनेकों हत्याएं होती रहती है। डायन बिसाही के आरोप लगाकर एकल महिला से उनकी भूमि छिन ली जाती है। महिलाओं को भी जमीन के विभिन्न कागजातों से रूबरू होना आवश्यक है। मौके पर एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ नारायण साहू, पम्मी कुमारी कार्यालय सहायक जीकेएन, निमहंति मिंज, हफ़ीजुल अंसारी, गौतम लेनिन, रवि कुमार, दुखिंता मिंज, रोहित कुमार, बबलू कुमार सिंह, विशाल सोनी, शीत महतो, धनेश्वर साहू, जितनारायण शाही, सुरेश प्रसाद, सुनेश्वर उरांव, छाया देवी, अनिता कर्मकार, देवमणि कुमारी, पूजा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## हिंडाल्को ने बगड़ू में श्रमिकों को दीर्घकालिक सेवा के लिए सम्मानित किया




**लोहरदगा।** बगडू माइंस में कंपनी में 25 वर्ष की दीर्घकालीन सेवा के लिए 15 श्रमिकों को चांदी की मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद सभी श्रमिक काफी उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड एवं छत्तीसगढ़ के माइंस हेड शत्रुजीत कुमार एवं मानव संसाधन के प्रमुख चिन्मय दास मौजूद थे। कार्यक्रम का रूप रेखा बगडू मानव संसाधन अधिकारी अभिनव कुमार के निगरानी में हुई एवं कार्यक्रम का सफल आयोजन कार्यवाहक खान प्रबंधक सुनील चौधरी के देख रेख में हुई। कार्यकम में प्रद्युम्न कुमार, रानी कुमारी, अम्बर सिंह, बुधवा उरांव, फिरोज अंसारी एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण एवं श्रमिक मौजूद थे।

# न्यूज बॉक्स

## कृषक पाठशाला फार्म पर महिलाओं के साथ श्री विधि से धान की रोपनी



**कुडू।** प्रखंड कुडू स्थित कृषक पाठशाला फार्म में आज एक प्रेरणादायी कृषि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो ने ग्रामीण महिलाओं के साथ खेतों में जाकर श्री विधि से धान की रोपनी की और किसानों को इस उन्नत तकनीक की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर बीटीएम सुनीता टोप्पो ने किसानों को बीज उपचार की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि यह क्षेत्र मेहनती किसानों से भरा है, यदि तकनीक के साथ खेती की जाए तो किसान न सिर्फ आत्मनिर्भर बन सकते हैं, बल्कि क्षेत्रीय कृषि उत्पादन में भी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित एटीएम आभा प्रियंका कच्छप तथा प्रोग्राम मैनेजर रजीव कुमार ने भी श्री विधि से होने वाले उच्च उत्पादन, कम पानी की आवश्यकता और खर्च में कमी जैसे लाभों पर प्रकाश डाला। मौके पर निखिल कुमार (अन्य कर्मी), आरती (मार्केटिंग अफसर), बिरसा विलेज सीओ रंजन राम, कंप्यूटर ऑपरेटर, कृषक मित्र संजय गोप, सोमनाथ भगत, जीवन खाखा, मानकिशोर राम सहित दर्जनों किसान एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य उन्नत कृषि विधियों को प्रोत्साहित करना एवं किसानों को प्रशिक्षित कर खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना था। ग्रामीणों ने कृषि विभाग की इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के प्रायोगिक व प्रशिक्षण आधारित कार्यक्रमों की अपेक्षा की।

## आवास योजना को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन में मंगलवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी अध्यक्षता में आवास योजना, मनरेगा सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। मौके पर बीडीओ ने सहायकों की समीक्षा बैठक में कहा कि योजना के पहले किश्त की राशि लेकर गृह निर्माण कार्य आरंभ कर देने वाले लाभार्थियों को हीं द्वितीय किश्त की राशि देने की अनुशंसा करें। इसी तरह द्वितीय एवं तृतीय किश्त की राशि के भुगतान के लिए भी विभागीय नियम का पालन करे। कुछ एक आवास सहायक बगैर स्थल जांच के लिए भुगतान की अनुशंसा कर रहे हैं, यह बड़ी लापरवाही है। इस तरह के कृत्य करने पर आवास सहायक के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। बीडीओ ने राशि लेकर गृह निर्माण कार्य आरंभ नहीं करने वाले लाभार्थियों की सूची एक सप्ताह के अंदर जमा करने का निर्देश भी जारी किया है। बैठक में पंचायत वार आवास की अद्धतन स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। इस मौके आवास कॉर्डिनेटर नितलेन्द्र कुमार, बीपीओ अभिषेक किशोर, मनीष अग्रवाल, पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार, प्रभारी कृषि पदाधिकारी नव प्रभात कुजूर, मुखिया इंद्रदेव उरांव, सुमित उरांव, परमेश्वर महली, टेले उरांव, पंचायत सचिव महिपाल भगत, आशीष कुजूर, अलोक लकड़ा, अजय भगत आदि मौजूद थे।

## भाजपा नेता सह किसान प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार महतो सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल



**लोहरदगा।** सड़क हादसे में लोहरदगा के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं किसान प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार महतो गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्री महतो लोहरदगा की ओर जा रहे थे, उसी क्रम में बक्सी डीपा जंगल के पास एक अज्ञात बाइक सवार द्वारा पीछे से तेज गति से टक्कर मार दी गई। इस दुर्घटना में उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा थाना के एस.आई. मनीष कुमार महतो, भारती एक्सा इंश्योरेंस कंपनी के ब्रांच हेड पंकज कुमार सिंह तथा अनेक समाजसेवी और ग्रामीण मौके पर पहुँचे और मानवीय आधार पर तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत अस्पताल पहुँचाया। घायल श्री महतो को प्राथमिक इलाज के बाद आर्किट हॉस्पिटल, रांची रेफर किया गया, जहाँ डॉ. अनुभव जैन की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना स्थल पर तत्काल पहुँचकर सहयोग करने वालों में प्रमुख रूप से मथुरा महतो, ललित महतो, नंदलाल महतो, मीना देवी, अनीता लकड़ा, मंजू देवी, उमा देवी, वीणा देवी, श्याम सिंह, अंबुज साहू, अजीज अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा।

## खेलो झारखंड के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय के खेल प्रांगण में खेलो झारखंड के तहत मंगलवार को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित खेल प्रतियोगिता 14 वर्ष, 17 वर्ष व 19 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच 100 मीटर,दो सौ मीटर, चार सौ मीटर, आठ सौ मीटर, तीन हजार मीटर दौड़ के अलावे लम्बी कूद ऊंची कूद,गोला फेंक,भला फेंक सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिता का प्रतिस्पर्धा कराया गया। वही बालिका वर्ग का तीन हजार मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अंकिता कुमारी प्रथम व सुजीता कुमारी द्वितीय स्थान प्राप्त की है.तथा बालिका वर्ग में अंजनी कुमारी, राधिका कुमारी, सोनम कुमारी,पूनम कुमारी,अमृता कुमारी, दिया कुमारी, रोशनी कुमारी, अमृता उरांव और बालक वर्ग में अभिषेक लहेरी, सुभाष कुजूर, प्रेम उरांव, पवन साहु, पंकज साहु, शाहजहां अंसारी, प्रिंस राम, तुलसी राम सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। मौके पर अनिल उरांव, कंचन टोप्पो, सुरेश बाड़ा, संगीता कुमारी समेत अन्य शिक्ष शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## हिसरी उर्दू मध्य विद्यालय में शिक्षक की पिटाई से छात्र का हाथ टूटा

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हिसरी स्थित उर्दू मध्य विद्यालय में एक विद्यार्थी के हाथ टूटने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित छात्र एवं उसके परिजनों के अनुसार, विद्यालय ड्रेस नहीं पहनकर आने के कारण प्रधानाध्यापक देवीचरण उरांव ने उसे डंडे से बेरहमी से पीटा, जिससे उसका हाथ टूट गया। घटना की जानकारी मिलते ही मामला गरमा गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि शिक्षक की अनुशासनात्मक सजा के नाम पर की गई मारपीट ने बच्चे को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस विषय में जब प्रधानाध्यापक देवीचरण उरांव से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि "प्रार्थना के समय कुछ बच्चे क्लास रूम में थे, जिन्हें बुलाने गया था। कई बार कहने पर भी जब वे बाहर नहीं आए तो हल्की छड़ी पीठ पर चलाई थी। इसी दौरान छात्र ने हाथ से रोकने की कोशिश की, जिससे हल्की चोट लगी।" इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने त्वरित संज्ञान लेते हुए स्पष्ट किया कि "यदि जांच में मामला सत्य पाया जाता है तो संबंधित शिक्षक पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।" साथ ही उपायुक्त ने डीईओ सह डीएसई को तत्काल स्थल निरीक्षण कर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश भी जारी किया है।

# 6 दिवसीय पलाश शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न, बहुभाषी शिक्षा को मिलेगा बल




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत मिशन के तहत झारखंड में प्रारंभ किए गए पलाश-बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत 6 दिवसीय जिला स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 17 से 22 जुलाई 2025 तक डायट चिरी, लोहरदगा में किया गया, जो मंगलवार को सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन डीएसई सह डीईओ अभिजीत कुमार, एपीओ एम्लेन सुरिन तथा डायट प्राचार्य प्रभारी एवं फैकल्टी सदस्यों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में लैंग्वेज एन्ड लर्निंग फाउंडेशन की टीम द्वारा तकनीकी सहयोग भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पलाश एमएलई कार्यक्रम अंतर्गत नवविकसित पाठ्यपुस्तकों एवं शिक्षक संदर्शिका पर शिक्षकों को प्रशिक्षित करना एवं कक्षा शिक्षण में बहुभाषी दृष्टिकोण को प्रभावशाली ढंग से लागू करना था। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को मुख्य दक्षताओं पर आधारित गतिविधियाँ, मौखिक गणित बातचीत, डिकोडिंग एवं लेखन कौशल, पठन क्षमता विकास, खेल आधारित गणित शिक्षण, साप्ताहिक योजना निर्माण, मूल्यांकन एवं ट्रैकर पद्धति सहित विविध शैक्षणिक पहलुओं पर सत्र आयोजित किए गए। शिक्षकों ने समूह कार्य के माध्यम से पाठ योजना तैयार की, उसका प्रस्तुतिकरण दिया तथा शिक्षक संदर्शिका के अनुरूप सुधारात्मक सुझावों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर सभी 50 चिन्हित विद्यालयों को पाठ्यपुस्तक एवं शिक्षक संदर्शिका का वितरण भी किया गया। डीईओ अभिजीत कुमार ने मातृभाषा आधारित शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए शिक्षकों से कक्षाओं में बहुभाषी शिक्षा को प्रभावशाली रूप से क्रियान्वित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बच्चों की मातृभाषा में शिक्षा से बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक कौशल के विकास को नई दिशा मिलेगी।


## न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, रंका

### प्रेस विज्ञप्ति

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका न्यायालय में प्राप्त भूमि बिक्री अनुमति वाद सं0– 22/2024–25 विक्रेता– प्रमोद चौधरी पिता– स्व0 महावीर चौधरी जाति– कुर्मी (पिछड़ा वर्ग) ग्राम– रंका कला पो0– रंका, थाना– रंका जिला– गढ़वा तथा क्रेता– अरूण कुमार चौधरी पिता– स्व0 भोला चौधरी जाति– कुर्मी (पिछड़ा वर्ग) ग्राम– रंका कला पो0– रंका, थाना– रंका जिला– गढ़वा द्वारा छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(B)के अन्तर्गत मौजा– रंका कला खाता सं0– 328 प्लॉट सं0– 1323 रकबा– 0.00$\frac{1}{4}$ ए0, खाता सं0– 328 प्लॉट सं0– 1327 रकबा–0.02$\frac{1}{2}$ए0 कुल रकबा– 0.02$\frac{3}{4}$ ए0, के लिए अनुमति अपील वाद समर्पित किया गया है। उक्त वाद से संबंधित किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो 15 दिनों के अन्दर आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका।

PR 357950 Land Reforms(25-26)D

## न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, रंका

### प्रेस विज्ञप्ति

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका न्यायालय में प्राप्त भूमि बिक्री अनुमति वाद सं0– 08/2022–23 विक्रेता– कौशल्या देवी पति–स्व0 मनराज सिंह जाति– खरवार (अनुसूचित जनजाति) ग्राम– हेताड़ कला पो0– बरवाडीह, थाना– चिनियॉ, जिला– गढ़वा तथा क्रेता– शीला देवी पति– लल्लू सिंह जाति– खरवार (अनुसूचित जनजाति) ग्राम– हेताड़ कला पो0– बरवाडीह, थाना– चिनियॉ, जिला– गढ़वा द्वारा छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(A)के अन्तर्गत मौजा– हेताड़ कला खाता सं0– 98 प्लॉट सं0– 506 रकबा– 0.07 ए0, प्लॉट सं0– 507 रकबा– 0.76 ए0, प्लॉट सं0– 515 रकबा– 0.64 ए0, प्लॉट सं0– 1659 रकबा– 1.15 ए0, प्लॉट सं0– 1804 रकबा– 0.04 ए0, प्लॉट सं0– 1807 रकबा– 0.09 ए0, प्लॉट सं0– 1810 रकबा– 0.54 ए0 एवं प्लॉट सं0– 1817 रकबा– 0.02 ए0 के लिए अनुमति अपील वाद समर्पित किया गया है। उक्त वाद से संबंधित किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो 15 दिनों के अन्दर आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका

PR 357945 Land Reforms(25-26)#D

## जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा
### (जिला भू–अर्जन शाखा)

### आदेश

NH-75 पथ कुडू से उदयपुरा तक पथ निर्माण परियोजना में भूमि अधिग्रहण के मुआवजा भुगतान हेतु रैयतों से आवश्यक दस्तावेज यथा खतियान की छायाप्रति, अद्यतन लगान रसीद (Online Rasid) आधार कार्ड, वोटर आई0डी0, बैंक पासबुक, शपथ पत्र, इण्डमिनिटी बॉण्ड पेपर, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, वंशावली, दो रंगीन फोटो प्राप्त करने एवं अन्य आवश्यक जानकारी देने हेतु शिविर का आयोजन किया जाता है।

शिविर की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0सं0 | शिविर की तिथि | अंचल का नाम | समय | शिविर का स्थल | ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 23.07.2025 | कुडू | 11:00 बजे पूर्वाहन | आंगनबाड़ी केन्द्र, कुन्दों | कुन्दो |
| 2 | 25.07.2025 | कुडू | | पंचायत भवन कुडू | कुडू |
| 3 | 26.07.2025 | कुडू | | पंचायत भवन, जीमा | टिको |

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 357911 Lohardaga(25-26)#D

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
## जिला नियोजनालय, चतरा

**प्रथम चरण रोजगार मेला 2025–.26**

**एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला रोजगार मेला स्थल : चतरा कॉलेज चतरा के नजदीक हैलीपैड ग्राउंड तिथि : 25 जुलाई 2025**

**सूचना**

दत्तोंपत ठेंगरी रोजगार योजना के अन्तर्गत राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र के प्रतिशठानों में नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय चतरा के तत्वावधान में **दिनांक 25.07.2025 को** एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगरी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

**रोजगार मेला से संबंधित विवरण निम्न प्रकार है :–**

| Stall No. | Name & Address of the Employer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age Yrs | Sex | Exp. | Job location | Pay/Salary |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | VPR VGR | Asst.Mechanic | 05 | ITI | 18-30 | – | 3Years | Tandwa | 11000 + Food + Accomo dation |
| | | Helper | 05 | 10th | 18-30 | – | 0 | | 7000 + Food + Accomo dation |
| 02 | JARL PVT.LTD | Accountant | 01 | Graduate With Tally | 20 to 35 | Male | 2 Years | Amarpali | 15,000/- |
| | | Supervisor | 02 | 12th | | | | | 12,000/- |
| | | Vagmant | 02 | | | | | | 12,000/- |
| 03 | Prestige Services | Safety | 02 | ITI (Ele)+ Diploma Fire and safety | 21 to 30 | Male | 03 Years Minimum | NTPC Tandwa | SW/22000 |
| | | C&I Engineer | 01 | Diploma B.Tech (EEE) | 25 to 35 | | 05-07 Years Minimum | | 30K + 35K |
| | | Electrical Engineer | 01 | Diploma B.Tech (EEE) | 25 to 35 | | 05-07 Years Minimum | | 30k + 35K |
| | | PLC Engineer | 01 | Diploma (EE/EEE) | 25 to 35 | | 05- 07 Years | | 30K + 35K |
| | | Supervisor | 01 | ITI/Diploma | 25 to 35 | | 05-07 Years | | 25 to 30K |
| | | Technician | 02 | ITI/ Diploma Electrical | 21 to 30 | | 03- 05 Years | | SSW/SW |
| 04 | MNC | FAN Fitter | 01 | ITI/ 3yrs Diploma | Min 25 yrs | Male | Mini 5 Yrs | North Karanpura Tandwa | 25K to 30k |
| | | ESP Fitter | 01 | ITI | | | | | 20 to 30K |
| | | Valve Fitter | 01 | ITI | | | | | 25 to 30K |
| | | Helper | 01 | 10th Pass /ITI | 20 yrs | | 1 to 2 yrs | | As Per NTPC |
| 05 | Sai Urja Indo Ventures Ltd, NTPC, Tandwa | Helper | 06 | Not Required | 18 to 40 | Male | — | NTPC, Tandwa | 14,066/- |
| 06 | M/S Vindhya Construction | Lab Assistant | 02 | M.Sc (Chemistry) | 18-25 | Male | — | North Karonpura NTPC Tandwa Chatra | 15,000 to 20,000/- |
| | | Housekeeping | 03 | 10th Pass | | | — | North Karonpura NTPC Tandwa | 10,000 to 15,000 |
| 07 | MBPL (Saifulla ansari) | Helper (USW) | 05 | Matric | 19 to 40 | Male | 0-2 Year | NKSTPP | 541 (Per Day) |
| 08 | Suraj Lal Singh | Sweeper | 03 | Non Matric | 18 to 50 | Male | 00 | Main Plant Operation (Tandwa) | 15504/- |
| 09 | PRUMATECH SERVICES PVT LTD | CONVEYOR OPERATOR | 02 | ITI | 20-30 | Male | Min 2 years Experience In Power Plant | CHP | 15000/- |
| | | LIFT OPERATOR | 02 | | | | | | 15000/- |
| 10 | Flipkart, Blinkit, Amazon | TL, Sorter | 500 | 10th + Graduation | 18-30 | M/F | 1 Year | Jharkhand, Bihar, kolkata | 12,000 to 20,000 |
| 11 | M/S Sri Ganpati Downa Plate Loga Wodha | Helper | 06 | Non Matric | 18+ | Female | Non | Chatra | 7,500/- |
| | | Driver | 01 | Matric+ Inter | | Male | 1 Year | | 9,000/- |
| | | Flour Mile Operator | 01 | | | Male | 2 Years | | 15,000/- |
| 12 | Chaitanya India Fin Credit Pvt LTD Hazaribagh Jharkhand (825301) | SFO | 50 | 10th to 12th | 18 to 28 | Male | Fresher | Chatra, Hazaribagh, Pratappur, Koderma,Bokaro,Dhanbad | 12,770/- |
| 13 | Credit Access Grameen Limted | TKM | 20 | 12th .ITI, Graduation | 18 to 30 (M) 18 to 35 (F) | — | Only Fresher | Anywhere In Jharkhand | 12,250/- |
| 14 | ACME Education Solution Pvt. Ltd. | Mobilizer | 2 | Graduation /Inter | 18-35 | Male | 2 Years Field Experience | Ranchi | 10000-12000 |
| | | Guard | 2 | Matric/Inter | 18-40 | Male | 1 Year Experience | Ranchi | 9000-10000 |
| | | General Duty Assistant Trainer | 6 | GNM/ANM/ B.Sc.Nursing | 18-35 | M/F | B.Sc (Nursing) With 4 Years Of Experience GNM/ANM With 3 Years Experience | Dhanbad/Chatra/Ranchi/Gumla / Godda | 12000-15000 |
| | | Dresser (Medical) | 2 | B.Sc Nursing | 18-35 | M/F | B.Sc (Nursing) With 4 Years Of Experience GNM/ANM With 3 Years | Ranchi | 12000-15000 |
| | | Sampling Tailor Trainer | 2 | Diplome/AMT, from NIFT, Or any other Polytechnic/ institute in the core subject. | 18-35 | Fe Male | 3 Years Experience | Ranchi | 10000-12000 |
| | | Computer Operator | 2 | Graduate any stream & ADCA Diploma/BCA | 18-35 | M/F | 1 Year Experience | Chatra | 10000-12000 |
| | | Cook | 3 | Matric | 18-35 | Male | 2 Year Experience Cooking | Chatra/Ranchi/ Itkhori | 9000-11000 |
| | | Driver | 2 | Matric | 21-35 | Male | 3 Year Experience and DL-LMV/HMV | Chatra/Ranchi | 10000-12000 |
| 15 | SVATANTRA Micro Fin PVT. LTD | Field Officer | 55 | 10 th Pass and Abvove | 18-28 | Male | 0-1 Year Fresher Can apply | Chatra Bagra Itkhori All Over Jharkhand | 15000/- & Incentive upto 12K |
| | | Relationship Officer | 20 | | 18-35 | | 0-1 Year Fresher Can apply | | 15000/- & Incentive upto 12K |
| | | Branch Manager | 15 | Graduate and Above | 18-35 | | 1 Year + Above | | Based On Experience |
| 16 | TVS | Service Helper | 01 | Graduate/ITI | 25-30 | Male | Min 5 Years | Chatra | 12,000/- |
| | | Washing Boy | 02 | 12th | 25-30 | Male | | | 10,000/- |
| | | Tele Caller | 02 | Graduate | 22-28 | M/F | | | 12,000/- |
| 17 | RLKVM | Physical Teacher | 01 | MA+ B.P.ED | 18-40 | Female | 2 Year | Chatra | 10k-15K |
| | | Sanskrit | 01 | MA+ B.ED | | | 5 Years | | |
| | | Hindi | 01 | MA+ B.ED | | | | | |
| | | Science | 01 | M.Sc+ B.ED | | | | | |
| 18 | Aadhya HR Solutions Pvt Ltd | | | | | | | | |
| A | Sterling Tools Indat Ltd | Junior Technician | 100 | ITI & Diploma | 18 to 35 | Male | Fresher's | Vemgal Kolar (Karnataka) | 19,000/- |
| B | TBEA Green Energy Pvt Ltd | Production Operators | 100 | | | | Fresher's (Electrician,Wireman,EE/EC/EE) | Bidadi Bengaluru (Karnataka) | 19,000/- |
| C | SHIVAM AUTO-TECH LTD | CNC & VMC Operators | 200 | 10th/12th/ITI/ Diploma/ Degree | 18 to 45 | | Fresher's | Vemgal Kolar (Karnataka) | 23,047/- |
| D | SV ESCONGATE INDUSTRIES | C02 & MIG WELDERS | 50 | Not Required | 18 to 50 | | 06 Months to 5 Year's | Dabaspet Harohalli Bengaluru | 20,000 to 27,000 |
| E | Ductrove Innovations Pvt Ltd | HELPERS | 50 | Not Required | 18 to 50 | | Fresher's | Chikkaballapura (Karnataka) | 15,000/- |
| 19 | C R Garments | Sewing Machine Operator | 100 | 10th | 18-36 | Female | 0-3 | Tripur | 15912 |
| 20 | Rajasthan Textile mills | Machine Operator | 200 | 5th to 12th | 18 to 35 yrs | M/F | More than 1 Years | Bhawani Mandi Rajasthan | 15967/- |
| | | Learner | 100 | 5th to 12th | 18 to 30 yrs | | Fresher | | 8053/- |

अतः योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटवर्ती नियोजनालय में निबंधन कराते हुए उक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने बायोडाटा एवं सभी प्रमाण पत्रों यथा– शैक्षणिक, तकनिकी योग्यता, अनुभव, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, नियोजनालय का वैद्ध निबंधन कार्ड की मूल एवं छाया प्रति तथा अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ निर्धारित तिथि (25 जुलाई 2025) को **पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराहन् 04.00 बजे तक** मेला स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। वैसे उम्मीदवार जो पूर्व से झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित है, उन्हें इस रोजगार मेला के लिए दुबारा निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है।

अतः साक्षात्कार एवं रिक्ती संबंधी सेवा शर्तो के लिए वे सीधे उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है। चयन एवं नियुक्ति की प्रक्रिया में नियोजनालय की कोई भूमिका नहीं है। इस हेतु कोई भी मांग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा। इस एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला में बेराजगार युवक/युवतियाँ भाग लेकर इसका भरपूर लाभ उठा सकते है।

**नोट :– विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजनालय, चतरा से सम्पर्क कर सकते हैं।**

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय, चतरा

PR 357885 (Labour Employment and Traning)25-26*D

## न्यूज बॉक्स

### पीवीटीजी समुदाय के शत-प्रतिशत आधार कवरेज के लिए विशेष अभियान जारी



**गुमला।** गुमला जिला प्रशासन द्वारा जिले के अत्यंत पिछड़े जनजातीय समूह (पीवीटीजी) को आधार जैसी महत्वपूर्ण पहचान सुविधा से शत-प्रतिशत आच्छादित करने के उद्देश्य से 16 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक विशेष आधार पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले की सभी पीवीटीजी पंचायतों में आधार नामांकन एवं अद्यतन हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही जो लोग स्वास्थ्य, दूरी या अन्य कारणों से शिविरों में नहीं पहुंच पा रहे हैं, उनके लिए घर-घर जाकर आधार सेवा (डोर-टू-डोर) भी उपलब्ध कराई जा रही है। पूर्व में उपायुक्त के गुरदरी भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने आधार संबंधित समस्याएं बताई थीं। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने विशेष शिविर आयोजन का निर्देश दिया था। मंगलवार को आयोजित शिविर में 20 नए आधार कार्ड बनाए गए, और 20 आधार कार्डों का अद्यतन किया गया। साथ ही जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित सेवाएं भी दी गईं, जिससे नामांकन में तकनीकी दिक्कतें न आएं। मंगलवार को बिशुनपुर, डुमरी, घाघरा, गुमला और रायडीह प्रखंड के मेराल, गुरदरी, करनी, खेताली, मझगांव, बीमरला, सारंगो, जर्जटा और अनजन पंचायतों में विशेष आधार शिविर लगे। इन शिविरों के माध्यम से कुल 53 नए आधार नामांकन और 86 आधार अपडेट सफलतापूर्वक पूरे किए गए। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा है कि जिले का कोई भी पीवीटीजी परिवार आधार जैसी बुनियादी सेवा से वंचित न रहे, इसके लिए हर पंचायत में गहन योजना के साथ शिविर संचालित किए जा रहे हैं।

### गुरु पूर्णिमा व गुरु दक्षिणा कार्यक्रम आयोजित



**भरनो।** सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भरनो के सभागार में मंगलवार को "गुरु पूर्णिमा एवं गुरु दक्षिणा" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विभाग संचालक साहू प्रकाश एवं खंड कारवां प्रमुख अनिल गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवा ध्वज को गुरु स्वरूप मानकर ध्वजा वंदन से हुई। उपस्थित गणमान्यजनों, विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों ने गुरु दक्षिणा अर्पित करते हुए संघ मूल्यों और परंपराओं के प्रति आस्था प्रकट की। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष किशोर साहू, सचिव श्रीकांत केशरी, हरिशंकर शाही, संतोष कुमार पांडा, डॉ. अनूप कुमार सिंह, पी.के. सिंह, श्रीराम केशरी, मुकेश सिंह, बलदेव गोप, बजरंग गुप्ता, दीपक केशरी, सी.के. शर्मा, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय, सिदेश्वर साहू, वीरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार शाही, संतोष तिवारी एवं लिविंग केरकेट्टा सहित बड़ी संख्या में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षाविद और छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने गुरु-शिष्य परंपरा, संस्कार निर्माण, और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों पर प्रकाश डाला।

### नायरा पेट्रोल पंप में पेट्रोल देने में किया जा रहा हेरा-फेरी, वीडियो हुआ वायरल

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड क्षेत्र के रेड़वा स्थित नायरा पेट्रोल पंप में पेट्रोल दिए जाने के दौरान हेरा फेरी की घटना सामने आ रही है। देखा जा रहा है कि जब लोग पेट्रोल भराने जाते हैं,तो मशीन में पेट्रोल के अमाउंट के अनुसार फिक्स करके ग्राहकों को पेट्रोल दिया जाता है लेकिन पेट्रोल डालने से पहले ही मीटर चालु हो जाता है जिसके कारण ग्राहकों को कम पेट्रोल मिलता है। रेड़वा स्थित नायरा पेट्रोल पंप का एक वीडियो मंगलवार शाम 4:00 बजे के आसपास ऐसे ही वायरस होते दिखा। जिसमें पेट्रोल पंप कर्मी द्वारा ग्राहकों को पेट्रोल दिए जाने के दौरान मीटर पहले ही चालू हो गया था। जब उसकी जांच के लिए एक पानी बोतल में 50 का पेट्रोल भराया गया तो उसकी मात्रा लगभग 800 एमएल थी। जो कीमत के अनुरूप ज्यादा थी जबकि उसकी मात्रा 500 एमएल के आसपास होनी चाहिए थी। इस बारे में जब पेट्रोल पंप के मैनेजर से पूछा गया तो उन्होंने इसका कुछ भी जवाब नहीं दिया। इससे पूरी तरह से निश्चित हो गया कि पेट्रोल पंप में पेट्रोल की हेरा फेरी हो रही है और ग्राहकों को कम पेट्रोल दिया जा रहा है। जब जांच की बात आती है तो बढ़ाकर पेट्रोल दिखा दिया जाता है। और इस तरह से लोगों के आंखों में धूल झोंक कर पेट्रोल की हेरा फेरी करते हैं। क्षेत्र भर के अन्य पेट्रोल पंप में भी इस तरह का मामला जांच करने पर मिल सकता है। बहरहाल ग्रामीणों का कहना है कि लोगों के साथ पेट्रोल देने में हेरा फेरी हो रही है जो साफ साफ लुट को दर्शाता है इससे ग्राहकों को नुकसान हो रहा है। इसकी ऊंच स्तरीय जांच होनी चाहिए। और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### फिया फाउंडेशन ने चैनपुर में वन अधिकार एवं प्रबंधन पर कार्यशाला संपन्न

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड सभागार में फिया फाउंडेशन के तत्वावधान में 10 गांवों के वन अधिकार समिति के सदस्यों और वन प्रबंधन समिति के प्रतिनिधियों के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वन अधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक वन संसाधनों के प्रबंधन और अधिकारों को सुदृढ़ करना था।कार्यशाला की शुरुआत करते हुए फिया फाउंडेशन की राज्य प्रतिनिधि स्मृति सोरेन ने बताया कि उनके संगठन का लक्ष्य चैनपुर प्रखंड के 65 गांवों में वन परियोजनाओं के तहत काम करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिन गांवों को सामुदायिक वन अधिकार मिल चुका है, वहां गांव-आधारित कार्ययोजनाएं तैयार की जाएंगी। इसके साथ ही, उन्होंने उन गांवों से सामुदायिक आवेदन जमा करने का आग्रह किया, जिन्होंने अभी तक ऐसा नहीं किया है। राज्य से आए एक अन्य प्रतिनिधि आलोक उरांव ने प्रतिभागियों को बताया कि वे अपने गांवों में परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए ग्राम सभा के निर्णय के अनुसार योजनाएं तैयार कर सकते हैं। इसके बाद, प्रखंड समन्वयक ललित जी ने उन 6 गांवों की कार्ययोजनाओं को प्रस्तुत किया, जिन्हें पहले ही सामुदायिक वन पट्टा मिल चुका है। इन प्रस्तुतियों पर सभी उपस्थित गांव प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।वन विभाग से आए वनपाल चंद्रेश उरांव ने बताया कि वन विभाग भी इस तरह के कार्यों में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है।

### "उन्नति का पहिया" योजना के तहत 175 छात्र-छात्राओं को वितरित की गई साइकिलें

**भरनो।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी "उन्नति का पहिया" योजना के तहत मंगलवार को प्लस 2 हाई स्कूल, भरनो के प्रांगण में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के कुल 175 छात्र-छात्राओं के बीच निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख पारसनाथ उराँव, बीडीओ अरुण कुमार सिंह तथा बीपीओ सूरज लकड़ा ने छात्रों को साइकिल सौंपी और उन्हें शिक्षा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि यह योजना झारखंड सरकार की शिक्षा को बढ़ावा देने की एक बड़ी पहल है। इसका उद्देश्य दूर-दराज़ गांवों के विद्यार्थियों को स्कूल तक पहुंचने में सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से इस सुविधा का बेहतर उपयोग करने की अपील की। वहीं प्रमुख पारसनाथ उराँव ने कहा कि, "गांवों से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए यह साइकिल बहुत सहायक सिद्ध होगी। इससे उनकी समय की बचत होगी और नियमित उपस्थिति भी सुनिश्चित हो सकेगी।" इस मौके पर बीआरपी समीम एजाज, रंजीत महतो, नकुल सरकार समेत कई विद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने इस योजना की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन और अनुशासन की राह पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर डीसी-एसपी की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित

# मुख्य समारोह को प्रेरणादायक बनाने पर दिया गया विशेष जोर

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभागार में एक विशेष समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की संयुक्त अध्यक्षता उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हरीश बिन ज़मान ने की। बैठक में जिले स्तर पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की रूपरेखा, विभागीय दायित्व, तैयारियों की स्थिति और आपसी समन्वय के बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि "स्वतंत्रता दिवस हमारे देश की गरिमा और बलिदान की भावना का प्रतीक पर्व है, जिसे पूरी मर्यादा और भव्यता से मनाया जाना चाहिए।" 15 अगस्त को ड्राई डे घोषित किया जाए। नगर परिषद मांस विक्रय पर रोक लगाए। कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, रंग-रोगन, मंच निर्माण, विद्युत व्यवस्था, ध्वनि प्रणाली और सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। स्वतंत्रता सेनानियों व आंदोलनकारियों के परिजनों के लिए विशेष सम्मान और सुविधा सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक हरीश बिन ज़मान ने परेड की गुणवत्ता, अनुशासन, और स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात कही। सिविल सर्जन कार्यक्रम स्थल पर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करें। एसडीपीओ परेड अभ्यास को नियमित और व्यवस्थित रूप से संचालित करें। सुरक्षा को लेकर पूरे जिले में सतर्कता और निगरानी रखी जाए ताकि समारोह शांतिपूर्ण और सफल हो। बैठक के दौरान सहायक निदेशक (सामान्य शाखा) ललन कुमार रजक ने समारोह की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। इसमें ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, माल्यार्पण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पुरस्कार वितरण समेत विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा और विभागवार जिम्मेदारियां स्पष्ट की गईं। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, एसडीओ सदर, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, नगर परिषद प्रतिनिधि, सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से अपील की कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और आपसी समन्वय के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफल, गरिमामय और प्रेरणादायक बनाने में पूर्ण सहयोग दें।

### उपायुक्त ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

**गुमला।** आमजन की शिकायतों को सुनने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने की। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 40 आवेदक अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे। इनमें अधिकतर मामले जमीन विवाद, राशन वितरण, जल-प्रदूषण, नौकरी, मुआवजा, और वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों से संबंधित शिकायतें रहीं। चेटर थाना निवासी दशरथ बाड़ा ने बताया कि भारत सरकार के भारत माला सड़क परियोजना के तहत उनकी 2 एकड़ खतियानी जमीन ली जा रही है। उन्होंने मुआवजा के लिए आवेदन दिया है, परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उपायुक्त ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में दो दिव्यांगजनों ने उपायुक्त के समक्ष आवेदन देकर बैटरी से चलने वाली तीन-पहिया साइकिल प्रदान करने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने मामले को संज्ञान में लेते हुए समाज कल्याण विभाग को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

## लापरवाही से गई डेढ़ साल की बच्ची की जान, सिस्टम पर उठे सवाल

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला सदर अस्पताल में गुमला जिले के सदर अस्पताल में मंगलवार को स्वास्थ्य व्यवस्था की लापरवाही एक मासूम बच्ची की मौत का कारण बन गई। घटना के बाद परिजनों ने गहरा आक्रोश जताते हुए अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, चैनपुर प्रखंड के कोडकोटोली गांव निवासी कमलेश उरांव अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी खुशी कुमारी को लेकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे थे। बच्ची को बीते शनिवार से तेज़ बुखार था। मंगलवार की सुबह जब उसकी तबीयत और बिगड़ गई, तो परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुँचे। परिजनों ने बताया कि वे सीधे रूम नंबर 112 में बैठे डॉक्टर के पास पहुँचे, लेकिन डॉक्टर ने पर्ची कटवाने को कहा। जब वे पर्ची काउंटर पर पहुँचे, तो वहां करीब आधे घंटे तक अनावश्यक विलंब होता रहा। इस दौरान बच्ची की हालत और खराब होती गई और इलाज शुरू होने से पहले ही उसकी मौत हो गई। सिविल सर्जन ने यह भी माना कि पर्ची कटाने की प्रक्रिया में विलंब की शिकायतें सामने आई हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाने के लिए सुधारात्मक कदम जल्द उठाए जाएंगे, ताकि भविष्य में किसी मासूम की जान नियमों या प्रक्रियात्मक देरी के कारण न जाए। एक ओर जहाँ परिजन अपनी बच्ची की मौत को अस्पताल की लापरवाही मान रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अस्पताल प्रशासन औपचारिकताओं की दुहाई दे रहा है। यह घटना गुमला के स्वास्थ्य तंत्र को बेहतर करने की ज़रूरत की एक बार फिर से कड़वी याद दिला गई है।



### सिविल सर्जन का पक्ष

घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए सिविल सर्जन गुमला ने कहा कि मौके पर मौजूद चिकित्सकों से पूछताछ की गई है। उनके अनुसार, जब बच्ची को अस्पताल लाया गया, तब वह पहले से मृत अवस्था में थी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उस समय अस्पताल में भीड़ अधिक थी और परिजन बिना पर्ची सीधे डॉक्टर से दिखाने की कोशिश कर रहे थे, पर नियमों के तहत डॉक्टर ने पर्ची लाने को कहा।

### बीडीओ ने कर्मियों के साथ की बैठक

**घागरा।** घागरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में बीडीओ दिनेश कुमार ने कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में मनरेगा योजना में महिला मानव दिवस 50% से ज्यादा कराने का निर्देश दिया। साथ ही मनरेगा में डिमांड बढ़ा, पूर्ण हो चुके योजना को बंद करने, अधिक दिनों से अधूरे पड़े योजना को बंद करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास में फील्ड विजिट कर उसकी रिपोर्ट सौंपने की बात कही। साथ ही कहा कि जिनका भी अबुवा आवास का कार्य शुरू नहीं हुआ है। उसे जल्द शुरू कराते हुए लिलटन लेवल तक लाने का निर्देश दिया। जो भी मजदूर का 100 दिन कार्य मजदूरी मनरेगा में होने वाला है उसे फोकस करते हुए पूरा कराने का कार्य करें।

### आज होगा "डिजिटल रक्षा पाठशाला" का आयोजन

**गुमला।** साइबर सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में गुमला जिला प्रशासन एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आज एक विशेष कार्यक्रम "डिजिटल रक्षा पाठशाला" का आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम पूर्वाह्न 11:30 बजे से के.ओ. कॉलेज ऑडिटोरियम, गुमला में आयोजित किया जाएगा, जिसमें साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का पैनल, प्रशिक्षण सत्र तथा संवादात्मक गतिविधियाँ शामिल होंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों, छात्रों, कर्मचारियों व तकनीकी उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा प्रोटेक्शन, सोशल मीडिया सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक सशक्त बनाना है।

### शंख मोड़-मांझाटोली सड़क की बदहाली बनी जानलेवा

## एनएच-43 का जर्जर, बारिश में बढ़ा हादसों का खतरा, लोग परेशान



नवीन मेल संवाददाता

**रायडीह।** रायडीह प्रखंड अंतर्गत शंख मोड़–माँझाटोली से गुमला–जसपुर की ओर जाने वाली मुख्य सड़क की हालत बद से बदतर होती जा रही है। खासकर मस्जिद के पास सड़क में इतना गहरा गड्ढा बन चुका है कि अब यह राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का कारण बन रहा है। बारिश के इस मौसम में स्थिति और भयावह हो गई है। सड़क पर गड्ढों में पानी भर जाने से यह समझ पाना मुश्किल हो गया है कि असली सड़क कहां है और गड्ढा कहां। इस खतरनाक मोड़ पर अब तक कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। भारी बारिश के कारण पूरे क्षेत्र में कीचड़ का अंबार है। राहगीरों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी रोजाना फिसलन और जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों के लिए यह रास्ता जानलेवा चुनौती बन गया है। यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग 43 (एनएच-43) का हिस्सा है, जो झारखंड और छत्तीसगढ़ को जोड़ता है। लेकिन उसकी यह दुर्दशा सरकारी लापरवाही की पोल खोल रही है। जिस सड़क से दो राज्यों की कनेक्टिविटी जुड़ी हो, उसकी यह दशा स्थानीय लोगों के लिए सिरदर्द बन चुकी है। शंख मोड़–माँझाटोली के ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस खतरनाक सड़क की मरम्मत कराई जाए। उनका कहना है कि "हर दिन डर के साए में चलना पड़ता है, कब कौन दुर्घटना का शिकार हो जाए, कहा नहीं जा सकता।" राष्ट्रीय राजमार्ग होने के बावजूद सड़क की यह स्थिति प्रशासनिक उदासीनता का नमूना है। स्थानीय लोगों को अब सिर्फ कागजी आश्वासनों से नहीं, जमीनी कार्रवाई की उम्मीद है।


### मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड,लोहरदगा
(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा
laghukutirgumla@rediffmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा लोहरदगा जिले के सर्वसाधारण माटीशिल्पकों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड माटीकला बोर्ड राँची द्वारा 90 प्रतिशत अनुदानित दर पर वैसे माटीशिल्पकरों के बीच विद्युत चाक का वितरण किया जाना है जो पहले किसी सरकारी संस्थान द्वारा अनुदानित दर पर विद्युत चाक प्राप्त नही है।

अतः पूर्व से आवेदन समर्पित माटीशिल्पकारों को सूचित किया जाता है कि पहले आईये पहले पाईये के आधार पर माटीशिलकार को अपना आधार का फोटो कॉपी, एक पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ, अपने बैंक पासबुक का फोटो कॉपी एवं झारखण्ड माटीकला बोर्ड राँची के पदनाम से डिमांड (रू 2345.00) ड्राफ्ट के दिनांक 03.08.2025 तक जमा करना है। तत्पश्चात आवेदक को विद्युत चाक का वितरण किया जाना है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क नं0 9065520262 जिला उद्यमी समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, कार्यालय, जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा।

जिला उद्यमी समन्वयक,
लोहरदगा

PR 357867 Lohardaga(25-26).D



### समाहरणालय, लातेहार (स्थापना शाखा)

**विज्ञापन संख्या–01/2025 (DHS)**
**आवश्यक सूचना**

दिनांक–21.07.2025 को उप विकास आयुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में विज्ञापन सं0–01/2025 (DHS) द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार के अधीन पारा चिकित्सा कर्मियों एवं अन्य जिला स्तरीय रिक्त पदों पर संविदा/अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन के विरूद्ध प्राप्त आवेदनों का स्कूटनी करने के विन्द पर समीक्षा बैठक आहूत की गई। समीक्षा बैठक में पाया गया कि प्राप्त आवेदनों को पदवार अलग–अलग छांटकर पदवार/निर्धारित अर्हता के अनुसार कम्प्यूटर में प्रविष्टि करने का कार्य पूर्ण किया गया है तथा विज्ञापन के अनुसार प्राप्त आवेदनों में जो भी कमियां पायी गयी उसे अभियुक्ति वाले कॉलम में स्पष्टउ ल्लेख कर दिया गया है। समीक्षा के कम में यह भी पाया गया कि प्रकाशित विज्ञापन के कमांक 09 एवं 13 में अंकित पद के विरूद्ध कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं तथा कमांक 21 में अंकित पद District VBD Consultant-NVBDCP जो पूर्व में निरस्त किया जा चुका है के विरूद्ध कुल 06 आवेदन प्राप्त हुए हैं एवंकुल 74 आवेदन ऐसे प्राप्त हुए हैं जिसके लिफाफे के उपर किसी भी पद का नाम एवं पद कोड अंकित नहीं किया गया है।

अतः समिति के द्वारा सर्वसम्मति से प्रकाशित विज्ञापन सं0–01/2025 (DHS) के कमांक–09, 13 एवं 22 में वर्णित पदों को छोड़कर शेष सभी पदों के लिए प्राप्त आवेदनों में जो कमियां हैं उसके लिए दिनांक–30.07.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु पदवार प्राप्त आवेदनों की सूची एवं विज्ञापन सं0–01/2025 (DHS) के कमांक 22 तथा कुल 74 वैसे अभ्यर्थियों की सूची जिसके लिफाफा में कोई भी पद का नाम एवं पद कोड उल्लेख नहीं है को भी अभ्यर्थियों के जानकारी हेतु लातेहार जिला के अधिकृत बेबसाईट www.latehar.nic.in में अपलोड करने का निर्णय लिया गया है।

अतः एतद द्वारा प्रकाशित विज्ञापन सं0–01/2025 (DHS) के विभिन्नप दों के अभ्यर्थियों को सूचित किय ाजाता है कि लातेहार जिला के अधिकृत बेबसाईट www.latehar.nic.in पर अपलोड डाटा का अवलोकन कर दिनांक–30.07.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक अपनेपक्ष में दावा–आपत्ति जिला स्थापना शाखा, लातेहार में निश्चित रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावा–आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायगा।

PR.NO.357872 District(25-26):D — उप विकास आयुक्त, लातेहार।



### झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक– 3060 दिनांक–03.08.2023 के निदेशानुसार विज्ञापन सं0–JBAV/01/2023 के आलोक में जिले के 3 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय–बरडीहा, केतार एवं डंडा में रिक्त पदों के विरूद्ध पूर्णयतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु दिनांक 16.07.2025 को जिला चयन समिति की बैठक में अभ्यर्थियों का अनुमोदित समेकित औपबंधिक सूची एवं अस्वीकृत अभ्यर्थियों की सूची जिले के आधिकारिक बेवसाईट www.garhwa.nic.in पर प्रकाशित किया गया है। अगर किसी अभ्यर्थी को प्रकाशित डाटाबेस में कोई आपत्ति दर्ज करानी हो तो वे दिनांक 08/08/2025 के सायं 5:00 बजे तक कार्यालय– **झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा, विकास भवन–बी0 समाहरणालय परिसर, प्रथम–तल पिन कोड–822114** में साक्ष्य के साथ अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है। टंकनीय भूल के अलावा कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा, तथा आवेदन के साथ उपलब्ध कराये गये दस्तावेज के अतिरिक्त आपत्ति के समय प्रस्तुत कोई भी नया दस्तावेज या दावा मान्य नहीं होगा। निर्धारित तिथि के समाप्ति के पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा।

PR.NO.357938 Human Resource Developement(25-26):D



### न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, रंका

**प्रेस विज्ञप्ति**

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका न्यायालय में प्राप्त भूमि बिक्री अनुमति वाद सं0–14/2025–26 विक्रेता– रामसकल सिंह पिता– स्व0 महाबीर सिंह जाति– खरवार (अ0ज0जा0) ग्राम–बघवार पो0– कंजिया, थाना– भण्डरिया जिला– गढ़वा तथा क्रेता– प्रेमी देवी पति– राजू नायक जाति– खरवार (अ0ज0जा0) ग्राम– बघवार पो0– कंजिया, थाना– भण्डरिया जिला–गढ़वा द्वारा छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(A)के अन्तर्गत मौजा–बघवार खाता सं0– 79 प्लॉट सं0– 1389 रकबा– 0.64 ए0, खाता सं0– 79 प्लॉट सं0– 1558 रकबा–0.39 ए0 तथा खाता सं0– 79 प्लॉट सं0– 1610 रकबा– 0.40 ए0 कुल रकबा– 1.43 ए0 के लिए अनुमति अपील वाद समर्पित किया गया है। उक्त वाद से संबंधित किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो 15 दिनों के अन्दर आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

भूमि सुधार उपसमाहर्ता,
रंका

PR 357944 Land Reforms(25-26).D



### कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
Phone no.06562 224033 (खेल शाखा) email id:- palamukhel@gmail.com

**विज्ञापन**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–552/ राँची, दिनांक–15.10.2024 द्वारा विभागीय नवगठित मार्गदर्शिका सिद्धांत में अंकित प्रावधानों के अनुरूप पलामू जिलान्तर्गत नवसृजित डे–बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में यथा निर्धारित प्रक्रिया एवं वांछित अहर्त्ता के आधार पर प्रशिक्षकों की नियुक्ति (दैनिक पारिश्रमिक अथवा विभाग द्वारा अनुमादित मानदेय पर) हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रमांक | नवसृजित डे–बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | खेल विद्या का नाम | प्रशिक्षक पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, पीपरा, पलामू | कुश्ती (बालक वर्ग) | 01 |
| 02 | स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, पीपरा, पलामू | कुश्ती (बालिका वर्ग) | 01 |
| 03 | राजकीयकृत बक्शी उच्च विद्यालय, हुसैनाबाद | कबडडी (बालिका वर्ग) | 01 |
| कुल :– | | | 03 |

1. खेल प्रशिक्षक हेतु योग्यता :–
A. शैक्षणिक योग्यता :– स्नातक उतीर्ण एवं
खेल योग्यता :– भारतीय खेल प्राधिकरण अन्तर्गत संचालित National Institute of Sports से सर्टिफिकेट कोर्स/विभिन्न खेल संघों द्वारा जारी प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र (Level – C to A)/एम0पी0एड0 /बी0पी0एड0/बी0पी0ई0।
अथवा
B. शैक्षणिक योग्यता :– इन्टरमिडियट उत्तीर्ण एवं
खेल योग्यता :– राष्ट्रीय खिलाड़ी पदक विजेता/अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी
2. उम्र सीमा :– 20 से 50 वर्ष।
3. आवासीय प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. संबंधित जिले में प्रशिक्षक नहीं मिल पाने पर निकटवर्ती जिला के प्रशिक्षक को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा अतिकुशल सरकारी दैनिक कर्मियों हेतु निर्धारित अद्यतन पारिश्रमिक राशि का भुगतान किया जायेगा।
6. प्रत्येक तीन वर्षों के अन्तराल पर प्रदर्शन के आधार पर प्रशिक्षकों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जायेगा, जिसके आधार पर उनकी सेवा समाप्त या नवीनीकरण किया जा सकेगा।
7. प्रशिक्षकों की सेवा प्रति कार्य दिवस न्यूनतम 02 घंटे व अधिकतम 03 घंटे की होगी, सप्ताह में कम–से–कम 01 दिन (रविवार) का अवकाश होगा।
8. प्रशिक्षक क्रीड़ा निदेशालय के नियमित कर्मी नहीं माने जाएँगे, न ही वे संविदा के आधार पर अथवा नियमित आधार पर नियुक्ति का दावा करने के पात्र होंगे।
9. उक्त प्रशिक्षक की नियुक्ति पूर्ण रूप से अस्थायी होगी।

नोट :–1. आवेदन पत्र के साथ सभी प्रमाण पत्रों (शैक्षणिक योग्यता एवं खेल योग्यता) की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
2. अधिक जानकारी हेतु समाहरणालय स्थित जिला खेल कार्यालय, पलामू में संपर्क किया जा सकता है।
3. इच्छुक आवेदक दिनांक 31.07.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक अपना आवेदन पत्र समाहरणालय स्थित जिला खेल कार्यालय, पलामू में जमा करेंगे।
**4. उक्त विज्ञापन में किसी तरह का संशोधन या रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।**

जिला खेल पदाधिकारी,
पलामू

PR 357871 District(25-26).D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

हमेशा सहज रहने की चाह में आप आलसी हो जाते हैं, हमेशा पूर्णता की चाह में, आप क्रोधित हो जाते हैं, हमेशा अमीर बनने की चाह में आप लालची हो जाते हैं। - **श्री श्री रवि शंकर**

## संपादकीय

# निजी क्षेत्रों की बढ़ोत्तरी और देश हित

सरकारी नौकरी सभी को चाहिए और सेवा निजी क्षेत्रों जैसी इस चर्चा के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था में अनुसंधान एवं विकास पर यहां के उद्योगों में बहुत कम निवेश होता है। आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं। वर्ष 2000 तक भारत का विश्व के कुल अनुसंधान एवं विकास में 2.1 प्रतिशत का अंशदान था, जो पिछले 25 वर्षों में बढ़कर मात्र 2.58 प्रतिशत तक ही पहुंचा है। भारतीय अर्थव्यवस्था में अनुसंधान एवं विकास (रिसर्च एंड डेवलपमेंट) पर कुल खर्च जीडीपी का मात्र 0.7 प्रतिशत है, वहीं पिछले 25 वर्षों में वैश्विक स्तर पर शोध एवं विकास के खर्चे में तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2000 में वैश्विक स्तर पर यह एक हजार अरब डॉलर के बराबर था, जो आज तीन हजार अरब डॉलर के आसपास है। इस निवेश में सबसे अधिक हिस्सा दक्षिण एशियाई देशों का है, जिनकी हिस्सेदारी 40 प्रतिशत की है। उसके बाद उत्तरी अमेरिका, जिसमें अमेरिका व कनाडा का संयुक्त अंशदान 29 प्रतिशत और यूरोप का 21 प्रतिशत का है। सबसे अधिक आश्चर्यचकित चीन ने किया है। वर्ष 2000 तक चीन का अंशदान चार प्रतिशत के आसपास था, जो आज बढ़कर 26 प्रतिशत हो गया है। चीन की अनुसंधान एवं विकास में बढ़ोतरी अपने आपमें साबित करती है कि वह क्यों आज उत्पादन के क्षेत्र में सबसे अग्रणी अर्थव्यवस्था है। वैश्विक स्तर पर कंपनियां अपने मुनाफे का तकरीबन दो तिहाई हिस्सा वार्षिक स्तर पर रिसर्च एंड डेवलपमेंट में निवेश करती हैं, जबकि भारतीय कंपनियों में यह सिर्फ एक तिहाई हिस्से से कुछ ही ज्यादा है। इसी के चलते वैश्विक पटल पर यह चर्चा है कि अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और चीन ही वैश्विक बागडोर संभालने में सक्षम हैं, क्योंकि इनके यहां पूंजी का अधिकतम निवेश अनुसंधान एवं विकास में किया जाता है। देखा जाता है कि किसी भी उत्पाद का शुरुआती विक्रय मूल्य कंपनी द्वारा बहुत अधिक रखा जाता है तथा उसे एक या दो वर्ष बाद आधे मूल्य पर बेचा जाता है। इसके पीछे का मुख्य आधार यह है कि बड़ी कंपनियां इस तथ्य से अवगत हैं कि उन्हें शुरुआती समय में अपने उत्पाद को धनाढ्य लोगों को ही बेचना है और उन के माध्यम से अपने उत्पाद को एक ब्रांड के रूप में स्थापित भी करना है। वास्तविकता है कि इन कंपनियों द्वारा धनाढ्य लोगों से वसूल किया गया विक्रय मूल्य उत्पादन की लागत का दोगुना होता है और उसी मुनाफे को अनुसंधान एवं विकास में निवेश किया जाता है, ताकि इन्हीं धनाढ्य लोगों के लिए जल्द से जल्द नई श्रेणी के उत्पाद को उपलब्ध करवाया जा सके। क्या वास्तव में भारतीय कंपनियां नवाचारों को अधिक महत्व नहीं देती हैं? पिछले कुछ वर्षों से इस पक्ष पर भारत में एक नई सोच बड़ी तेजी से आगे बढ़ती दिख रही है, जो साबित कर रही है कि भारत लगातार श्रमिकों की कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिए अनुसंधान एवं विकास में अधिक निवेश कर रहा है। विभिन्न कंपनियां जिनमें स्विगी, जोमैटो, इन्फ्रामार्ट, ब्लिंकिट आदि में ऑर्डर दिए जाने के दस मिनट के अंदर ग्राहक के पास उसकी पसंद का उत्पाद कंपनी द्वारा पहुंचा दिया जाता है, निश्चित रूप से यह एक नवाचार के अंतर्गत ही आता है। इन सबके अलावा पिछले तीन-चार दशकों से सफलतापूर्वक संचालित हो रहे मुंबई के टिफिन सिस्टम को भी याद रखना उचित होगा, जो कि भारतीय समाज में अनुसंधान एवं विकास का श्रमिकों में निवेश का एक जीता-जागता उदाहरण है। भारत विशाल जनसंख्या वाला देश है।

*देखा जाता है कि किसी भी उत्पाद का शुरुआती विक्रय मूल्य कंपनी द्वारा बहुत अधिक रखा जाता है तथा उसे एक या दो वर्ष बाद आधे मूल्य पर बेचा जाता है।*

# आम आदमी के क्षितिज को अनुप्राणित करती है भारत की अंतरिक्ष यात्रा



इसकी शुरुआत बमुश्किल दिखाई दे रही एक दरार से हुई-जो फाल्कन-9 बूस्टर की प्रेशर फीडलाइन के वेल्ड जॉइंट में छिपी हुई थी। यह अंतरिक्ष उड़ान की विशाल मशीनरी में संभवतः एक छोटी सी खामी रही होगी। लेकिन भारत के लिए, यह निर्णायक घड़ी थी। इसरो के हमारे सचेत और अटल वैज्ञानिकों ने जवाब माँगा। उन्होंने कामचलाऊ उपायों की बजाए, मरम्मत पर ज़ोर दिया और ऐसा करके, उन्होंने न सिर्फ़ एक मिशन की रक्षा की बल्कि-एक सपने की भी हिफाजत की। उस सपने ने 25 जून, 2025 को उड़ान भरी, जब भारतीय वायु सेना के अधिकारी और इसरो-प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, एक्सिओम-4 मिशन के ज़रिए कक्षा में पहुँचे। एक दिन बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़कर, वह न सिर्फ़ अंतरिक्ष में, बल्कि मानव-केंद्रित विज्ञान, चिकित्सा और प्रौद्योगिकी के भविष्य में भी भारत की अगली बड़ी छलांग का चेहरा बन गए। यह कोई रस्मी यात्रा नहीं थी। यह एक वैज्ञानिक धर्मयुद्ध था। शुक्ला अपने साथ सात माइक्रोग्रैविटी प्रयोग लेकर गए थे। इनमें से प्रत्येक प्रयोग को भारतीय शोधकर्ताओं ने उन सवालों के उत्तर जानने के लिए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया था, जो न केवल अंतरिक्ष यात्रियों के लिए, बल्कि हमारे समूचे देश के किसानों, डॉक्टरों, इंजीनियरों और छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। अंतरिक्ष में मेथी और मूंग के बीजों के अंकुरित होने के बारे में विचार कीजिए। यह सुनने में सरल, लगभग काव्यात्मक प्रतीत होता है। लेकिन इसके निहितार्थ गहरे हैं। अंतरिक्ष यान के सीमित क्षेत्र में, जहाँ पोषण का प्रत्येक ग्राम मायने रखता है, वहाँ यह समझना कि माइक्रोग्रैविटी में भारतीय फसलें कैसे व्यवहार करती हैं, लंबी अवधि के मिशनों के लिए चालक दल के आहार को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पृथ्वी पर, विशेष रूप से मृदा क्षरण और जल की कमी से जूझ रहे क्षेत्रों में, ऊर्ध्वाधर खेती और हाइड्रोपोनिक्स में नवाचारों को प्रेरित कर सकता है। इसके अलावा भारतीय टार्डिग्रेड्स का अध्ययन-इन सूक्ष्म जीवों को इनकी मजबूती के लिए जाना जाता है। सुप्तावस्था से जागे इन सूक्ष्म जीवों का अंतरिक्ष में जीवित रहने, प्रजनन और जेनेटिक एक्सप्रेशन की दृष्टि से अवलोकन गया। उनका व्यवहार जैविक सहनशक्ति के रहस्यों को उजागर कर सकता है, जो टीके के विकास से लेकर जलवायु-प्रतिरोधी कृषि तक, हर चीज़ में सहायक हो सकता है।

शुक्ला ने मायोजेनेसिस प्रयोग भी किया। इस प्रयोग में इस बात की पड़ताल की गई कि मानव मांसपेशी कोशिकाएँ अंतरिक्ष की परिस्थितियों और पोषक तत्वों के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देती हैं। ये निष्कर्ष मांसपेशीय क्षय के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं, जिससे न केवल अंतरिक्ष यात्रियों को, बल्कि वृद्ध रोगियों और आघात या ट्रामा से उबर रहे लोगों को भी लाभ होगा।

आज की बात



**डॉ. जितेन्द्र सिंह**
केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री

अन्य जारी प्रयोगों में सायनोबैक्टीरिया की वृद्धि-ये ऐसे जीव हैं। जो संभवतः किसी दिन अंतरिक्ष में जीवन-रक्षक प्रणालियों की सहायता कर सकते हैं-तथा चावल, लोबिया, तिल, बैंगन और टमाटर जैसे भारतीय फसलों के बीजों का माइक्रोग्रैविटी के संपर्क में आना शामिल है। इन बीजों को पीढ़ी दर पीढ़ी उगाया जाएगा ताकि वंशानुगत परिवर्तनों का अध्ययन किया जा सके, जिससे संभावित रूप से चरम वातावरण के अनुकूल नई फसल किस्में विकसित हो सकें।

यहाँ तक कि मानव-मशीन संपर्क को भी परखा गया। शुक्ला ने यह समझने के लिए वेब-आधारित आकलन किया कि इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले के साथ बातचीत करने की हमारी क्षमता को माइक्रोग्रैविटी किस प्रकार प्रभावित करती है - जो भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशनों और अंतरिक्ष यान के लिए सहज ज्ञान युक्त इंटरफेस डिजाइन करने के लिए एक महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि है।

ये कोई अमूर्त प्रयास नहीं हैं। ये समाज के लिए विज्ञान के भारतीय लोकाचार में गहराई से निहित हैं। एक्सिओम-4 का हर प्रयोग पृथ्वी पर जीवन को प्रभावित करने की क्षमता रखता है—चाहे वह ओडिशा का कोई जनजातीय किसान हो, शिलांग का कोई स्कूली बच्चा हो, या लद्दाख का कोई फ्रंटलाइन डॉक्टर हो। इस मिशन ने वैश्विक अंतरिक्ष कूटनीति में भारत के बढ़ते कद को भी दर्शाया। सुरक्षा प्रोटोकॉल पर हमारे द्वारा ज़ोर दिए जाने ने स्पेसएक्स को एक संभावित विनाशकारी खामी की पहचान करने और उसे ठीक करने में मदद की। नासा, ईएसए और एक्सिओम स्पेस के साथ हमारा सहयोग समान साझेदारी के एक नए युग को दर्शाता है, जहाँ भारत केवल भाग ही नहीं ले रहा है, बल्कि नेतृत्व भी कर रहा है।

पूरे मिशन के दौरान, इसरो के फ्लाइट सर्जनों ने शुक्ला के स्वास्थ्य पर नज़र रखते हुए उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत का ध्यान रखा। वे पूरे जोश में रहे और लखनऊ से लेकर त्रिवेंद्रम, बैंगलोर से लेकर शिलांग तक, पूरे भारत के छात्रों से बातचीत करते रहे और युवा मन में विज्ञान और अंतरिक्ष की संभावनाओं के प्रति उत्साह जगाते रहे। शुक्ला अब लौट आए हैं, और वह अपने साथ प्रचुर मात्रा में डेटा, नमूने लाए हैं और उनके द्वारा लाई गई अंतर्दृष्टि भारत के आगामी गगनयान मिशन और भारत अंतरिक्ष स्टेशन को शक्ति प्रदान करेगी। यह सिर्फ़ एक अंतरिक्ष यात्री की बात नहीं है। यह एक राष्ट्र के उत्थान की बात है।

यह अंतरिक्ष विज्ञान को जनसेवा में बदलने की बात है। यह माइक्रोग्रैविटी अनुसंधान के लाभ भारत के कोने- कोने तक-दूरदराज के गाँवों में सैटेलाइट इंटरनेट से लेकर शहरी अस्पतालों में पुनर्योजी चिकित्सा तक पहुँचाना सुनिश्चित करने की बात है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में, गगनयान का आशय है किसी भारतीय को भारतीय साधनों के द्वारा अंतरिक्ष में पहुँचाना। एक्सिओम-4 एक पूर्वाभ्यास है, अवधारणा का प्रमाण है, आकांक्षा और उपलब्धि के बीच का सेतु है। और जब हम तारों को देखते हैं, तो हम उन्हें सिर्फ़ अचरज भरी निगाहों से ही नहीं निहारते, बल्कि इरादे से देखते हैं। क्योंकि भारत के लिए आकाश कोई सीमा नहीं, बल्कि प्रयोगशाला है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## सिक्के के दो पहलू

सेठ घनश्यामदास को लोग धर्मात्मा के नाम से शहर में पुकारते थे। वे सफेद धोती, मलमल के आधे बाँह वाले कुर्ता पहनते ।ललाट पर चंदन का त्रिपुंड लगाते ।गद्दी पर मसनद लगा कर बैठते और सारे दिन चंदन का माला जपते रहते। कोई मिलने आता तो माला जपना रोक कर इशारे से उसे बैठने को कहते। माला पूरा कर नौकर से पानी लाने को कहते। आगंतुक को पानी पिलाया जाता। बड़ी विनम्रता से उसकी बात सुनते। धंधे की बात न हो तो किसी न किसी तरह से आगंतुक को मदद करने से न चूकते। किसी आध्यात्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, प्रवचन, यज्ञ आदि में खुलकर चन्दा देते। राजनीतिक दलों के बड़े से लेकर छुटभैये नेता तक को उनकी औकात के हिसाब से हर महीने वसूली देते। बड़े से लेकर छोटे-मोटे अपराधियों को जमानत के पैसे मांगने परनिसंकोच दे देते। किसी भी विभाग के बड़े से छोटे अधिकारी,कर्मचारी तक तो मांगने पर उनके ओहदे के अनुसार दक्षिणा दे देते। अपने कर्मचारियों को समय पर पूरा वेतन देते। पूरा शहर उनकी जयजयकार करते नहीं थकता। सेठ घनश्यामदास का गल्ले का व्यापार था ।वे अंधेरा होते ही नियमपूर्वक अपने गोदाम में चले जाते ।उनके गोदाम में जाते ही गेट बन्द कर दिया जाता ।सेठ जी अपने सामने चावल में कंकड़, धनिया पाउडर में घोड़े की लीद, हल्दी पाउडर में पीले रंग, लाल मिर्च पाउडर में लाल रंग, काली मिर्च पाउडर में मटमैले रंग से लकड़ी की कुन्नी में मिलवाते। घुन लगे गेंहू को फटकवाकर बोरियों में भरवाते और ऊपर बढ़िया गेहूँ रखवा देते। कोई कर्मचारी अगर अंदरूनी खबर बाहर फैलाने की कोशिश भी करता तो अगली सुबह वह सड़क पर गाड़ी से कुचला हुआ पाया जाता। वहीं सेठ जी उसकी अंत्येष्ठि का सारा खर्च उठाते और परिवार वालों को दस हज़ार रुपये उनके घर भिजवा दिए जाते। यह उनके व्यक्तित्व के सिक्के का दूसरा पहलू था। अपने भैया जी जब से मंत्री हुए, हर भाषण में ईमानदार और पारदर्शी सरकार की बात करते। हर वक्तव्य के बाद उनके कारिंदे आकर बता जाते की फलाँ अधिकारी, ठीकेदार इतने रुपए जमा करा गया है। खुद मैला-कुचैला साधारण पहनते, घरवाली हर महीने नया जड़ाऊँ जेवर खरीदती, बेटा हर महीने शहर-गाँव मे बड़ा जमीन खरीदता, साले किसी नए धंधे में पार्टनर बन जाता। पर भैया जी लगातार ईमानदारी की बात करते। यह भैया जी के चरित्र के सिक्के के दोनों पहलू थे। रामलाल जी इन बातों को सुनकर चुपचाप खिसक लिए ताकि उनकी चर्चा न हो। मैं भी नहीं करूंगा ।बाकी आप तो समझदार हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**डॉ प्रशान्त करण**

# असीम कृपा के सागर-महावतार बाबाजी

पूर्व और पश्चिम को कर्म और आध्यात्मिकता से मिलकर बना सुवर्णमध्य मार्ग स्थापित करना होगा। भौतिक विकास में भारत को पाश्चात्य जगत से बहुत कुछ सीखना है और बदले में भारत सभी द्वारा अपनाई जा सकने वाली ऐसी विधियों का ज्ञान दे सकता है, जिनसे पाश्चात्य जगत अपने धार्मिक विश्वासों को योग विज्ञान की अटल नींव पर स्थापित कर सकता है।" संसार की सौ सर्वोत्कृष्ट आध्यात्मिक पुस्तकों में से एक के रूप में चयनित 'योगी कथामृत' से उद्धृत ये शब्द हममें मृत्युंजय महावतार बाबाजी के कार्यों के विषय में जानने की उत्सुकता जगाते हैं, जिनकी कृपा अपरिमित है। श्री श्री परमहंस योगानन्द अपने इस गौरवग्रंथ में बाबाजी के विषय में ऐसे यथार्थ तथ्यों का उल्लेख करते हैं जिन्हें पढ़कर मानव-मन श्रद्धा और आनन्द से विभोर हुए बिना नहीं रहता। अंधकार युगों में लुप्त क्रियायोग विज्ञान को जन-जन तक पहुँचाने के लिए बाबाजी अपने शिष्य लाहिड़ी महाशय, जो मिलिटरी इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत थे, का विस्मयकारी ढंग से रानीखेत में तबादला कराते हैं और उन्हें द्रोणगिरि पर्वत के शिखर पर बुलाते हैं। अपनी चमत्कारिक इच्छाशक्ति से एक महल का सृजन कर अपने शिष्य को सभी ऐहिक तृष्णाओं से मुक्त कर तथा क्रियायोग में दीक्षित कर संसार का त्याग करने वाले संन्यासियों के लिए ही नहीं अपितु सभी सच्चे जिज्ञासुओं को क्रियायोग सिखाने की वे अनुमति देते हैं। है ना अपार कृपा! 1920 में अमरीका में आयोजित होने वाले धार्मिक उदारतावादियों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बोलने के लिए योगानन्दजी को एक निमंत्रण मिलता है। पश्चिम के भौतिकतावाद के कोहरे में खोने के भय से वे ईश्वर का उत्तर पाने के लिए कृतसंकल्प होते हैं; तब बाबाजी प्रकट होकर उनसे कहते हैं, "... डरो मत; तुम्हारा संरक्षण किया जाएगा।" यह दिन था 25 जुलाई का जिसे उनके स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस उत्सव में भाग लेने के लिए इच्छुक पाठकगण yssofindia.org देख सकते हैं। इसी दिन, योगानन्दजी से अपनी भेंट में बाबाजी इस बात का भी खुलासा करते हैं कि, "तुम्ही वह हो जिसे मैंने पाश्चात्य जगत में क्रियायोग का प्रसार करने के लिए चुना है।" वे कहते हैं- ईश्वर साक्षात्कार की वैज्ञानिक प्रणाली, क्रियायोग का अंततः सभी देशों में प्रसार हो जाएगा...." बाबाजी के इसी आदेश का पालन करने हेतु, परमहंस योगानन्दजी पूर्व में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया तथा पश्चिम में सेल्फ़-रियलाइज़ेशन फ़ेलोशिप की स्थापना करते हैं। इसके अतिरिक्त कुम्भ मेले में श्रीयुक्तेश्वरजी को दर्शन देकर बाबाजी 'कैवल्य दर्शनम्' नामक पुस्तक, लिखने का आग्रह करते हैं। वे कहते हैं - मनुष्यों के धार्मिक मतभेदों के कारण उनकी मूल एकता पर किसी का ध्यान ही नहीं जा रहा है। समानार्थी उद्धरणों को प्रस्तुत कर यह दिखा दीजिए कि ईश्वर के सभी ज्ञानी पुत्रों ने एक ही सत्य का उपदेश दिया है।"बाबाजी सर्वव्यापी ब्रह्मचेतना में निवास करते हुए जनसाधारण की दृष्टि से ओझल रहते हैं। इनके लिए देश और काल का कोई अस्तित्व नहीं है। बाबाजी पच्चीस वर्ष के युवा ही दिखते हैं। गौर वर्ण, मध्यम कद-काठी, सुंदर बलिष्ठ शरीर पर तेज सहज ही दिखाई पड़ता है। नेत्र काले, शांत और दयार्द्र हैं। उनके लंबे चमकीले केश ताम्र वर्ण के हैं। उनके इस अनूठे स्वरूप का मानसदर्शन कर हृदय गद्-गद् हो उठता है! लाहिड़ी महाशयजी के कथन, "जब भी कोई श्रद्धा से बाबाजी का नाम लेता है, उसे तत्क्षण आध्यात्मिक आशीर्वाद प्राप्त होता है।" इसे निश्चित करने हेतु आइए उनका स्मरण कर उनकी अनंत अनुकंपा के भागीदार बनें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ मंजु लता गुप्ता**



श्री श्री महावतार बाबाजी



श्री श्री परमहंस योगानन्द

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

सभी कठघरे में खड़े, राजा, रंक, फकीर।
देव, देवियाँ, साधु जो, रखे न अचल जमीर।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# विदेशी फंडिंग से यूपी में लवजेहाद व धर्मांतरण का बड़ा षडयंत्र!

अभी एक सप्ताह पहले यूपी में धर्मांतरण गिरोह चलाने वाले जमालुददीन उर्फ छांगुर बाबा का मामला ठंडा भी नही हुआ कि आगरा में इससे भी बड़ा धर्मांतरण गिरोह बेनकाब हो गया है। आपने सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित फिल्म 'द केरला स्टोरी' तो देखी ही होगी। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे हिंदू लड़कियों का ब्रेनवॉश कर धर्मांतरण का खेल खेला जाता है, कैसे एक हिंदू परिवार में ही हिंदूओं के खिलाफ नफरत भरी जाती है और ऐसा ही खेल आगरा में खेला जा रहा था। आरोप है कि इस गैंग के सदस्य लड़कियों को मुजाहिदा और आत्मघाती हमले के लिए भी तैयार कर रहे थे। हिंदू लड़कियों को टारगेट कर धर्मांतरण की साजिश का पर्दाफाश कई राज्यों के अलग-अलग जिलों में हो चुका है। मध्य प्रदेश के इंदौर, उत्तर प्रदेश के बलरामपुर और शाहजहांपुर के बाद अब आगरा में धर्मांतरण का खुलासा हुआ है। आगरा का ये धर्मांतरण गैंग बलरामपुर के जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा से भी दो हाथ आगे है। आगरा से गुमशुदा हुई लड़की के पिता ने इसका खुलासा किया है। पिता ने बताया कि फिल्म द केरला स्टोरी की तरह ही पूरा माहौल बना दिया गया था। आगरा में सामने आए धर्मांतरण गैंग के कनेक्शन कनाडा, यूएसए, कतर, यूएई और बांग्लादेश सहित कई इस्लामिक देशों से जुड़े हुए थे। विदेशों से फंडिंग लाने और भारत में गैंग के लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी गोवा से गिरफ्तार हुई आयशा के पास थी। आयशा का पति शेखर राय उर्फ हसन अली गैंग के सदस्यों से जुड़ा हुआ था और कोलकाता कोर्ट में काम करता था। वो गैंग के लिए लीगल एडवाइजर का काम करता था। पीड़ित पिता ने बेटियों के धर्म परिवर्तन पर बताया कि "इसकी शुरुआत 2021 से हुई थी। हमारी बड़ी बेटी पीएचडी की कोचिंग ले रही थी, वहां जम्मू-कश्मीर की युवतियां भी पढ़ने आती थी। उसमें से एक युवती ने बड़ी बेटी को इस्लाम के प्रति पढ़ाती और लिखाती रही और अपने साथ जोड़ लिया।" आरोप है कि उस लड़की ने उनकी पत्नी से भी कई बार फोन करके इस्लाम की तारीफें की। उसका मकसद था कि पूरे परिवार का ब्रेनवॉश करके धर्म परिवर्तन किया जाए ।पुलिस ने पता लगाया कि हिंदू लड़कियों को कनवर्ट करने का पूरा सिंडिकेट एक्टिव है। कहा जा रहा है कि अभी तो सिर्फ झांकी सामने आई है। हिंदू परिवारों का धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और देश विरोधी गतिविधियों के आरोप में एटीएस के शिकंजे में में आए जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के मंसूबे भी बेहद घातक थे, ऐसा उसकी अलग-अलग गतिविधियों से पता चलता है। इसलिए सवाल है कि उत्तरप्रदेश में पिछले 8 सालों से योगी सरकार होने के बावजूद जिस तरह से हिंदू परिवारों का धर्म परिवर्तन कराया गया, यह प्रशासन और खुफिया इकाई के मुंह पर किसी तमाचे से कम नहीं है। वास्तव में यह उनकी विफलता का द्योतक है। इसलिए आशंका तो यह है कि इस पूरे स्कैंडल में कुछ बड़े अधिकारी भी शामिल रहे होंगे अन्यथा इस बात के खुलासे में इतना विलंब नहीं होता। दबी जुबान में लोगों के इशारे हैं कि यदि केंद्रीय गृह मंत्रालय इस एंगल से भी जांच करवाए तो योगी प्रशासन के दूरगामी हित के लिए बेहतर रहेगा। यहां के सियासी हल्के में जो लोग बार-बार मुख्यमंत्री बदलने की मांग कर रहे थे, संभव है कि उनके तार भी ऐसे गिरोह से जुड़े हों। ऐसा इसलिए कि अमेरिका-चीन के इशारे पर और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के सहयोग से भारत के इस्लामीकरण की जो देशव्यापी साजिश कुछ भारतीय राजनीति दलों के परोक्ष समर्थन से जारी है, उसका बहुत छोटा सा इलाकाई प्यादा जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा है जो कि धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जो व्यक्ति अपना धर्म बदलता है वो केवल अपना धर्म नहीं बदलता बल्कि वो अपने समाज और देश से भी कट जाता है। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण को देश के लिए बड़ा खतरा बताया था और सरकारों को इसके खिलाफ कदम उठाने को कहा था। धर्मांतरण के बाद व्यक्ति अपना परिवार और अपनी संस्कृति छोड़ देता बंद है, अपना खानपान और पहनावा बदल लेता है। धर्मांतरित मुस्लिम इस्लाम के प्रति अपनी वफादारी साबित करने के लिए आतंकी संगठनों के साथ भी चले जाते हैं। यही कारण है कि धर्मांतरण देश की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बनता जा रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## न्यूज बॉक्स

### चंदन मिश्रा हत्याकांड: पुलिस मुठभेड़ में एक हमलावर गिरफ्तार, दो घायल



**भोजपुर।** बिहार के भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह चंदन मिश्रा हत्याकांड के हमलावरों का एसटीएफ और भोजपुर पुलिस से सामना हुआ। दोनों पक्षों में गोलीबारी हुई। इस दौरान दो बदमाश घायल हो गए और एक को गिरफ्तार कर लिया गया। घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक, एसटीएफ पटना को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदन मिश्रा हत्याकांड में शामिल तीन हमलावर बिहिया रेलवे स्टेशन के पास हथियारों के साथ मौजूद हैं। इसके बाद एसटीएफ और भोजपुर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने इलाके को घेरकर कार्रवाई शुरू की। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो के पैर में गोली लगी। इस दौरान एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। घायल बदमाश भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। दोनों घायलों को आरा के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी एक ग्रामीण को भी निशाना बना रहे थे, लेकिन पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर दोनों को घायल कर दिया। गिरफ्तार और घायल बदमाशों से पुलिस पूछताछ कर रही है, ताकि चंदन मिश्रा हत्याकांड की गुत्थी पूरी तरह सुलझाई जा सके और बाकी फरार हमलावरों की भी गिरफ्तारी हो सके।

### 199 करोड़ रुपये की आयकर मांग पर कांग्रेस को बड़ा झटका, ट्रिब्यूनल ने खारिज कर दी अपील



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी को झटका देते हुए, आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने वर्ष 2017-18 के लिए कर मांग के खिलाफ उसकी अपील खारिज कर दी। पार्टी ने आयकर विभाग के उस नोटिस का विरोध किया था जिसमें उसे 199 करोड़ रुपये से अधिक की आय पर कर चुकाने को कहा गया था। कांग्रेस का दावा था कि यह राशि दान से आई है और इसे कर से मुक्त रखा जाना चाहिए। हालाँकि, पार्टी निर्धारित तिथि तक अपना कर रिटर्न दाखिल करने में विफल रही। आयकर न्यायाधिकरण ने कर अधिकारियों के निर्णय को बरकरार रखते हुए कहा कि पार्टी को उस वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त दान पर आयकर का भुगतान करना होगा। कांग्रेस पार्टी ने 2 फ़रवरी, 2019 को अपना आयकर दाखिल किया और आयकर अधिनियम की धारा 13ए के तहत 199.15 करोड़ रुपये की छूट का दावा करने के बाद शून्य आय घोषित की। हालाँकि, यह आयकर धारा 139 के तहत निर्धारित निर्धारण वर्ष 2018-19 के लिए 31 दिसंबर, 2018 की विस्तारित नियत तिथि के बाद दाखिल किया गया था। सितंबर 2019 में जाँच के दौरान, निर्धारण अधिकारी ने पाया कि पार्टी ने प्रति दानदाता 2,000 रुपये से अधिक 14.49 लाख रुपये नकद दान स्वीकार किए थे, जो धारा 13ए(डी) का उल्लंघन करता है, जिसके अनुसार वित्त अधिनियम 2017 में संशोधन के बाद ऐसे सभी दान बैंकिंग माध्यमों से प्राप्त किए जाने चाहिए। हालांकि कांग्रेस ने 197.43 करोड़ रुपये के व्यय के मुकाबले 199.15 करोड़ रुपये की कुल प्राप्तियां बताईं, जिससे 1.71 करोड़ रुपये का अधिशेष बचा, लेकिन 6 जुलाई, 2021 के मूल्यांकन आदेश ने छूट को पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया, जिससे पूरी राशि कर योग्य हो गई। आयकर आयुक्त (अपील) ने 28 मार्च, 2023 को इस फैसले को बरकरार रखा, जिसके बाद कांग्रेस ने आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) का रुख किया। 2024 में, आयकर न्यायाधिकरण ने अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया और अपने नवीनतम फैसले में, पार्टी की अपील खारिज कर दी। आयकर न्यायाधिकरण ने कहा कि छूट प्रावधानों की कड़ाई से व्याख्या की जानी चाहिए। इसने फैसला सुनाया कि धारा 139(4बी) के तहत राजनीतिक दलों को धारा 139(1) के तहत नियत तिथि के भीतर रिटर्न दाखिल करना आवश्यक है।

## आज का राशिफल

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है।

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं।

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी।

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होगें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ड्क्षचता रहेगी।

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मड्क्षचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी।

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं।

**मकर :** शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें।

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

# कांवड़ रूट की सभी दुकानों पर लगाना ही होगा क्यूआर कोड : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी होटल मालिकों को वैधानिक लाइसेंसिंग और पंजीकरण आवश्यकताओं का पालन करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि इस स्तर पर, सभी संबंधित होटल मालिकों को वैधानिक रूप से आवश्यक लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र के आदेश का पालन करना होगा। हम स्पष्ट करते हैं कि हम बहस किए जा रहे मुद्दों पर विचार नहीं कर रहे हैं। आवेदन बंद किया जाता है। क्यूआर कोड अनिवार्यता के मुद्दे पर, सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि वह फिलहाल इस पर विचार नहीं करेगा और कहा कि क्यूआर कोड और इसी तरह के अन्य मुद्दों पर मुख्य याचिका में विचार किया जा सकता है, जो अभी न्यायालय में लंबित है। अदालत का यह फैसला उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान आया, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित खाद्य स्टॉल मालिकों को अपनी दुकानों पर क्यूआर कोड प्रदर्शित करने, अपनी पहचान और अन्य जानकारियां बताने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वह होटल या ढाबा मालिक का नाम और क्यूआर कोड प्रदर्शित करने संबंधी अन्य मुद्दों पर विचार नहीं कर रही है क्योंकि मंगलवार कांवड़ यात्रा का आखिरी दिन है। पीठ ने कहा कि हमें बताया गया है कि आज यात्रा का आखिरी दिन है। वैसे भी, निकट भविष्य में इसके समाप्त होने की संभावना है। इसलिए, इस समय हम केवल यह आदेश पारित



### चारधाम यात्रा में अब तक 39 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा जारी है। इस बार गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। चारधाम यात्रा में अब तक 39 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं, जो एक नया रिकॉर्ड है। उत्तराखंड सरकार में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने इस उपलब्धि के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने कहा, "चारधाम यात्रा के लिए गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ धाम और बदरीनाथ धाम के लिए कुल 47 लाख 27 हजार 619 श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं।

### बोइंग विमानों के फ्यूल स्विच की जांच हुई पूरी, नहीं मिली कोई समस्या : एयर इंडिया

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने अपने बेड़े के सभी बोइंग 787 और बोइंग 737 विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच (एफसीएस) के लॉकिंग सिस्टम का एहतियाती निरीक्षण पूरा कर लिया है और उनमें कोई समस्या नहीं पाई गई है। एयरलाइन ने कहा कि इस महीने के मध्य में भारत के विमानन नियामक डीजीसीए द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों के अनुरूप यह जांच शुरू की गई थी। एयरलाइन ने बयान में कहा, "एयर इंडिया ने अपने बेड़े के सभी बोइंग 787 और बोइंग 737 विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच (एफसीएस) के लॉकिंग सिस्टम की एहतियाती जांच पूरी कर ली है।" यह निरीक्षण पिछले महीने अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया बोइंग ड्रीमलाइनर विमान हादसे के बाद किया था, जिसमें 260 लोगों की जान चली गई थी। एयर दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की एक प्रारंभिक रिपोर्ट से पता चला है कि ईंधन की आपूर्ति बंद होने के कारण उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद विमान के इंजन बंद हो गए थे। इसकी वजह फ्यूल स्विच का 'रन' से 'कटऑफ' में अचानक चले जाना था। इससे इंजन फ्यूल कट-ऑफ स्विच के काम करने को लेकर फिर से चिंताएं पैदा हो गईं।

### बिहार में चल रहे एसआईआर में आई चौंकाने वाली जानकारी

# 18 लाख मृतकों के नाम, 7 लाख ने दो जगह वोट बनाए

**एजेंसी। पटना**

भारत निर्वाचन आयोग ने बताया कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य जारी है। केवल 2.70% मतदाता ही फॉर्म भरने के लिए शेष हैं। आज तक, 97.30% मौजूदा मतदाताओं ने 1 अगस्त, 2025 को प्रकाशित होने वाली मसौदा मतदाता सूची में शामिल होने के लिए अपना गणना फॉर्म जमा कर दिया है। ईसीआई ने खुलासा किया कि चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान 52.3 लाख से ज़्यादा मतदाता अपने पंजीकृत पतों पर नहीं मिल पा रहे हैं।

ईसीआई द्वारा साझा किए गए आँकड़ों के अनुसार, ये 52.3 लाख मामले - जो बिहार के कुल 7.89 करोड़ मतदाताओं का 6.62% है - विभिन्न श्रेणियों में आते हैं, जिनमें मृत मतदाता, स्थायी रूप से स्थानांतरित व्यक्ति, डुप्लिकेट नामांकन और पूरी तरह से लापता मतदाता शामिल हैं। चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, यह समीक्षा लगभग 1 लाख बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा किए गए एक बड़े पैमाने पर घर-घर जाकर किए गए सत्यापन अभियान का हिस्सा है, जिसमें राज्य के 12 प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 4 लाख स्वयंसेवकों और 1.5 लाख बूथ स्तरीय एजेंटों (बीएलए) का सहयोग शामिल है।



**राजनीतिक दल और अधिकारी एकजुट**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ), निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (ईआरओ) और बीएलओ पहले ही पार्टी प्रतिनिधियों के साथ बैठकें कर चुके हैं।

21.36 लाख मतदाता जिनके गणना प्रपत्र (EF) अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं। - 52.30 लाख मतदाता मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित, डुप्लिकेट या अनुपलब्ध के रूप में चिह्नित हैं।

### हिमाचल में 22 जगह भूस्खलन की निगरानी, 15 स्थानों पर कम खतरा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से तबाही का सिलसिला थम नहीं रहा है। इसी बीच राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (1070) ने मंगलवार को भूस्खलन संभावित क्षेत्रों की ताजा रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदेश के 22 संवेदनशील स्थानों में से 15 जगहों पर खतरा 'लो' यानी कम स्तर पर है, 5 जगहों पर मध्यम स्तर का खतरा दर्ज हुआ है, जबकि 2 जगहों पर किसी प्रकार का खतरा नहीं पाया गया है। मंडी जिले के 16 स्थानों पर लगातार निगरानी की जा रही है। इनमें पराशर, कोटरोपी, घोड़ा फार्म-शलगी नॉर्थ कैंपस, घोड़ा फार्म-2, ग्रिफॉन पीक-1 से ग्रिफॉन पीक-6 तक, ग्रिफॉन पीक-8 से ग्रिफॉन पीक-10 तक और विश्वकर्मा मंदिर शामिल हैं, जहां पर 'लो' खतरा दर्ज किया गया है। वहीं मंडी के सानार्ली-2, तत्तापानी और संधोल में 'मॉडरेट' यानी मध्यम खतरे की चेतावनी जारी की गई है। शिमला जिले के जतोग क्षेत्र में मध्यम खतरा पाया गया है। सोलन जिले के डगशाई में भी मध्यम खतरे की रिपोर्ट है, जबकि डक्षी में कोई खतरा नहीं दर्ज हुआ है।

### तलाक के बाद महिला ने मांगे 18 करोड़ रुपए, घर और बीएमडब्ल्यू कार

- नौकरी ढूंढो और गुजारा करो : सुप्रीम कोर्ट
- सीजेआई गवई ने महिला को फटकार लगाई



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में एक हाई-प्रोफाइल तलाक के मामले में भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने तीखी टिप्पणी की। महिला द्वारा अत्यधिक गुजारा भत्ता की मांग सुनकर वे काफी परेशान दिखे। महिला, जिसकी शादी को केवल 18 महीने हुए थे, ने तलाक के बदले 18 करोड़ रुपये, मुंबई में एक घर और एक बीएमडब्ल्यू कार की मांग की। इस मामले की सुनवाई कर रहे मुख्य न्यायाधीश गवई ने एक तीखी टिप्पणी की जिसकी अब व्यापक चर्चा हो रही है। उन्होंने महिला को सीधे संबोधित करते हुए कहा कि आप बहुत पढ़ी-लिखी हैं। आपको ऐसी चीजें नहीं मांगनी चाहिए, आपको कमाना चाहिए और स्वतंत्र रूप से रहना चाहिए। मांग करने का यह तरीका नहीं है। यह टिप्पणी अदालत द्वारा अल्पकालिक विवाह के लिए असामान्य रूप से उच्च और भौतिकवादी समझौते के अनुरोध के जवाब में आई। हालाँकि, महिला के वकील ने इस माँग का बचाव करते हुए कहा कि यह एक समझौता प्रस्ताव का हिस्सा था और इसे भीख के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। दोनों पक्षों की दलीलों के बावजूद, पीठ ने मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है, जिससे आने वाले दिनों में अंतिम निर्णय की गुंजाइश बनी हुई है। मामले ने तलाक की कार्यवाही में, खासकर धनी पक्षों से जुड़े मामलों में, वित्तीय समझौतों से जुड़ी नैतिकता और अपेक्षाओं पर सार्वजनिक बहस छेड़ दी है। जहाँ महिला की माँगों ने प्रतिक्रियाएँ भड़काई हैं, वहीं मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी ने अलगाव प्रक्रियाओं में आत्मनिर्भरता और गरिमा के बारे में बातचीत को फिर से शुरू कर दिया है।

### धर्मांतरण की आड़ में ब्रेनवॉश : आगरा की दो बहनें इस्लाम के लिए अपनी जान देने को भी थी तैयार




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अवैध धर्मांतरण के मामले में गिरफ्तार आरोपितों से उत्तर प्रदेश की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) समेत अन्य जांच एजेंसियों की पूछताछ में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। आगरा से लापता बहनों की बरामदगी के बाद उनकी काउसिलिंग चल रही है। इन सगी बहनों का सलाफी मुस्लिम की तरह धर्म परिवर्तन कराया गया है। बड़ी बहन का नाम अमीना और छोटी का जोया रखा गया। दोनों बहनें इस्लाम के नाम अपनी जान तक देने के लिए भी तैयार थी। जिस तरह से दोनों बहनों को तैयार किया जा रहा था, उससे यह लगा रहा था कि इनका इस्तेमाल आतंकी संगठन आईएसआईएस मॉडयूल के लिए किया जाना था। जांच टीम इन लोगों से पूछताछ कर रही है। आगरा की इन दोनों बहनों का धर्मांतरण कराने का मास्टर माइंड अब्दुल रहमान को गिरफ्तार कर लिया। अब्दुल पहले हिंदू से ईसाई बना और बाद में धर्मांतरण कर मुस्लिमबन गया और फिर महिलाओं का धर्मांतरण करने का खेल शुरू कर दिया।आगरा की इन दोनों बहनों का धर्म परिवर्तन कराने और धर्मांतरण गिरोह में शामिल आरोपित का आतंकी संगठन से कनेक्शन होने के भी साक्ष्य मिले हैं।

जानकारी के अनुसार धर्मांतरण के मामले में जांच कर रही आगरा पुलिस व जांच टीम के हाथ आरोपितों के पास से कई ऐसे साक्ष्य हाथ लगे है, जो बेहद चौंकाने वाले हैं।

**AFFIDAVIT**

I, **MANJU KUMARI EKKA** (existing Name of Doughter as per NOK) 1s legally Daughter of No. 425073H Rank Ex HAV Name Late MADHO BAGAT presently residing at Vill-SEMLA KURKEL, PO- TENGO, PS- CHAINPUR, Dist-GUMLA, State-JHARKHAND, PIN- 835206 (Address) does hereby solemanly affirm and state on oath as follows.
(a) Thate I have changed my Name & Date of Birth from MANJU KUMARI BHAGAT (Name of Daughter as pro NOK in Record to 11 NOV 1976 (Proposed New Name & Date of Birth of Daughter) due to **MANJU KUMARI EKKA** (Reason for change) That my date of birth is 11 NOV 1977.
(b) That I am producing this affidavit for The purpose of avidence for my Name & Date of Birth.
(c) That both Names **MANJU KUMARI EKKA** and **MANJU KUMARI BHAGAT** pertan to one and the same person.
(d) That, I shall at times here after in all records deeds and writing and in all proceeding dealing with transactions, private as well under all occasions what so ever known as only **MANJU KUMARI EKKA 11.11.1977** (New Name & DOB)

**कार्यालयः-जिला परिषद, लातेहार**

पत्रांकः- दिनांकः-

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के सूचना ज्ञापांक 791 दिनांक 11.07.2025 के द्वारा प्रखण्ड बालूमाथ अन्तर्गत बस पडाव बालूमाथ में 11 दूकानों को स्थानीय लाभूकों को खुली डाक के माध्यम से आवंटित करने हेतु दिनांक 24.07.2025 को अपराहन् 03:00 बजे खुली डाक आहूत की गई थी जिसका PR 357055 Rural Development (25-26)#D है। जिसे अपरिहार्य कारण से स्थगित किया जाता है। उक्त दूकानों की खुली डाक दिनांक 25/07/2025 को 11:00 बजे पूर्वाहन्/~~अपराहन्~~ में आहूत की जाती है।

शेष शर्ते यथावत होंगी।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
PR 357947 District(25-26)#D जिला परिषद्, लातेहार

# हर गांव में बनेगी सहकारी समिति, अब तक 22,606 समितियां गठित: अमित शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में बताया कि सरकार ने 15 फरवरी 2023 को देश में सहकारी आंदोलन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने और इसकी पहुंच हर गांव और पंचायत तक सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना के तहत आगामी पांच वर्षों में देशभर के सभी गांवों और पंचायतों में दो लाख नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख समितियां (एम-पीएसीएस), डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना का लक्ष्य है।

अमित शाह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि यह योजना केंद्र सरकार की मौजूदा योजनाओं जैसे डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (डीआईडीएफ), राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी), पीएम मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) आदि के समन्वय से लागू की जा रही है। इसमें राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी), राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) और राज्य सरकारों की भूमिका अहम है। राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस का हवाला देते हुए शाह ने बताया कि 30 जून 2025 तक देशभर में 22,606 नयी पीएसीएस, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियां पहले ही पंजीकृत की जा चुकी हैं। इस योजना के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए 19 सितंबर 2024 को सहकारिता मंत्रालय द्वारा नाबार्ड, एनडीडीबी और एनएफडीबी के समन्वय में एक मार्गदर्शिका जारी की गयी है। इसमें सभी संबंधित पक्षों की भूमिकाएं, लक्ष्यों और समयसीमा को स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है।

मार्गदर्शिका के अनुसार, आंध्र प्रदेश में कुल 4,188 पीएसीएस, 9,149 डेयरी और 200 मत्स्य सहकारी समितियों के गठन का लक्ष्य है लेकिन राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस के मुताबिक, 30 जून 2025 तक राज्य में केवल 891 डेयरी सहकारी समितियां (जिनमें से 5 कृष्णा जिले में हैं) और 2 मत्स्य सहकारी समितियां ही पंजीकृत की जा सकी हैं।



**30 जून 2025 तक देशभर में 22,606 नयी पीएसीएस, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियां पहले ही पंजीकृत की जा चुकी हैं।**

**निविदा सूचना सं०–320/खेल**

**समाहरणालय, चतरा।**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
Gmail -sport.chatra@gmail.com

**अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**
**चतरा, दिनांक 22.07.2025**

1. पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा, चतरा में कार्यालय उपयोग के लिए बाह्य स्त्रोंत से किराये पर वाहन रखने के लिए झारखण्ड राज्य अन्तर्गत आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबन्द अल्पकालिन निविदा आमंत्रित की जाती है।
   निविदा दिनांक 07.08.2025 को पूर्वा0 11:00 बजे तक जिला खेल कार्यालय, चतरा में प्राप्त की जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा किसी भी स्थिति में प्राप्त नहीं की जायेगी। प्राप्त सभी निविदिओं को दिनांक 07.08.2025 को अपराहन 04:00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी।
2. इच्छुक निविदादाता को अलग–अलग लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय निविदा ससमय समर्पित करना होगा। जिन निविदादाताओं का तकनीकी निविदा क्रय समिति द्वारा स्वीकृत किया जायगा, उन्ही निविदाताओं के वित्तीय निविदा विचारणीय होंगे। निविदा में निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि ही भाग ले सकते हैं।
3. निविदा संबंधी शर्त एवं वित्तीय निविदा का प्रारूप कार्यालय के सूचनापट्ट एवं चतरा जिले के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है।
4. उपर्युक्त पर सक्षम स्तर का आदेश प्राप्त है।

ह0/–
जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, चतरा।

PR.NO.357937 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (25-26):D

## हूती विद्रोहियों ने इजरायल में कई ठिकानों पर ड्रोन हमलों का दावा किया



**सना (आईएएनएस)।** यमन के हूती विद्रोही संगठन ने इजरायल पर ड्रोन हमले का दावा किया है। हूती की ओर से कहा गया है कि उसने इजरायल में "सैन्य और महत्वपूर्ण" ठिकानों को निशाना बनाते हुए पांच ड्रोन हमले किए। हालांकि, इन हमलों में इजरायल की ओर से किसी बड़े नुकसान की जानकारी नहीं दी गई है। हूती-नियंत्रित अल-मसीरा टीवी के मुताबिक, एक बयान में संगठन के प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा कि जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें बेन गुरियन एयरपोर्ट, तेल अवीव में एक "सैन्य ठिकाना", इलात बंदरगाह, रेमन एयरपोर्ट और अशदोद क्षेत्र में एक "महत्वपूर्ण ठिकाना" शामिल हैं। हूती संगठन ने इसे सफल ऑपरेशन बताया है। याह्या सारी ने कहा कि यह हमला गाजा में फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन में और सोमवार को यमन के होदेइदाह बंदरगाह पर इजरायली हवाई हमलों की प्रतिक्रिया में किया गया।

## पाकिस्तान में बाढ़ का कहर, बहे आठ वाहन, चार पर्यटकों की मौत, 15 लापता



**कराची (आईएएनएस)।** सोमवार को गिलगित-बाल्टिस्तान (जीबी) के डायमर जिले में मूसलधार बारिश के बाद आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई। बाबूसर इलाके में चार पर्यटकों के मारे जाने की खबर है। दो लोग घायल हैं, जबकि 15 लोग लापता हैं। गिलगित-बाल्टिस्तान में जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभाव देखे जा रहे हैं, जहां बादल फटने से आई बाढ़ ने पूरे क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी। गिलगित-बाल्टिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फाराक ने बताया कि थाक क्षेत्र में बाढ़ के कारण आठ टूरिस्ट व्हीकल बह गए। फैजुल्लाह फाराक ने करीब 15 पर्यटकों के लापता होने की पुष्टि की है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के चार मछुआरों को गिरफ्तार किया



**चेन्नई (आईएएनएस)।** श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के रामेश्वरम से चार भारतीय मछुआरों को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने और श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया। इन मछुआरों को मंगलवार तड़के गिरफ्तार किया गया। उस समय मछुआरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए मोटर चालित नावों के साथ समुद्र में उतरे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, मछुआरे रामेश्वरम फिशिंग हार्बर से समुद्र में उतरे थे। जब श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें रोका, उस वक्त वह समुद्र के बीच मछलियां पकड़ रहे थे। नौसेना ने उन पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) का उल्लंघन करने और श्रीलंका के समुद्री क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप लगाया है। श्रीलंकाई नौसेना ने चारों मछुआरों को गिरफ्तार करने के साथ उनकी नाव को भी जब्त कर लिया।

### ट्रंप के चहेते सीनेटर लिंडसे ग्राहम की धमकी-

# रूस से तेल खरीदने वाले भारत, चीन ब्राजील पर लगेगा 100 प्रतिशत टैक्स

### रूस को कहा, एक बड़ी गलती की है, आपकी अर्थव्यवस्था लगातार चरमराती रहेगी

### पुतिन पर सोवियत संघ को पुनर्जीवित करने का आरोप



- ग्राहम ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन पर संप्रभु देशों पर आक्रमण करने का आरोप लगाया।
- उन्होंने कहा कि यह सोवियत संघ को फिर से स्थापित करने की कोशिश है।

**यूक्रेन के परमाणु निरस्त्रीकरण का उल्लंघन**

- 1990 के दशक में रूस ने यूक्रेन को सुरक्षा आश्वासन के बदले परमाणु हथियार छोड़ने को कहा था।
- ग्राहम ने कहा कि रूस ने उस समझौते का उल्लंघन किया।

**अमेरिका की चेतावनी: अर्थव्यवस्था को तबाह कर देंगे**

- ग्राहम ने धमकी दी कि अगर ये देश सस्ता रूसी तेल खरीदते रहे तो अमेरिका उन्हें तबाह कर देगा।
- उन्होंने कहा कि भारत, चीन और ब्राजील को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन रूस से तेल आयात करने वाले ब्रिक्स देशों - भारत, चीन व ब्राजील पर 100% दंडात्मक शुल्क लगाएगा। फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में में यह चेतावनी ट्रंप के अति चहेते अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने दी है।ग्राहम ने कहा, 'ट्रंप रूसी ऑयल खरीदने वाले देशों (चीन, भारत और ब्राजील) पर शुल्क लगाने जा रहे हैं।' उन्होंने इन देशों पर मास्को के साथ कारोबार जारी रखकर यूक्रेन में युद्ध को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा देने का आरोप लगाया। ये तीनों देश मिलकर रूस के क्रूड ऑयल के निर्यात का लगभग 80% हिस्सा हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मिलने वाली वित्तीय सहायता रोकने के लिए इन देशों से ऑयल से संबंधित सभी इम्पोर्ट पर 100% टैरिफ लगाने की योजना बना रहे हैं। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने इस कदम को दंड व निवारक, दोनों बताया, जिसका उद्देश्य उन देशों के लिए है जो रियायती दर पर कच्चा तेल खरीदकर रूस की वार मशीन को सक्षम बना रहे हैं।

ट्रंप के मुखर सहयोगी ग्राहम ने राष्ट्रपति पुतिन पर भी कड़े शब्दों में निशाना साधा। उन्होंने चेतावनी दी कि आपने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ अपने रिस्क पर खेला है। आपने एक बड़ी गलती की है, और आपकी अर्थव्यवस्था लगातार चरमराती रहेगी। यूक्रेन के लिए अमेरिका के निरंतर समर्थन पर जोर देते हुए, ग्राहम ने ऐलान किया कि हम यूक्रेन को हथियार भेज रहे हैं, ताकि यूक्रेन के पास पुतिन से लड़ने के लिए हथियार हों। उन्होंने पुतिन पर संप्रभु राष्ट्रों पर आक्रमण करके सोवियत संघ को पुनर्जीवित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया और 1990 के दशक में सुरक्षा आश्वासन के बदले यूक्रेन के परमाणु निरस्त्रीकरण का हवाला दिया, जिसका बाद में रूस ने उल्लंघन किया। ग्राहम की सबसे तीखी आलोचना भारत, चीन व ब्राजील पर थी, जिनके बारे में उन्होंने कहा कि वे रियायती दामों पर रूसी तेल खरीदकर "खून के पैसे" से मुनाफा कमा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'आप दुनिया की कीमत पर सस्ता रूसी तेल खरीद रहे हैं, और राष्ट्रपति ट्रंप इस खेल से थक चुके हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं चीन, भारत व ब्राजील से यही कहूंगा- अगर आप इस युद्ध को जारी रखने के लिए सस्ता रूसी तेल खरीदते रहेंगे, तो हम आपको पूरी तरह तबाह कर देंगे और आपकी अर्थव्यवस्था को तहस-नहस कर देंगे।' ग्राहम ने कहा कि आप दुनिया की कीमत पर सस्ता रूसी तेल खरीद रहे हैं और राष्ट्रपति ट्रंप इस खेल से थक चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रतिबंधों का सामना कर सकते हैं और रूसी सैनिकों के प्रति अनादर दिखा सकते हैं, लेकिन अमेरिका के साथ कारोबार पर निर्भर अन्य देशों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

## गरीब परिवार की लड़कियों की तस्करी पर चौंकाने वाला सच आया सामने

- ट्रेन में 56 लड़कियों के हाथ पर लगी थी एक जैसी मुहर

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन पर एक ट्रेन से 56 युवतियों को बचाया गया और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी लड़कियां ट्रेन में यात्रा कर रहीं थी, वे बिहार जाने वाली ट्रेन में बैठी थीं। अधिकारियों ने बताया कि इन युवतियों को सोमवार देर रात न्यू जलपाईगुड़ी-पटना कैपिटल एक्सप्रेस से बचाया गया। बचाई गई इन युवतियों की आयु 18 से 31 वर्ष के बीच है। अधिकारी जब टिकट चेकिंग कर रहे थे तो इतनी लड़कियों को एक साथ देखकर उन्हें शक हुआ, लड़कियों को यह भी पता नहीं था कि उन्हें कहां ले जा रहा है, कुछ ने बताया कि वे नौकरी करने बेंगलुरु जा रही हैं, हालांकि वे बिहार वाली ट्रेन में सवार थीं। अधिकारियों ने बताया कि ये महिलाएं पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी, कूचबिहार व अलीपुरद्वार जिलों की रहने वाली हैं और उन्हें बेंगलुरु की एक कंपनी में नौकरी दिलाने का कथित तौर पर झूठा वादा करके बहकाया गया था। उन्होंने आगे बताया कि उन्हें ट्रेन से बिहार भेजा जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी महिला के पास वैध टिकट नहीं था और उनके हाथों पर केवल कोच एवं बर्थ संख्या की मुहर लगी हुई थी। उन्होंने यह भी बताया कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मियों को ट्रेन की नियमित जांच के दौरान इतनी युवतियों को एक साथ यात्रा करते देखकर शक हुआ और बाद में पूछताछ में गंभीर विसंगतियां सामने आईं।अधिकारियों ने आगे बताया कि एक पुरुष व एक महिला को विरोधाभासी बयान देने पर मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी यह स्पष्ट नहीं कर पाए कि जब महिलाओं को बेंगलुरु में नौकरी दिलाने का वादा किया गया था तो उन्हें बिहार क्यों भेजा जा रहा था।

अधिकारियों ने बताया कि वे नौकरी की पेशकश या यात्रा के वैध कारणों की पुष्टि करने वाले कोई भी दस्तावेज पेश करने में विफल रहे। फिलहाल जीआरपी व राजकीय रेलवे पुलिस (आरपीएफ) मानव तस्करी के पहलू से मामले की संयुक्त रूप से जांच कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि लड़कियों को उनके परिवारों को सौंप दिया गया है।कुछ अफसरों का कहना है कि पश्चिम बंगाल , नॉर्थ ईस्ट के राज्यों व झारखंड व बिहार से इसी तरह से गरीब परिवार के लड़कियों को दिल्ली , मुंबई , बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में अच्छी सेलरी पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ले जाकर बेंच देने का धंधा चल रहा है। ऐसा रैकेट चलाने वाले कभी -कभी पकड़ में आ जाते हैं तब पता चलता है कि किस तरह से अलग -अलग तरीका अपना रहे हैं।

### बलूचिस्तान में ऑनर किलिंग के 14 आरोपी गिरफ्तार

## सीएम बुगती ने कहा- चाहे कुछ भी हो, किसी को मारने का अधिकार नहीं

**करांची । एजेंसी**



पाकिस्तान के बलूचिस्तान में एक जोड़े की तथाकथित ऑनर किलिंग ने देश और दुनिया भर में सनसनी फैला दी है। पुलिस ने इस मामले में अब तक 14 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस जोड़े पर विवाहेतर संबंध रखने का आरोप लगाया गया था। पहले बताया गया था कि इस जोड़े ने अपने परिवारों की मर्ज़ी के ख़िलाफ़ शादी की थी। अब तक इस निर्मम हत्या के लिए 14 संदिग्धों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें स्थानीय आदिवासी सरदार शेर बाज सताजई भी शामिल है, जिसने उनकी हत्या का आदेश दिया था। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने क्वेटा में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सभी आरोपियों पर मुकदमा चलाया जाए। रॉयटर्स ने बुगती के हवाले से कहा कि किसी को भी, चाहे कुछ भी हो, किसी को इतने दर्दनाक और घिनौने तरीके से मारने और फिर उसका वीडियो बनाने का अधिकार नहीं है। यह एक अपराध है। यह एक हत्या है। स्थानीय अदालत ने सोमवार को पुलिस को शवों को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम करने का आदेश दिया। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में पिछले महीने हुई हत्याओं का मामला तब सुर्खियों में आया जब एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें एक जोड़े को गोली मारते हुए दिखाया गया था।

प्रांतीय पुलिस प्रमुख मोअज्जम जाह अंसारी ने मामले पर एक अपडेट में रॉयटर्स को बताया कि जिस व्यक्ति ने महिला की गोली मारकर हत्या की, वह उसका भाई था, जो उसके परिवार और कबीले की ओर से काम कर रहा था। उन्होंने बताया कि कबीले के मुखिया शेर बाज़ सतकज़ई ने हत्या का आदेश दिया था। बुगती ने बताया कि जिस पुरुष और महिला पर विवाहेतर संबंध रखने का आरोप है, दोनों के अलग-अलग विवाहों से कई बच्चे हैं। रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में एक व्यक्ति महिला की पीठ में बहुत करीब से गोली मारता हुआ दिखाई दे रहा है, और बाद में एक खून से लथपथ व्यक्ति महिला के शव के पास पड़ा दिखाई दे रहा है। फिर पुरुषों को दोनों शवों पर गोली चलाते हुए दिखाया गया है।

### दक्षिण कोरिया व अमेरिका के बीच होगी उच्चस्तरीय व्यापार वार्ता

**सोल (आईएएनएस)।** दक्षिण कोरिया के वित्त मंत्री कू युन-चोल ने मंगलवार को घोषणा की कि वह इस सप्ताह के अंत में अमेरिका के साथ उच्च-स्तरीय '2+2' व्यापार वार्ता करेंगे। यह वार्ता 1 अगस्त को अमेरिका द्वारा प्रस्तावित व्यापक टैरिफ उपायों की समयसीमा खत्म होने से पहले होगी। कू ने बताया कि वह और व्यापार मंत्री येओ हान-कू शुक्रवार को वाशिंगटन में होने वाली इस वार्ता के लिए रवाना होंगे। इस बैठक में अमेरिकी कोषागार सचिव स्कॉट बेसेन्ट और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर हिस्सा लेंगे।

### एयर इंडिया की फ्लाइट में लगी आग, हांगकांग से दिल्ली आ रहा था

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की फ्लाइट में मंगलवार को अचानक से आग लग गई। यह विमान हांगकांग से दिल्ली आ रहा था। एयर इंडिया ने इस घटना की जानकारी दी। एयर इंडिया एयरलाइन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि आज हांगकांग से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट एआई315 में लैंडिंग और गेट पर पार्किंग के तुरंत बाद आग लग गई। यह आग प्लेन की ऑक्सिलरी पावर यूनिट (एपीयू) में लगी। यह घटना तब हुई, जब यात्री फ्लाइट से उतरने लगे थे और सिस्टम डिजाइन के अनुसार एपीयू स्वचालित रूप से बंद हो गया। इस हादसे से विमान को कुछ नुकसान हुआ।

## बिल पास करने की टाइमलाइन पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्यों को भेजा नोटिस

- राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से इस मुद्दे पर 14 सवाल पूछे थे, जिसे लेकर अदालत ने सुनवाई के संकेत दिए हैं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा व जस्टिस अतुल एस चंदुरकर अदालत की 5 सदस्यीय संवैधानिक बेंच ने विधेयकों की मंजूरी से जुड़ी राष्ट्रपति के 14 रेफरेंस पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है। इस संवैधानिक बेंच की अहमियत इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि इसमें तीन सबसे वरिष्ठ जज है। इसके अलावा अन्य सभी चार जज सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस भी हो सकते हैं। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट का रेफरेंस उस समय आया था, जब सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय बेंच ने तमिलनाडु के राज्यपाल के फैसले को लेकर एक अहम फैसला किया था। उस फैसले में कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल विधेयकों को अनिश्चितकाल तक के लिए रोक कर नहीं रख सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा था कि राज्यपाल को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा। यदि राज्यपाल बिल को राष्ट्रपति के पास भेजते हैं, तो राष्ट्रपति को भी तीन महीने के अंदर फैसला देना होगा। इस दौरान कोर्ट ने यह भी कहा था कि यदि समय सीमा का उल्लंघन होता है, तो राज्य सरकार कोर्ट से रिट ऑफ मैनडेमस की मांग कर सकती है।

मालूम हो कि तमिलनाडु की याचिका स्वीकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ये माना था कि जिन 10 विधेयकों को राज्यपाल ने एक साल से ज्यादा समय तक रोके रखा, उन्हें अब डीन असेंट मिल चुकी है। अब सुप्रीम कोर्ट इसी मामले में पर राष्ट्रपति द्वारा मांगे गए विचार पर सुनवाई कर रही है।




# करण जोहर ने ट्रोलर्स को 'नैनी ऑफ नेपो किड्स' कहने पर फटकार लगाई




'कुछ कुछ होता है' और 'माई नेम इज़ खान' जैसी मशहूर फिल्मों के निर्देशक करण जौहर ने हाल ही में एक सोशल मीडिया ट्रोल को करारा जवाब दिया, जिसने भाई-भतीजावाद को लेकर उनका मज़ाक उड़ाया था, जिसके लिए उन्हें अक्सर निशाना बनाया जाता है। यह टिप्पणी उस समय आई जब जौहर ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक संदेश पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने 'सैय्यारा' में नवोदित कलाकार अहान पांडे और अनीत पड्डा की उनके अभिनय की प्रशंसा की।

### जौहर ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक संदेश पोस्ट किया

फिल्म निर्देशक करण जौहर ने सोशल मीडिया पर एक 'ट्रोलर' को 'नैनी ऑफ नेपो किड्स' कहे जाने पर फटकार लगाई और अपनी सोच को सकारात्मक करने की सलाह दी। 'कुछ कुछ होता है' और 'माई नेम इज खान' जैसी प्रसिद्ध फिल्में बनाने वाले जौहर ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर एक पोस्ट साझा की। 'कुछ कुछ होता है' और 'माई नेम इज़ खान' जैसी मशहूर फिल्मों के निर्देशक करण जौहर ने हाल ही में एक सोशल मीडिया ट्रोल को करारा जवाब दिया, जिसने भाई-भतीजावाद को लेकर उनका मज़ाक उड़ाया था, जिसके लिए उन्हें अक्सर निशाना बनाया जाता है।

### नाम परिवर्तन संबंधी दस्तावेजों के गायब होने पर भाजपा ने राज्य सरकार पर बोला हमला

# सरकार में अब 'नाम परिवर्तन घोटाला' : प्रतुल शाहदेव

**बोले प्रदेश प्रवक्ता**

- कहीं यह धर्मांतरण के आंकड़ों को छुपाने की साजिश तो नहीं
- राज्य सरकार अविलंब सीबीआई जांच की अनुशंसा करे

**एफआईआर नहीं करना पूरे मुद्दे को संदेहास्पद बनाता है**



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि राज्य सरकार ने एफआईआर दर्ज नहीं करके इस पूरे मामले को और संदिग्ध बना दिया है। सिर्फ राजकीय प्रेस के संजीव कुमार से स्पष्टीकरण पूछा गया है। प्रतुल ने कहा कि जब सरकारी दस्तावेज गायब होते हैं, तो प्राथमिकी दर्ज होती है और संबंधित अधिकारी पर भी कड़ी कार्रवाई होती है। लेकिन, यहां सिर्फ मामले को रफा-दफा करने की साजिश चल रही है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को हेमंत सरकार पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि इस सरकार के घोटाले की श्रृंखला में अब 'नाम परिवर्तन घोटाला' भी शामिल हो गया है। प्रतुल ने कहा कि राज्य बनने के बाद अनेक वर्षों तक नाम परिवर्तन संबंधित गजट नोटिफिकेशन मैन्युअल होता था। इसका रजिस्टर मेंटेन होता था। अब हेमंत सरकार के समय वह सारे रजिस्टर ही गायब हो गए हैं।

प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि नाम परिवर्तन संबंधी कोई भी दस्तावेज मिल नहीं रहा है। इस अवधि में कितने नाम परिवर्तन हुए, किसके नाम परिवर्तन हुए उसका कोई उत्तर नहीं है। प्रतुल ने कहा कि हालिया वर्षों में इस प्रक्रिया के ऑनलाइन होने के बाद भी रिकॉर्ड ठीक से मेंटेन नहीं होते हैं। ऊपर से बड़ी वित्तीय अनियमितता का आरोप लगा है। उन्होंने मांग की है कि इस पूरी घटना की सीबीआई जांच हो, क्योंकि आशंका है कि जांच के बाद कई और चौंकाने वाले रहस्य सामने आ सकते हैं।

प्रतुल ने राज्य सरकार से जानना चाहा कि कहीं यह पूरा मुद्दा धर्मांतरण की संख्या को छुपाने से संबंधित तो नहीं है? उन्होंने कहा कि झारखंड में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण में लिप्त शक्तियां सक्रिय हैं। चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान शुरू किया है। झारखंड सहित पूरे देश में भी यह शीघ्र शुरू होने की उम्मीद है। नाम परिवर्तन का रजिस्टर भी लोगों की पहचान का एक आधार हो सकता था। इसलिए यह बड़ी आशंका है कि सिर्फ बड़े पैमाने पर हुए धर्मांतरण के वास्तविक आंकड़ों को छिपाने के लिए यह सारे दस्तावेज गायब कर दिए गए हैं। यह दस्तावेज के गायब होने के कारण संबंधित व्यक्ति आधार कार्ड में बदलाव कर अपनी उम्र, धर्म, जाति को भी बदल सकता है।

# भाजपा पूरी तरह राजनीतिक दिवालिएपन की शिकार हो गई है : विनोद पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता**



- सरकार ने राजकीय प्रेस के अधिकारियों से पूरी रिपोर्ट मांगी है और यदि कोई लापरवाही पाई गई तो कड़ी कार्रवाई होगी

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा के 'नाम परिवर्तन घोटाले' वाले आरोपों को पूरी तरह निराधार और सस्ती लोकप्रियता बटोरने की कोशिश बताया है। पांडेय ने कहा कि भाजपा को यह समझना चाहिए कि हेमंत सोरेन सरकार हर विभाग में पारदर्शिता के लिए तकनीकी उन्नति कर रही है। सरकार गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं रहने दे रही है। कहीं इस वजह से ही भाजपा के व्यापारी नेताओं में बेचैनी तो नहीं बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का यह कहना कि रजिस्टर गायब कर दिए गए हैं, पूरी तरह भ्रामक है। पांडेय ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह झारखंड में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने के लिए हर मुद्दे को धर्मांतरण से जोड़ रही है। "यह वही भाजपा है जिसने अपने शासनकाल में कई विभागों में घोटाले होने पर भी किसी प्रकार की सीबीआई जांच की अनुशंसा नहीं की थी। अब जब राज्य में आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्गों की सरकार गरीबों के लिए काम कर रही है तो भाजपा को यह रास नहीं आ रहा।

उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने राजकीय प्रेस के अधिकारियों से पूरी रिपोर्ट मांगी है और यदि कोई लापरवाही पाई गई तो कड़ी कार्रवाई होगी। लेकिन भाजपा का हर मुद्दे पर सीबीआई जांच की मांग करना सिर्फ संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का प्रयास मात्र है। भाजपा को झारखंड की जनता ने नकारा है और वे बौखलाहट में इस तरह के झूठे आरोप लगा रही है। हेमंत सरकार जनता को जवाबदेह है और किसी के भी दबाव में नहीं आएगी।

# डाटा एंट्री ऑपरेटर की मांगों को लेकर जेएसएलपीएस के सीईओ से मिला संघ



- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने दिया मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह के नेतृत्व में मंगलवार को झारखंड राज्य आजीविका कंप्यूटर ऑपरेटर संघ का शिष्टमंडल झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) अनन्य मित्तल से मिला। शिष्टमंडल ने डाटा एंट्री ऑपरेटर की मांगों को लागू करने के लिए जेएसएलपीएस के सीईओ को मांग पत्र भी दिया।

मौके पर महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह ने कहा कि जेएसएलपीएस में 384 कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर को अब तक मानव संसाधन नियमावली लेवल एल-7 में नहीं जोड़ा गया है। जबकि, इसके लिए संघ ने कई बार मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव वंदना दादेल से मुलाकात कर उन्हें एल-7 में शामिल करने की मांग की थी। इसके बाद सचिव ने जेएसएलपीएस को इस संबंध में पीत पत्र भेजा था। लेकिन, इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

उन्होंने बताया कि पथ निर्माण विभाग में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर को 40 हजार 900 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिए जा रहे हैं, जबकि जेएसएलपीएस में इस संवर्ग को मात्र 22 हजार 50 रुपए प्रतिमाह ही दी जा रही हैं। यह मौजूदा महंगाई के दौर में काफी कम है। उन्होंने कहा कि इस संवर्ग को 40 हजार 900 रुपए प्रतिमाह मानदेय मिलना चाहिए। साथ ही, उन्होंने बताया कि इस संवर्ग को 15 किलोमीटर की दूरी के अंदर ही पदस्थापन का समझौता है, लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है। मांग है कि सभी का पदस्थापन 15 किलोमीटर के दायरे में हो। संघ के इन मांगों पर जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

### राष्ट्रपति के झारखंड प्रवास को लेकर मुख्य सचिव ने की समीक्षा बैठक, कहा

# आगमन से पहले कर लें व्यवस्था को चाक-चौबंद

- 31 जुलाई से 1 अगस्त तक झारखंड के दौरे पर रहेंगी राष्ट्रपति
- देवघर एम्स व आईआईटी आईएसएम के दीक्षांत समारोह में लेंगी भाग

**नवीन मेल संवाददाता**



**तय की गई आगमन से प्रस्थान तक की व्यवस्था की जवाबदेही**

मुख्य सचिव ने राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक की व्यवस्था तय करते हुए उसकी जवाबदेही संबंधित विभागों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं, अन्य व्यवस्था की निगरानी बतौर नोडल पदाधिकारी वाणिज्य कर विभाग के सचिव अमिताभ कौशल और आईजी अखिलेश कुमार झा करेंगे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम की जवाबदेही सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की होगी। वहीं, देवघर, धनबाद और रांची के उपायुक्तों ने समीक्षा के दौरान राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक के कार्यक्रमों को पूरे प्रोटोकॉल के साथ संपन्न कराने का ब्लू प्रिंट साझा किया।

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई से 1 अगस्त तक दो दिवसीय दौरे पर देवघर, रांची और धनबाद पहुंच रही हैं। इस दौरान देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। वहीं, धनबाद में आईआईटी (आईएसएम) के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी। मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में उनके आगमन की तैयारियों की मंगलवार को समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को राष्ट्रपति के दौरे को लेकर हर छोटी-बड़ी व्यवस्था को समय रहते चाक-चौबंद कर लेने का निर्देश दिया। सावन माह में देवघर में श्रद्धालुओं के कांवरिया पथ को बिना बाधित किए राष्ट्रपति को एयरपोर्ट से एम्स तक ले जाने के लिए अलग मार्ग तय किया गया है। ज्ञात हो कि इसके पहले 10-11 जून को राष्ट्रपति का झारखंड दौरा अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया था। उस समय तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने उनके झारखंड प्रवास को यादगार बनाने पर बल दिया था। 31 जुलाई से 1 अगस्त तक राष्ट्रपति के दो दिवसीय दौरे की तैयारियों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व के दौरे के दौरान दिए गए निर्देश इस बार भी यथावत रहेंगे।

समीक्षा के दौरान मंच व्यवस्था के प्रारूप, राष्ट्रपति के प्रत्येक कार्यक्रम के लिए नोडल पदाधिकारी को नामित करना, देवघर, धनबाद और रांची में आगवानी और विदाई के दौरान उपस्थित रहने वाले विशेष लोगों की सूची, एयरपोर्ट पर रेड कारपेट और बुके की व्यवस्था, राष्ट्रीय गान की व्यवस्था, कारकेड की व्यवस्था, आउट राइडर्स की व्यवस्था, फोटोग्राफरों के लिए खुली जीप की व्यवस्था, बैगेज वैन एवं बैगेज कर्मी तथा छाता की व्यवस्था, देवघर एयरपोर्ट से एम्स तक पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था और मंच से संबोधित करने वाले लोगों की सूची पर विस्तृत चर्चा के बाद जवाबदेही तय की गई।

समीक्षा के क्रम में राष्ट्रपति के आगमन और प्रस्थान के दौरान उनके साथ आए लोगों के आवासन और भोजन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। साथ ही, कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सीय व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था आदि पर भी फोकस किया गया।

# झाड़ियों में मिला सड़ा-गला शव, पुलिस कर रही जांच

**रांची।** बुंडू थाना क्षेत्र के कांची पंचायत सचिवालय भवन से लगभग 200 मीटर की दूरी पर झाड़ियों के पास से मंगलवार को एक अज्ञात युवक का सड़ा-गला शव बरामद हुआ है। शव का केवल धड़ बरामद हुआ है, जबकि सिर गायब है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने झाड़ी के पास बदबू आने पर इसकी सूचना बुंडू थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद करने की कार्रवाई में जुट गई। ग्रामीणों का संदेह है कि युवक की हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास में जुटी है और मामले की जांच कर रही है।

# भाई की मौत का बदला लेने के लिए नौशाद ने चलाई गोली, गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के मांडर थाना क्षेत्र में 21 जुलाई की रात करीब 8 बजे नबी हुसैन अंसारी को टांगरबसली स्टेशन के पास अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना की सूचना मिलते ही गंभीरता देखते हुए एसएसपी चंदन सिन्हा ने एक विशेष टीम का गठन किया। गठित टीम ने घायल नबी हुसैन अंसारी के परिजनों से गहन पूछताछ की और तुरंत कार्रवाई करते हुए इस घटना में शामिल नौशाद अंसारी के छिपने के कई संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि अपराधी नौशाद अंसारी मांडर थाना अंतर्गत नारो पर बने पुल के नीचे छिपा हुआ है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस दल ने तुरंत उस जगह की घेराबंदी की और घटना के मात्र आठ घंटे के भीतर अभियुक्त नौशाद अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त नौशाद अंसारी की तलाशी लेने पर उसके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया मैगजीन युक्त पिस्तौल, एक गोली सहित 315 बोर का एक देसी पिस्तौल भी बरामद हुआ। नौशाद अंसारी से पूछताछ करने पर उसने बताया कि 31 दिसंबर 2023 को नबी हुसैन अंसारी और अन्य ने उसके भाई की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। नौशाद ने यह भी बताया कि अभियुक्तगण उसके खिलाफ भी हत्या की साजिश रच रहे थे। इस मामले में 20 जुलाई 2025 को गवाही थी। न्यायालय के काम के बाद वापस लौटते समय, अपने भाई की हत्या का बदला लेने के उद्देश्य से उसने इस घटना को अंजाम दिया।

# आदिवासी छात्र संघ ने की टीआरएल में योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



- कहा, केंद्रीय पुस्तकालय की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष विवेक तिर्की ने मंगलवार को रांची कॉलेज, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में आयोजित प्रेस वार्ता में विश्वविद्यालय से जुड़ी जनहित एवं छात्रहित की समस्याओं को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों एवं मांगों को उठाया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य लंबे समय से ठप पड़े हैं, जिन्हें अविलंब प्रारंभ किया जाना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय से मांग की कि विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए तथा प्रत्येक विभाग में विभागीय पुस्तकालय की स्थापना की जाए। टीआरएल-9 विभाग में योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की जाए तथा एक स्वतंत्र भवन की व्यवस्था की जाए। कॉलेज परिसर के 'अखड़ा' का सौंदर्यीकरण, मंच (स्टेज) एवं शेड का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में कार्यरत एक आदिवासी महिला नॉन-टीचिंग कर्मचारी के साथ हुए अत्याचार की निष्पक्ष जांच कराकर पीड़िता को न्याय दिलाया जाए। संघ की उपाध्यक्ष दीपा कच्छप ने रांची कॉलेज का नाम 'वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय' करने की वर्षों पुरानी मांग को दोहराया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा कैबिनेट से प्रस्ताव पारित हो चुका है, फिर भी आगे की प्रक्रिया में सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि इस संबंध में शीघ्र निर्णय लिया जाए। संघ के सचिव अमित टोप्पो ने दोहराया कि विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति एवं स्थायी कुलसचिव की नियुक्ति शीघ्र की जाए, जिससे शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियाँ सुचारु रूप से संचालित हो सकें। इस अवसर पर आदिवासी छात्र संघ के सचिव अमित टोप्पो, कोषाध्यक्ष नितेश टोप्पो, मीडिया प्रभारी आलोक तिर्की और संघ के कई सदस्य उपस्थित थे।

### मानसून सत्र में सीएम के विभागों का जवाब देने के लिए मंत्री के नाम तय

**रांची।** षष्ठम झारखंड विस का तृतीय (मानसून) सत्र, जो एक अगस्त से आहूत है। इसमें मुख्यमंत्री के प्रभारा के विभागों से संबंधित प्रश्न, ध्यानाकर्षण / निवेदन / याचिका /विधेयक / संकल्प आदि सभी प्रकार की विधायी सूचनाओं के उत्तर देने एवं अन्य विधायी कार्य के लिए मंत्रियों के नाम तक किए गए हैं। मंत्री दीपक बिरुवा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (संसदीय कार्य रहित), मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग का कार्य देखेंगे। मंत्री चमरा लिंडा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग देखेंगे। मंत्री रामदास सोरेन विधि विभाग, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेन्स विभाग का कार्य देखेंगे। वहीं मंत्री योगेन्द्र प्रसाद गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग (आपदा प्रबंधन रहित), ऊर्जा विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग, पथ निर्माण विभाग का कार्य देखेंगे। मंत्री सुदिव्य कुमार भवन निर्माण विभाग, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का कार्य देखेंगे।

### झारखंड के विकास को लेकर केंद्रीय मंत्रियों के साथ सुदिव्य कुमार ने की बैठक

# पर्यटन व उच्च शिक्षा पर किया सकारात्मक संवाद

**नवीन मेल संवाददाता**



**शहरी विकास के मुद्दों पर केंद्रीय आवासन मंत्री से चर्चा**

साहेबगंज के सांसद विजय कुमार हांसदा के साथ मंत्री सुदिव्य कुमार ने केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। इस दौरान नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत झारखंड के गंगा तटीय नगरों में एसटीपी, अवरोधन और डायवर्जन नेटवर्क और तरल अपशिष्ट प्रबंधन की स्थापना। दामोदर घाटी निगम से झारखंड हेतु जल आवंटन प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने का अनुरोध। रांची मल प्रबंधन (चरण-2) योजना हेतु वित्तीय सहायता की मांग की। इस बैठक में शहरी विकास के अन्य विविध पहलुओं पर भी सहमति आधारित सकारात्मक संवाद हुआ।

**रांची।** नई दिल्ली में झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार ने राज्य के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के कई मंत्रियों से मुलाकात की। इन बैठकों में पर्यटन, शहरी आधारभूत ढांचा तथा उच्च शिक्षा से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान झारखंड में पर्यटन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए रांची स्थित अशोक होटल के झारखंड सरकार को हस्तांतरण पर सैद्धांतिक सहमति। स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत चांडिल, नेतरहाट एवं तेनुघाट में ईको-टूरिज्म परियोजनाओं का विकास। आईआईटीटीएम मॉडल पर आधारित एक विशिष्ट पर्यटन संस्थान की झारखंड में स्थापना। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मेलों के आयोजन हेतु एमओटी व राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान की योजना। पुरातात्विक एवं विरासत स्थलों के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में केंद्र सरकार के सहयोग की अपेक्षा।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ हुई बैठक में झारखंड में उच्च शिक्षा की स्थिति पर गंभीर चर्चा हुई। बैठक में सांसद विजय कुमार हांसदा भी उपस्थित रहे। इस दौरान झारखंड का सकल नामांकन अनुपात मात्र 18.3% और कॉलेज घनत्व केवल 8 है, जो देश की औसत से काफी कम है। पीएम-उषा योजना के तहत भेजे गए 159 प्रस्तावों में से केवल 1मेरु, 17 कॉलेज एवं 6 हॉस्टल को ही स्वीकृति मिली। नए मॉडल डिग्री कॉलेज को कोई मंजूरी नहीं दी गई।

शिक्षा ऋण योजना के तहत 231.72 करोड़ की संभावित क्षति राज्य को हुई क्योंकि अधिकांश ऋण अन्य राज्यों के संस्थानों को स्थानांतरित हुए कौशल विश्वविद्यालय और फिनटेक यूनिवर्सिटी की स्थापना हेतु 800 करोड़ की परियोजना को मंजूरी देने का आग्रह। ई-समर्थ ईआरपी व नवप्रवर्तन नीति 2025 को आईआईटी के सहयोग से लागू करने की योजना।आईआईटी रांची, निफ्ट परिसर, और पीआईएफसी प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति देने का अनुरोध।

मंत्री सुदिव्य कुमार ने सभी केंद्रीय मंत्रियों से झारखंड के विकास में तेज और निर्णायक सहयोग देने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र और राज्य सरकार की साझेदारी से झारखंड को राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान दिलाई जा सकेगी।

### गंभीर चिंता | रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सीएम हेमंत सोरेन को लिखा पत्र, कहा

# पर्यटन स्थलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगे

- प्रकृति के लिए बड़ा खतरा बना है सिंगल यूज प्लास्टिक

**नवीन मेल संवाददाता**



**त्वरित व सकारात्मक कदम उठाने की जरूरत**


रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि अधिक से अधिक आम जनता को, पर्यटकों को, धार्मिक स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को जागरूक भी कर सकते हैं। उन्होंने अनुरोध किया है कि इस दिशा में राज्य सरकार त्वरित और सकारात्मक कदम उठाए, ताकि हमारे पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल और जलाशय प्लास्टिक के खतरे से सुरक्षित रह सकें।

**रांची।** सिंगल यूज प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग और प्राकृतिक आवरण पर पड़ रहे इसे विपरीत प्रभाव को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गंभीर चिंता जताई है। पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों और जलाशयों के आसपास इसके उपयोग पर रोक लगाने को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है।

अपने पत्र में संजय सेठ ने कहा है कि प्राकृतिक आवरण और सौंदर्य से भरपूर झारखंड में कई पर्यटन और धार्मिक स्थल हैं, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आते हैं। झारखंड चूंकि जंगल और प्रकृति के सौंदर्य उपहारों से भरा-पूरा है, ऐसे में इसका संरक्षण भी हम सबकी जिम्मेदारी है। वर्तमान समय में प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बहुत बड़ा खतरा बनकर उभरा है। विशेष रूप से पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थानों पर फेंकी जाने वाली सिंगल यूज प्लास्टिक की बोतलें और प्लास्टिक बड़ा खतरा बन रहे हैं। सिर्फ मानवीय जीवन के लिए ही नहीं, बल्कि पर्यावरण के लिए भी और जलीय जंतुओं के लिए जलाशयों में प्लास्टिक फेंका जाना, पर्यावरण के साथ-साथ जैव जगत के लिए भी बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के बड़े जलप्रपात, नदियां, तालाब, बड़े जलाशय में आज भी प्लास्टिक के कचरों का ढेर दिखता है, जो हमें आने वाले भविष्य के खतरों से आगाह कर रहा है। कई समाचार माध्यमों में यह समाचार आ रहे हैं कि रांची सहित पूरे झारखंड के जलाशय और प्राकृतिक आवरण विदेशी पक्षियों व जंतुओं के भी आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं। ऐसे में हमारी चिंता और जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है।

संजय सेठ ने पत्र में कहा है कि हम झारखंड के लोग प्रकृति से अगाध प्रेम करते हैं। इसलिए प्रकृति का संरक्षण हम सबके जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है। झारखंड के पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल और जलाशय सिंगल यूज प्लास्टिक की बोतलों और ऐसे अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक से बच सकें, इस दिशा में सरकार को कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। ताकि, हम आने वाली पीढ़ियों को बेहतर प्राकृतिक वातावरण दे सकें।

### किराएदार ने अपने ही घर मालिक के साथ की साइबर ठगी



**रांची।** राजधानी रांची में एक महिला के साथ एक अनोखी ठगी का मामला सामने आया है। एक किराएदार अभिषेक कुमार ने अपने ही मकान मालिक अणिमा तिग्गा के मोबाइल का सिम निकाल कर ठगी की घटना को अंजाम दिया। ठगी करने वाले किराएदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जानकारी ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि किराएदार ने मोबाइल से सिम निकल कर एक लाख 88 हजार रुपए की साइबर ठगी की घटना को अंजाम दिया था। साइबर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया।

# उपराष्ट्रपति ने इस्तीफा नहीं दिया, दिलवाया गया : राजद

- पार्टी ने कहा, जगदीप धनखड़ का इस्तीफा अत्यंत अफसोसजनक और चिंता का विषय


**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजद की प्रदेश इकाई ने मंगलवार को जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर कहा कि आजाद भारत में पहली बार किसी उपराष्ट्रपति ने पद से इस्तीफा दिया है। यह अत्यंत अफसोसजनक और चिंता का विषय है। पार्टी के प्रदेश महासचिव कैलाश यादव ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वर्ष 2014 से मोदी सरकार के शासनकाल में भाजपा के नेता खुलेआम देश की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था का अपमान कर रहे हैं। इससे विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका और पत्रकारिता की स्थिति काफी चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पद से इस्तीफा नहीं दिया, बल्कि उनसे इस्तीफा दिलवाया गया है। प्रदेश राजद के महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि उपराष्ट्रपति पहले से दिन भर इत्मीनान नजर आए और राज्यसभा के चेयर से सदन को चलाते नजर आए। लेकिन, शाम होती ही ऐसी क्या बात हो गई कि उन्होंने खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर इस्तीफा दे दिया। इससे पूरा देश स्तब्ध है।

## मैनचेस्टर टेस्ट की प्लेइंग-11 में 2 बदलाव करेगी टीम इंडिया


# रेड्डी व आकाशदीप इंजर्ड, कम्बोज कर सकते हैं डेब्यू, शार्दूल की वापसी संभव

नई दिल्ली। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट की प्लेइंग-11 में टीम इंडिया कम से कम 2 बदलाव तो जरूर करेगी। लॉर्ड्स टेस्ट खेलने वाले आकाशदीप और नीतीश कुमार रेड्डी इंजर्ड हो गए हैं। ऐसे में दोनों प्लेइंग-11 से बाहर होंगे। उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दूल ठाकुर और अंशुल कम्बोज में से किन्हीं 2 प्लेयर्स को मौका मिल सकता है। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में चौथा टेस्ट 23 जुलाई को दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा। इंग्लैंड ने पहला और तीसरा टेस्ट जीतकर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। भारत ने दूसरा मुकाबला जीता था।





### टॉप ऑर्डर में करुण नायर की जगह तय नहीं

यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ही चौथे टेस्ट में भी ओपनिंग करते नजर आएंगे। राहुल सीरीज में 2 सेंचुरी लगा चुके हैं, उन्होंने लॉर्ड्स में भी शतक लगाया था। वहीं यशस्वी के नाम भी सीरीज में एक सेंचुरी है। हालांकि, नंबर-3 पोजिशन पर खेलने वाले करुण नायर बाहर हो सकते हैं। नायर सीरीज की 6 पारियों में एक फिफ्टी तक नहीं लगा सके। उनका बेस्ट स्कोर 40 रन है। ऐसे में टीम मैनेजमेंट को फैसला लेना है कि उन्हें एक और मौका दिया जाए या नहीं। अगर करुण को बाहर किया गया तो साई सुदर्शन या ध्रुव जुरेल को मौका मिल सकता है। सुदर्शन ने पहला टेस्ट खेला था, लेकिन बाकी 2 मुकाबलों में उन्हें बाहर बैठाया गया।




### मिडिल ऑर्डर में जुरेल की वापसी संभव

ऋषभ पंत लॉर्ड्स टेस्ट में विकेटकीपिंग करने के दौरान इंजर्ड हो गए थे। ऐसे में वे चौथे टेस्ट में विकेटकीपर की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। कप्तान शुभमन गिल नंबर-4 और पंत नंबर-5 पर बैटिंग करते हैं। नंबर-6 पोजिशन पर पिछले मुकाबले में रवींद्र जडेजा को मौका मिला था। हालांकि, पंत अगर विकेटकीपिंग नहीं कर सके तो ध्रुव जुरेल को बतौर विकेटकीपर प्लेइंग-11 में मौका देना पड़ सकता है। अगर उन्हें खिलाया गया तो नायर को बाहर बैठाया जा सकता है। इस कंडीशन में नंबर-3 पर वॉशिंगटन सुंदर या जुरेल में से किसी एक को मौका मिलेगा।




### नीतीश कुमार रेड्डी की जगह कौन खेलेगा?

नीतीश कुमार रेड्डी ने लॉर्ड्स टेस्ट में अपनी बॉलिंग से प्रभावित किया था। उनकी ऑलराउंड स्किल को देखते हुए उन्हें चौथे टेस्ट में भी मौका जरूर मिलता। हालांकि, वे घुटने में इंजरी के कारण बाहर हो गए। उनकी जगह अब ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर या स्पिनर कुलदीप यादव में से किसी एक को मौका मिल सकता है। शार्दूल ने सीरीज का पहला मुकाबला खेला था, वहीं कुलदीप अब तक एक भी मैच नहीं खेल सके। रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर के रूप में टीम के पास 2 ऑलराउंडर पहले से हैं। जडेजा सीरीज में लगातार 4 फिफ्टी लगा चुके हैं। वहीं सुंदर ने पिछले टेस्ट की दूसरी पारी में 4 विकेट लेकर इंग्लैंड को 200 रन के अंदर समेट दिया था।




### आकाशदीप की जगह प्रसिद्ध या कम्बोज

सीरीज के दूसरे टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले आकाशदीप तीसरे टेस्ट के दौरान ही इंजरी से जूझ रहे थे। प्रैक्टिस के दौरान उनकी चोट बढ़ गई, जिस कारण वे सीरीज से लगभग बाहर हो गए। उनकी जगह अब टीम में प्रसिद्ध कृष्णा या अंशुल कम्बोज को मौका मिल सकता है। प्रसिद्ध ने सीरीज में 2 टेस्ट खेले, वहीं कम्बोज अब तक डेब्यू नहीं कर सके। आकाशदीप की जगह जिस भी खिलाड़ी को मौका मिलेगा, उसे बॉलिंग डिपार्टमेंट में मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह का साथ मिलेगा। सिराज ने सीरीज के तीनों टेस्ट खेले, वहीं बुमराह अगर चौथा मुकाबला खेले तो यह सीरीज में उनका तीसरा टेस्ट होगा।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रायन के साथ 5 साल का अनुबंध किया

**लंदन (आईएएनएस)**



मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रेंटफोर्ड के फॉरवर्ड ब्रायन म्ब्यूमो के साथ जून 2030 तक के लिए अनुबंध किया है। यह अनुबंध 65 मिलियन पाउंड (करीब 88 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में हुआ, जिसमें एक साल के विस्तार का विकल्प भी शामिल है। कैमरून के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी म्ब्यूमो इस समर ट्रांसफर विंडो में यूनाइटेड की ओर से साइन किए गए तीसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले क्लब ने स्ट्राइकर मैथियस कुन्हा और डिफेंडर डिएगो लियोन को टीम में शामिल किया था। म्ब्यूमो ने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा, "जैसे ही मुझे पता चला कि मैनचेस्टर यूनाइटेड में शामिल होने का मौका है, मैंने अपने सपनों के क्लब के में शामिल होने का फैसला किया।

> मेरी हमेशा यही सोच होती है कि मैं कल से बेहतर बनूं। पता है कि मुझमें वह जज्बा है, जिससे मैं यहां एक नया स्तर हासिल कर सकता हूं।

मैं बचपन में इस टीम की जर्सी पहनता था। उन्होंने आगे कहा, "मेरी हमेशा यही सोच होती है कि मैं कल से बेहतर बनूं। पता है कि मुझमें वह जज्बा है, जिससे मैं यहां एक नया स्तर हासिल कर सकता हूं। सभी ने मुझे यहां बन रहे माहौल और भविष्य के लिए रोमांचक योजनाओं के बारे में बताया। यह शानदार स्टेडियम और जबरदस्त फैंस के साथ एक बड़ा क्लब है। हम सभी सबसे बड़े खिताबों के लिए चुनौती पेश करने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। म्ब्यूमो गुरुवार से शुरू हो रहे मैनचेस्टर यूनाइटेड के अमेरिका दौरे का हिस्सा हो सकते हैं, जो प्री-सीजन के तहत आयोजित किया जा रहा है।

### रवि शास्त्री को यकीन

## सही मायने में ऑलराउंडर साबित हो सकते हैं वाशिंगटन सुंदर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारत के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने तीसरे टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के बाद वाशिंगटन सुंदर का समर्थन किया है। उन्होंने इस युवा खिलाड़ी की हरफनमौला क्षमताओं को सराहा है। शास्त्री के अनुसार सुंदर सही मायने में ऑलराउंडर बनने की क्षमता रखते हैं। वाशिंगटन सुंदर ने साल 2021 में गाबा में अपना टेस्ट डेब्यू किया था, जिसमें भारत ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की, लेकिन इसके बाद उन्हें टेस्ट फॉर्मेट में सीमित मौके मिले। उस समय रवि शास्त्री टीम इंडिया के हेड कोच थे। सुंदर ने अब तक केवल 11 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान 30 विकेट लेने के अलावा चार अर्धशतकों के साथ 545 रन बनाए। सुंदर इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में अब तक अपनी चार पारियों में 42, 12*, 23 और 0 रन बनाने के अलावा 5 विकेट भी ले चुके हैं। रवि शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा, "मुझे हमेशा से वाशिंगटन पसंद रहे हैं। मैंने जब सुंदर को पहली बार देखा, तो कहा कि वह कमाल के खिलाड़ी हैं। वह कई सालों तक भारत के लिए सही मायने में ऑलराउंडर बन सकते हैं। साल 2024 में वाशिंगटन सुंदर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चार पारियों में 16 विकेट अपने नाम किए थे। वह सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से नंबर-1 गेंदबाज थे। शास्त्री ने इस सीरीज को याद करते हुए कहा, "सुंदर अभी सिर्फ 25 साल के हैं।

## वो इकलौता बल्लेबाज, जिसके नाम मैनचेस्टर में तिहरा शतक

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत और इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर टेस्ट सीरीज का चौथा मैच खेला जाना है। टेस्ट इतिहास में बॉब सिंपसन ही इकलौते ऐसे बल्लेबाज हैं, जिनके नाम इस मैदान पर तिहरा शतक लगाने का रिकॉर्ड है। आइए, इस मुकाबले में बारे में विस्तार से जानते हैं। 23-28 जुलाई 1964 को यह मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला गया था, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बॉब सिंपसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। बॉब सिंपसन, बिल लॉरी के साथ ऑस्ट्रेलियाई पारी की शुरुआत करने मैदान पर उतरे।



दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 201 रन की साझेदारी की। बिल लॉरी 313 गेंदों में 106 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, सिंपसन दूसरे छोर पर खूंटा जमाए रहे। बॉब सिंपसन ने ब्रायन बूथ (98) के साथ पांचवें विकेट के लिए 219 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 600 के पार पहुंचा दिया। सिंपसन ने 743 गेंदों का सामना करते हुए 311 रन की पारी खेली।



## वीनस विलियम्स ने 16 महीने के अंतराल के बाद जीता पहला पेशेवर मैच

**वॉशिंगटन (आईएएनएस)**

सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स ने 16 महीनों के लंबे अंतराल के बाद अपना पहला पेशेवर टेनिस मैच जीत लिया है। विलियम्स ने हैली बैप्टिस्ट के साथ जोड़ी बनाते हुए 'डीसी ओपन' के पहले दौर में डबल्स वाइल्ड कार्ड जोड़ी यूजिनी बूचार्ड और क्लरवी नगुनुए को शिकस्त दी। यह एक बड़ा उलटफेर था। 3-1 से पिछड़ने और ब्रेक प्वाइंट का सामना करने के बाद, वीनस और बैप्टिस्ट ने वापसी करते हुए आखिरी 12 में से 11 गेम जीते। साल 2022 में पहले दौर में हार के बाद, यह डीसी टूर्नामेंट में वीनस की दूसरी उपस्थिति है। 45 वर्षीय पूर्व विश्व नंबर-1 वीनस विलियम्स ने इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड एंट्री ली थी। उन्होंने मार्च 2024 के मियामी ओपन के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला था। उनकी पिछली जीत अगस्त 2023 में 'सिनसिनाटी ओपन' में आई थी।

वीनस ने 'स्काई स्पोर्ट्स' से कहा, "कोर्ट पर वापसी प्रेरणादायक थी। मुझे अब भी यह खेल बेहद पसंद है। मैं अब भी दमदार शॉट्स लगा रही हूं। मुझे पहले ही प्वाइंट से लग गया था कि हम एक अच्छी टीम हैं। हमें वर्षों पहले ही यह जोड़ी बना लेनी चाहिए थी। वर्तमान में वीनस की कोई आधिकारिक रैंकिंग नहीं है। उन्होंने अपनी बहन सेरेना विलियम्स के साथ मिलकर महिला डबल्स में 14 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं।

### दिल्ली प्रीमियर लीग

## 2 अगस्त से पुरुषों के मुकाबले, 17 अगस्त से मैदान पर उतरेंगी महिलाएं

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सीजन में पुरुषों का टूर्नामेंट 2 अगस्त से शुरू होगा, जबकि महिलाओं का टूर्नामेंट 17 अगस्त से खेला जाएगा। डीपीएल के दूसरे सीजन में आठ पुरुष और चार महिला टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं।

इस टूर्नामेंट की शुरुआत उद्घाटन समारोह के साथ होगी। इसके बाद पुरुषों का पहला मैच खेला जाएगा। फाइनल 31 अगस्त को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित होगा। खराब मौसम या अप्रत्याशित परिस्थितियों की स्थिति में, पुरुषों के फाइनल के लिए 1 सितंबर को एक 'रिजर्व-डे' के तौर पर रखा गया है। दिल्ली प्रीमियर लीग (पुरुष) ने अपनी आठ टीमों को चार-चार के दो ग्रुप में बांटा है। ग्रुप-ए में आउटर दिल्ली वॉरियर्स, सेंट्रल दिल्ली किंग्स, न्यू दिल्ली टाइगर्स और नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स शामिल हैं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## एआई और टेक्नोलॉजी के बाद भी वर्कफोर्स की जरूरत हमेशा बनी रहेगी : मनसुख

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को मानवीय कौशल और तकनीकी क्षमताओं के बीच पूरक संबंध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एआई और टेक्नोलॉजी के उद्भव के बाद भी वर्कफोर्स या मानवशक्ति की आवश्यकता हमेशा बनी रहेगी, क्योंकि टेक्नोलॉजी का संचालन केवल मनुष्यों द्वारा ही किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री मांडविया ने नई दिल्ली में आयोजित तीसरे ग्लोबल इंडस्ट्रियल रिलेशन्स समिट में कहा कि उद्योगों को समय के साथ बदलाव लाने और नए विकास को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार आर्थिक विकास के साथ-साथ नए रोजगार सृजन सुनिश्चित करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपना रही है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल पर लिखा, "तीसरे ग्लोबल इंडस्ट्रियल रिलेशन्स समिट का उद्घाटन किया, जो 'काम के भविष्य को आकार देना' विषय पर एक सामयिक संवाद था। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि समिट में एक मजबूत त्रिपक्षीय संस्कृति को बढ़ावा देने के बारे में बात



की, जहां सरकार, नियोक्ता और कर्मचारी मिलकर एक न्यायसंगत, समावेशी और फ्यूचर रेडी वर्कफोर्स के लिए समाधान तैयार करें। केंद्रीय मंत्री ने पोस्ट में कहा कि भारत एक ऐसे वर्कफोर्स का निर्माण कर रहा है जो कुशल, संरक्षित और उत्पादक है। उद्योग जगत के नेताओं और नीति निर्माताओं की सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजी, जनशक्ति या वर्कफोर्स का स्थान नहीं ले सकतीं। टेक्नोलॉजी या एआई के कारण वर्कफोर्स या नौकरियों को कोई खतरा नहीं है। नई रोजगार-आधारित प्रोत्साहन योजना पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने नए रोजगार सुनिश्चित करने के लिए यह योजना शुरू की है। उन्होंने आगे कहा, "यह एक दीर्घकालिक योजना है और भारत को वैश्विक मानकों को पूरा करने के लिए अपने स्वयं के मानक स्थापित करने होंगे। इस महीने की शुरुआत में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर विशेष जोर देते हुए सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को मंजूरी दी थी।

**एआई और टेक्नोलॉजी से नौकरियों को नहीं है खतरा**

- केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि तकनीक या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से वर्कफोर्स को कोई खतरा नहीं है।
- तकनीक रोजगार खत्म नहीं करती, बल्कि नए अवसर खोलती है।

**नई रोजगार-प्रोत्साहन योजना की शुरुआत**

- सरकार ने रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए नई योजना शुरू की।
- यह योजना रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करेगी।

## सेंसेक्स सपाट बंद, मिडकैप और स्मॉलकैप में हुई बिकवाली

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार का कारोबारी सत्र उतार-चढ़ाव वाला रहा। लार्जकैप करीब सपाट बंद हुए, जबकि मिडकैप और स्मॉलकैप में बिकवाली देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 13.53 अंक या 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,186.81 और निफ्टी 29.90 अंक या 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,060.90 पर था। मिडकैप और स्मॉलकैप में बड़ी बिकवाली हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 364.95 अंक या 0.61 प्रतिशत की बिकवाली के साथ 59,103.40 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 64.95 अंक या 0.34 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,893.35 पर बंद हुआ। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा,एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। फाइनेंशियल सर्विसेज और कंजप्शन इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में इटरनल (जोमैटो), टाइटन, बीईएल, मारुति सुजुकी, एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा और टीसीएस टॉप गेनर्स थे। टाटा मोटर्स, एसबीआई, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी, आईटीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप लूजर्स थे।

## बीते 4 वित्त वर्ष में देश में मोबाइल प्रोडक्शन 146 प्रतिशत बढ़कर 5.25 लाख करोड़ रुपए हुआ : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत में मोबाइल प्रोडक्शन वित्त वर्ष 2020-21 के 2,13,773 करोड़ रुपए से लगभग 146 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 5,25,000 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। यह जानकारी सरकार द्वारा मंगलवार को दी गई। इसी अवधि के दौरान, मोबाइल फोन का निर्यात लगभग 775 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 2,00,000 करोड़ रुपए पहुंच गया है, जो कि वित्त वर्ष 2020-21 में 22,870 करोड़ रुपए था। वाणिज्य एवं उद्योग



मंत्री पीयूष गोयल ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकार की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) और राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा जैसी योजनाओं ने घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहित किया है, जिससे उत्पादन में वृद्धि हुई है। साथ ही रोजगार सृजन और निर्यात में भी इजाफा देखने को मिला है। पीएलआई योजना ने प्रमुख स्मार्टफोन कंपनियों को अपना उत्पादन अन्य देशों से भारत में शिफ्ट करने के लिए आकर्षित किया है। इसके परिणामस्वरूप, भारत एक प्रमुख मोबाइल फोन निर्माता देश बन गया है। पीएलआई योजना के कारण, फार्मा क्षेत्र में कच्चे माल के आयात में भी बड़ी कमी आई है। पेनिसिलिन-जी सहित यूनिक इंटरमीडिएट मटेरियल और थोक दवाओं का निर्माण भारत में किया जा रहा है और चिकित्सा उपकरणों (सीटी स्कैन, एमआरआई आदि) के निर्माण में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर हुआ है।

## पिछले तीन वर्षों में भारत का सूती वस्त्र निर्यात 35.6 अरब डॉलर रहा : गिरिराज सिंह

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को संसद को बताया कि पिछले तीन वर्षों में भारत का सूती वस्त्रों का कुल निर्यात 35.642 अरब डॉलर को पार कर गया है, जिसमें सूती धागा, सूती कपड़े, मेड-अप, अन्य कपड़ा धागा, फैब्रिक मेड-अप और कच्चा कपास शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विजन 2030 के अनुरूप कपास की उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने, इनोवेशन को बढ़ावा देने और संपूर्ण कपड़ा मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने के लिए, वित्त मंत्री ने 2025-26 के बजट में पांच वर्षीय 'कपास उत्पादकता मिशन' की घोषणा की थी। कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई) इस मिशन के कार्यान्वयन के लिए नोडल विभाग है।